RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 317
फरीदाबाद, बुधवार, 28 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



वॉर्नर के शतक से ऑस्ट्रेलिया को मिली बड़ी बढ़त

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,927 | ▲ | 361.01 |
| निफ्टी | 18,132 | ▲ | 117.70 |
| सोना | 55,074 | ▲ | 173 /10 gm |
| चांदी | 70,205 | ▲ | 926 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $21.00^0C$
न्यूनतम $11.00^0C$

## क्विक न्यूज

### नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद कार दुर्घटना में घायल



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी मंगलवार को मैसूरु में एक कार दुर्घटना में घायल हो गए। वे अपने परिवार के साथ बांदीपुर जा रहे थे। हादसा मंगलवार दोपहर करीब दो बजे हुआ। वे जिस मर्सिडीज कार में सवार थे, वह एक डिवाइडर से टकरा गई। उनके साथ पत्नी, बेटा, बहू और पोता भी थे। दुर्घटना से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पोते को पैर में फ्रेक्चर हुआ है। बाकी सभी को मामूली चोटें आई हैं। सभी को इलाज के लिए मैसूरु के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यूपी में बिना ओबीसी आरक्षण के होगा निकाय चुनाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव होगा। इसको लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक ट्रिपल टेस्ट न हो, तब तक ओबीसी आरक्षण नहीं होगा, सरकार बिना आरक्षण के चुनाव करवाए। हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच ने मंगलवार को 70 पेजों का फैसला सुनाया। ओबीसी के लिए आरक्षित अब सभी सीटें जनरल मानी जाएंगी। हाईकोर्ट ने तत्काल निकाय चुनाव कराने का निर्देश भी दिया है।

### फार्मा कंपनी की लैब में भीषण आग, चार की मौत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में परवाड़ा लौरस फार्मा लैब्स लिमिटेड कंपनी में अचानक आग लग गई। हादसे में चार श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि हादसा रख-रखाव के काम के दौरान हुआ। घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में पांच ड्रग पेडलर्स गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू, राजौरी और सांबा जिले में सोमवार को अलग-अलग जगहों से पांच ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक लाख रुपये और 310 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इनकी पहचान वनित स्याल, विशाल शर्मा, सोरब कुमार, मोहम्मद शरीफ और साजिद हुसैन के नाम से हुई है। सभी पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, आगे की जांच जारी है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 6.4 किलो सोना पकड़ा

**मुंबई।** सीआइएसएफ ने मुंबई एयरपोर्ट पर 6.4 किलोग्राम सोना (पेस्ट के रूप में) पकड़ा है। सोने को साहुल हमीद नाम का भारतीय तस्कर लाया है। सोने की कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये है। पूछताछ के दौरान उसने पाउच में पेस्ट के रूप में सोना होने की बात स्वीकार की। सीआइएसएफ ने बताया कि साहुल को आगे की कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंपा गया।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

### हरियाणा विधानसभा में सीएम मनोहरलाल और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा आमने-सामने हुए

# सब कुछ पोर्टल पर तो मंत्रियों की क्या जरूरत : हुड्डा

# भ्रष्टाचारी खत्म हो रहे, इनके पेट में दर्द हो रहा : खट्टर





**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सीएम मनोहर लाल और पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा आमने-सामने हो गए। हुड्डा ने तंज कसा कि सब कुछ पोर्टल पर चल रहा है तो सरकार व मंत्रियों की क्या जरूरत है? सीएम मनोहर लाल ने इस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार पोर्टल पर चल रही है। इन्हें दर्द इसलिए हो रहा है कि क्योंकि जो उन्होंने भ्रष्टाचारियों की बड़ी फौज खड़ी की थी। वह अब धीरे-धीरे खत्म हो रही है। सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और पोर्टल जारी करेगी।

कौशल रोजगार निगम में भर्ती प्रक्रिया पर चर्चा के दौरान सीएम मनोहर लाल और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमने-सामने हो गए। सीएम ने हुड्डा से कहा कि गलत बात हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हुड्डा ने कहा कि मेरे अनुभवों से क्यों नहीं सीखते। इस पर सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि आइना देखो फिर कोई बात कहो। हुड्डा ने कहा कि हम हरियाणा के युवाओं के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। सीएम ने कहा कि क्राइटेरिया के दौरान अंक तय करेंगे, ताकि अपने-अपने घर बैठे अपने मार्क्स गिन लें।

समय-समय पर बदलाव होता रहता है। किस विभाग में कितनी पोस्टें चाहिए। अब दो बदलाव बता रहा हूं। एक तकनीक युग आ गया है। अच्छी सरकार की व्यवस्था बनानी हैं तो हमें तकनीक को स्वीकारना होगा। हम एक रेसिलाइजेशन कमीशन बना रहे हैं। वह यह काम करेगा कि किसी विभाग में कितनी पोस्टें हैं, वह बताएगा। जहां पोस्टें ज्यादा होंगी वहां कम की जाएंगी। सीएम ने चैलेंज किया कि कौशल रोजगार निगम में भाई-भतीजावाद से नौकरी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि सदन के 90 विधायकों चाहे वह सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के किसी के रिश्तेदार को नौकरी नहीं दी गई है। इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के तर्क से सहमत नहीं हैं। वह और अन्य कांग्रेसी विधायकों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

प्रश्नकाल के दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बीपीएल परिवारों को लेकर हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा किया। हालांकि इस बीच दुष्यंत चौटाला टूटी सड़कों को लेकर घिर गए। एक विधायक ने कहा कि टूटी सड़कें नहीं बनाई जा रहीं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कुछ सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में हैं। बाकी के टेंडर लग रहे हैं।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि जो सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में हैं, उन्हें तो तुरंत ठीक कर सकते हैं। उसके लिए टेंडर की भी जरूरत नहीं। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि इनकी लिस्ट दे दें तो तुरंत काम करा दिया जाएगा। वहीं शून्यकाल के दौरान नए सरपंचों को काम कराने के वित्तीय अधिकार घटाने को लेकर भी मुद्दा गूंजा।

### एससी वर्ग के 11218 बच्चों को नहीं मिली स्कॉलरशिप

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अनुसूचित जाति वर्ग के 11218 बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिली है। इसका खुलासा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हुआ। कांग्रेस विधायक किरण चौधरी के सवाल पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के 83834 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर दी गई है। इनके अतिरिक्त, शेष बचे 11218 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान उनके निजी कारणों से अभी तक नहीं हो पाया है। याद रहे कुछ दिन पूर्व विपक्षी पार्टी कांग्रेस के एक नेता ने हरियाणा पर मोटा कर्जा होने के हवाला देते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा था।

# कोरोना की तीनों डोज ले चुके लोगों को पॉलिसी रिन्यूवल पर छूट दें : आइआरडीएआइ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना के खतरे के बीच इंश्योरेंस रेगुलेटर आइआरडीएआइ ने बीमा कंपनियों से कहा है कि वे भारत में कोरोना की तीनों डोज ले चुके लोगों को नॉर्मल और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के रिन्यूवल पर छूट देने पर विचार करें। आइआरडीएआइ ने इंश्योरेंस कंपनियों से जल्द से जल्द कोविड से संबंधित क्लेम का पेमेंट करने और डाक्यूमेंटेशन को कम करने को भी कहा है।

बता दें, पिछले हफ्ते कोविड-19 के बारे में जागरुकता पैदा करने को लेकर आइआरडीएआइ ने इंश्योरेंस कंपनियों के साथ मीटिंग की थी। मीटिंग के दौरान कंपनियों ने इस बात पर जोर दिया था कि बीमाकर्ताओं को अपने वेलनेस नेटवर्क के माध्यम से आरटी-पीसीआर टेस्टिंग करवाने पर पॉलिसी होल्डर्स को इंसेंटिव देना चाहिए। उधर, कोरोना से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर मंगलवार को देशभर के कोविड हेल्थ सेंटर्स में मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान कई जगह कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां अधूरी मिलीं तो कई जगह तैयारियां ही नहीं की गईं। राजस्थान के अजमेर स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट बंद मिला, जिसे जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। वहीं दूसरी तरफ, भोपाल के जिला अस्पताल में मॉकड्रिल के दौरान ऑक्सीजन प्लांट में डेढ़ महीने से बिजली बंद होने की बात सामने आई है।

### सरकारी अस्पतालों में नेजल वेक्सीन 325 रुपये की मिलेगी



मनसुख मांडविया ने मॉक ड्रिल के दौरान कहा कि मोदी ने हमसे कोरोना से सावधान रहने के लिए कहा है। मांडविया के इस बयान पर कांग्रेसियों ने कहा, मोदी नहीं कहते तो मांडविया कोरोना से सावधान रहने की सोचते तक नहीं या देश बिना सोचे चलते रहता। हालांकि बाद में मांडविया ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है। देशभर में कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जा रही है, ताकि हम व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर सकें।

नेजल वैक्सीन कोविन ऐप के जरिए उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की ओर से इसके दाम निजी अस्पतालों में 800 रुपये तय किए गए हैं। वहीं, सरकारी अस्पतालों में यह 325 रुपये में मिलेगी। डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक दिल्ली एयरपोर्ट पर स्कूली शिक्षकों को कोविड ड्यूटी पर तैनात करने के अपने आदेश को वापस ले लिया है। मैनेजमेंट का कहना है कि जरूरत पड़ने पर हवाई अड्डे पर सिविल डिफेंस स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

# प्रदेश में रविंद्र बलियाला बने एससी आयोग के चेयरमैन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में एससी आयोग का गठन हो गया है। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पूर्व विधायक रविंद्र बलियाला को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा विजय बधबुजर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा आयोग में तीन सदस्यों को भी नियुक्त किया गया है।

आयोग में रवि तारांवाली, मीना नरवाल और रतन लाल बामनिया आयोग के सदस्य नियुक्त किए गए हैं। गजट नोटिफिकेशन वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट एंड बैकवर्ड कास्ट डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी की तरफ से जारी किया गया है। सेवानिवृत्त जस्टिस एचएस भल्ला को गुरुद्वारा निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह विभाग ने नियुक्तियों की अधिसूचना जारी कर दी है।

### विजय बधबुजर को मिली उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

### धर्मांतरण से जुड़े कानूनों के खिलाफ दो जनवरी को सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने वाले राज्यों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट दो जनवरी को सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ अधिवक्ता विशाल ठाकरे और एनजीओ 'सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस' की जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसे उसने पिछले साल याचिकाओं में पक्ष बनने की अनुमति दी थी।

# कमरे में दम घुटने से तीन की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के झज्जर के बहादुरगढ़ में धूएं से दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों सर्दी से बचने के लिए कमरे में आग जलाकर सोए थे। नींद की मुद्रा में ही उनके शव बरामद हुए। मृतकों में दो उत्तराखंड के ओर एक पश्चिम बंगाल का है। वे एक टायर फैक्ट्री में काम करते थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा।

तीनों शख्स बहादुरगढ़ के एचएसआईडीसी सेक्टर 16 स्थित योकोहमा टायर कंपनी में काम करते थे। सूचना सेक्टर-6 थाना पुलिस के अलावा अपने कंपनी के सीनियर अधिकारियों को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल से कुंडी को खोल कर देखा तो तीनों के मुंह से खाना निकल रहा था। पास में ही अलाव की राख मिली है।

# इनेलो कांग्रेस की तरह चुनाव कराकर चुनेगी पदाधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में इंडियन नेशनल लोकदल कांग्रेस की राह पर चल पड़ी है। इनेलो अपने कम होते जनाधार को बढ़ाने के लिए अब अपने संगठन के पदाधिकारियों का चयन चुनाव के माध्यम से करेगी। अभी तक कांग्रेस में ही यूथ पदाधिकारियों का चयन चुनाव से किया जाता है।

प्रदेश में इंडियन नेशनल लोकदल के पास केवल एक ही सीट है। इनेलो से जजपा के अलग होने के बाद पार्टी का जनाधार कम हो गया। आदमपुर उप चुनाव में पार्टी को सबसे कम वोट मिले थे। अलग-अलग पदों के लिए पार्टी ने सभी युवाओं से अपना बायोडाटा बनाकर पूरे विवरण सहित 31 दिसंबर 2022 तक इनेलो प्रदेश कार्यालय की ई मेल आईडी पर भेजने के लिए कहा है।

### 31 दिसंबर तक पार्टी ऑफिस में मंगाए बायोडाटा

### दिल्ली मेयर के लिए भाजपा ने रेखा गुप्ता को उतारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर पद के लिए भाजपा ने रेखा गुप्ता का नाम तय किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। आप ने पहले ही मेयर के लिए शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर के लिए आले मोहम्मद इकबाल के नाम तय कर दिए थे। इधर, मेयर चुनाव से पहले निर्दलीय पार्षद गजेंद्र दराल सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। वे मुंडका से चुनाव जीते थे। दिल्ली नगर निगम के मेयर के लिए चुनाव छह जनवरी को होना है। 250 सीटों के एमसीडी चुनाव में आप ने बहुमत हासिल किया था। आप को 134 और भाजपा को 104 सीटें मिली थीं।

### चंदा कोचर और उनके पति को अंतरिम राहत देने से इनकार किया

**मुंबई।** आइसीआइसीआइ बैंक की पूर्व सीइओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। दोनों ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। वेकेशन कोर्ट ने कहा कि वो इस मामले में दखल नहीं देगा। अवकाश खत्म होने के बाद रेग्युलर बेंच में याचिका लगाएं। चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को पांच दिन पहले ही सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था। ये गिरफ्तारी वीडियोकॉन ग्रुप को रेगुलेशन के खिलाफ जाकर दिए गए करोड़ों रुपये के लोन के मामले में ये गिरफ्तारी हुई थी। मामला मीडिया में तेजी से वायरल भी हुआ था।

# केएमपी एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराई कार, दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**कुंडली** मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह के समय घने कोहरे में कार मार्ग पर सामने खड़े एक ट्रक से टकरा गई थी। सभी दोस्त लुधियाना से जयपुर घूमने के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह घना कोहरा होने के कारण रास्ता भटकते हुए तावडू थाना सीमा में पहुंच गए।

पंजाब लुधियाना के रहने वाले नौ युवक दो गाड़ियों में सवार होकर जयपुर घूमने निकले थे। सुबह वह जयपुर-दिल्ली जयपुर हाइवे का रास्ता भटक कर केएमपी मार्ग से तावडू सीमा में आ गए। वे मानेसर की ओर जा रहे थे। सुबह छह बजे के करीब उनकी कार गांव कलवाड़ी की सीमा में ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

इसमें सवार लुधियाना निवासी शांकेय और अनिकेत की मौत हो गई, दो अन्य विक्रम कक्कड़ और आकाश कपूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी थी।

# हाड़तोड़ ठंड शुरू : शीतलहर की चपेट में आया हरियाणा-एनसीआर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** के ज्यादातर हिस्सों में सर्दी बढ़ रही है। हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब और चंडीगढ़ के कई इलाकों में अगले दो दिन कोल्ड-डे या सीवियर कोल्ड-डे होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, इन राज्यों के कई हिस्सों में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक सीजन के सबसे सर्द दिन हो सकते हैं। यहां पारा माइनस में पहुंच सकता है। विभाग विभाग में मंगलवार को भी कोल्ड डे के रूप में रिकॉर्ड किया गया है।

दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में रात का तापमान एक से चार डिग्री के बीच रहेगा। उधर, मध्य प्रदेश में 27 और 28 दिसंबर को बहुत ज्यादा ठंड होगी, लेकिन उसके बाद मौसम सामान्य होने की संभावना है। इधर, घने कोहरे के कारण पश्चिम बंगाल के बागडोरा एयरपोर्ट से विस्तारा, इंडिगो और स्पाइसजेट की तीन फ्लाइट कैंसल कर दी गई हैं, जबकि कई अन्य देरी से चल रही हैं। बागडोरा एयरपोर्ट के डायरेक्टर मोहम्मद अली ने बताया कि यात्रियों के लिए जरूरी अरेंजमेंट कराए जा रहे हैं।

बता दें, अगर किसी भी जगह का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो और अधिकतम तापमान 4.5 से लेकर 6.4 डिग्री तक कम हो जाए तो उस दिन को कोल्ड डे कहते हैं। मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो दिन शीतलहर चलेगी। पहाड़ों से आई बर्फीली हवा और उत्तरी इलाके से आई सर्द हवा के कारण शहर में ठंड और बढ़ गई। शाम ढलने के बाद हरियाणा, दिल्ली एनसीआर में नए साल में पहले या दूसरे दिन कोहरा भी छाने के आसार हैं। कुछ हिस्से शीत लहर की चपेट में हैं। कोल्ड-डे कंडिशन बनने के साथ पारा माइनस में चला गया है। सर्दी के ये तेवर अगले 24 घंटे तक रहेंगे।

याद रहे, इस बार सर्दियों ने दस्तक देने में कुछ देर कर दी है। यूं तो दिसंबर के पहले हफ्ते में ही देश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे आ जाता है। लेकिन इस बार दिसंबर के 26 दिनों में 16 बड़े शहरों का औसत न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 25 डिग्री दर्ज किया गया था। इसकी पहली वजह पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ना है। दूसरी, एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। पूरे देश में जो मानसून 15 अक्टूबर तक चला जाता था, इस बार 23 अक्टूबर को गया। तीसरी वजह, ला-नीना का असर है। इससे औसत से भी कम बारिश हुई और औसत से ज्यादा तापमान रहा। 15 दिसंबर तक हरियाणा में सूखा और गर्म मौसम बना रहा। सर्दियां खिसकने से सबसे ज्यादा असर रबी की फसलों पर पड़ता है।

### प्रदेश समेत दिल्ली एनसीआर में पारा सात डिग्री पहुंचा

### 31 दिसंबर से माइनस में जा सकता है पारा



# जिम्मेदार कौन : कोहरे में जानलेवा साबित हो सकते हैं सड़कों के किलर प्वॉइंट

## जिम्मेदारी तय न होने से संबंधित विभागों द्वारा बरती जा रही है लापरवाही

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय में बैठकर सिर्फ कागजी काम ही किए जाते हैं। इसी वजह से उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याओं का पता नहीं होता। इसी वजह से बरसात और कोहरा शहर के लिए खतरनाक साबित होता है। सर्दी बढ़ने के साथ शहर में सुबह और रात के समय घना कोहरा भी नजर आने लगा है। इसके बावजूद नगर निगम और एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की अंदरूनी सड़कों पर बने खतरनाक किलर प्वॉइंट से खामियां दूर करने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किए। शहर की अंदरूनी सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसे कई खतरनाक प्वॉइंट हैं, जहां घना कोहरा छाने पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आम दिनों में भी शहर की सड़कों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में वाहन चालकों को खुद ही बेहद सम्भल कर चलने की जरूरत होगी। ऐसे नहीं है कि राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की अंदरूनी सड़कों पर खामियां हाल में नजर आनी शुरू हुई हैं। सड़कों पर मौजूद कई खामियां तो वर्षों पुरानी हैं, लेकिन निगम और अन्य संबंधित विभागों ने इन्हें दूर करने का प्रयास नहीं किया। लगता है कि उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है।


सैनिक कॉलोनी रोड पर डिवाइडर के ग्रिल दे रहे हादसों को न्योता।


सेक्टर 25 की अधूरी रोड पर कोहरे में हो सकते हैं हादसे।

### सड़क हादसों के हैं कई कारण

**व्यस्त** समय के दौरान शहर की अंदरूनी सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग के चौराहों पर भीड़ ज्यादा होने के कारण निकला मुश्किल हो जाता है। जिससे जल्दबाजी में निकलने के चक्कर में लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है, शहर में अवैध रूप से दौड़ने वाले ऑटो और ट्रैक्टर ट्रॉलियां। इनके ज्यादातर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक मौजूद नहीं होते। इन वाहनों के कारण शहर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन वाहनों के पीछे न तो बैक लाइट जलती है और न ही रिफ्लेक्टर टेप लगी रहती है। ऐसे में कोहरा छाने पर वाहन चालकों को यह वाहन दूर से नजर नहीं आते और लोग इनसे टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में इन वाहनों की लगाम कसनी जरूरी है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर में अन्य ऐसी कई सड़कें हैं, जहां रात के समय रोशनी नहीं होती। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर गति सीमा के बोर्ड भी नहीं लगे हुए हैं। शहर के कई चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल खराब पड़े हुए हैं।

### कोहरे में जानलेवा हैं ये किलर प्वॉइंट

**शहर** की ज्यादातर व्यस्त सड़कों पर ऐसे अनेक खतरनाक प्वॉइंट हैं, जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। शहर के सबसे व्यस्त नीलम चौक पर नगर निगम द्वारा सड़क के नीचे से गुजर रहे अंडरग्राउंड नाले का मेनहॉल बीच सड़क पर करीब एक फुट ऊंचा बनाया हुआ है। इन दिनों पड़ने वाले घने कोहरे में इस मेनहॉल के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसी तरह नीलम चौक पर ही रेलवे रोड की तरफ बीच सड़क पर कई बिजली के खंबे लगे हुए हैं। इन खंबों से रात के समय पहले ही हादसे होते थे। अब कोहरे में खतरा और बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाईएमसीए चौक के नजदीक बीच सड़क पर लगे हाईटेंशन तार का पिलर भी हादसे को न्योता दे रहा है। कई साल गुजर जाने के बाद भी इसे शिफ्ट नहीं किया। इसी तरह शहर की कई सड़कों के बीच बने डिवाइडरों में लगी ग्रील टूटी हुई हैं, यह ग्रील मुड़ कर सड़क तक पहुंच गई है। इनकी वजह से कोहरे में कभी कोई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार बन सकता है।


हाइवे पर वाईएमसीए चौक के निकट सड़क पर लगा बिजली का टावर।

### सर्दी और बरसात में खतरा

**अन्य** शहरों में लोगों को आनंद लेने के लिए मौसम का इंतजार रहता है। लेकिन निगम के अधिकारियों की लापरवाही से औद्योगिक नगरी के निवासियों को सर्दी और बरसात से डर लगता है। गर्मी में शहर के लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

बरसात शुरू होने पर लोगों को गर्मी से राहत तो मिलती है। लेकिन शहर में होने वाले जलभराव की वजह से लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। शहर की सड़कों पर बने गड्ढों के कारण जलभराव में सड़क दुर्घटनाएं शुरू हो जाती है। सर्दी के मौसम में लोगों को कोहरे का डर सताने लगता है। क्योंकि शहर की सड़कों पर बने गड्ढे तो पहले से ही खतरनाक हैं, इसके साथ शहर की सड़कों पर बने अन्य किलर प्वॉइंटों के कारण कोहरे में दुर्घटना का खतरा कई गुणा ज्यादा बढ़ जाता है। नगर निगम के संबंधित अधिकारी फिल्ड में जाने की बजाए अपने कार्यालय में बैठकर सिर्फ कागजों में ही काम करते रहते हैं। जिसके कारण उन्हें अपने इलाकों की समस्याओं के बारे में पता ही नहीं चलता।

### जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि नगर निगम के संबंधित अधिकारियों की रूचि सिर्फ कागजी कामों में ही ज्यादा रहती है। जिसकी वजह से वे अपने कार्यालय से नहीं निकलते। अधिकारियों की इस लापरवाही की वजह से शहर के लोगों को हर मौसम में परेशानी झेलनी पड़ती है। हादसों की जिम्मेदारी तय न होने से अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सड़क की खामियां दूर करने में लापरवाही बरती जाती है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 21.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-11 पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में सभी विभागों की यूनियनों के पदाधिकारियों की जरूरी मीटिंग : दोपहर एक बजे
- सेक्टर-10 स्थित मानव भवन में श्री राम कथा का चौथा दिन : दोपहर 2.30 बजे
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी: सुबह 10 बजे
- वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड में निवेश शुरू करने के लिए जरूरी नहीं है कि आपको बड़ी रकम की जरूरत पड़ेगी। आप महज 100 रुपये की छोटी बचत से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। कई म्यूचुअल फंड्स स्कीम्स में महज 100 रुपये मंथली शीप निवेश किया जा सकता है। शीप में लॉन्ग टर्म का निवेश किया जाए तो, इसमें कम्पाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है। कई ऐसे फंड्स हैं, जिन्होंने मंथली निवेश से करोड़ों का फंड बना दिया। जैसेकि, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी फंड की एसआईपी (शीप) परफार्मेंस की बात की जाए तो, इसके लॉन्च के समय से 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी निवेश 17 साल में (31 जुलाई 2021 को) 1.08 करोड़ रुपये का फंड हो गया। 2004 में यह फंड लॉन्च हुआ था।

### यूटीलिटी न्यूज

#### विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे लगाए

**फरीदाबाद।** शक्ति फाउंडेशन की तरफ से फरीदाबाद के एनआईटी क्षेत्र में पौधरोपण का आयोजन किया गया। शक्ति फाउंडेशन की सीनियर अधिकारी आशु आरोड़ा ने बताया कि नीम, शीशम, अर्जुन, कदम व जामुन आदि विभिन्न प्रकार के 210 से अधिक छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि पौधों की रक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया है। जिससे पौधों की देखभाल हो सके और पेड़ बनने तक पौधों पर विशेष नजर रहेगी। सैंचुरी ओवरसीज के एचआर अधिकारी रमेश पांडेय ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए शक्ति फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण की सराहना की। शक्ति फाउंडेशन तथा सैंचुरी ओवरसीज के अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। शक्ति फाउंडेशन की सीनियर अधिकारी आशु आरोड़ा ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना ही सबसे बेहतर विकल्प है। बताया कि शहर में सड़क किनारे और खाली स्थानों पर छायादार पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने की कोशिश है।

### क्विक न्यूज

#### भाला और गोला फेंकने में जीता सिल्वर पदक

**बल्लभगढ़।** 55 साल के पूर्व सैनिक ने खेलों में भी अपना दमखम दिखाते हुए भाला और गोला फेंकने में सिल्वर पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर उनका घर पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। शहर के ऊंचा गांव निवासी बलराम गुर्जर ने 24 और 25 दिसंबर को गुड़गांव के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया था। बलराम गुर्जर ने 55 साल की उम्र में भाला फेंकने और गोला फेंकने में सिल्वर पदक जीता है। अपने घर ऊंचा गांव पहुंचने पर बलराम का लोगों ने फूलों की माला पहना कर मिठाई बांटकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर, नरेंद्र नागर, अमित राय, बंटी गुर्जर और आशीष गुर्जर आदि लोग मौजूद थे।

# जीवा में 28वें वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर**-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में 28वें वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। आयोजन में विद्यालय के लगभग सभी छात्रों ने भाग लिया, कार्यक्रम के शुभारंभ पर छात्रों ने बड़े ही सुंदर ढंग से अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सर्वप्रथम जीवा स्कूल के बैंड ग्रुप ने सभी मैनेजमेंट के सदस्यों का स्वागत किया। विद्यालय के मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को कैप पहनाया गया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रमों की शुरुआत हुई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जीवा छात्रों द्वारा बनाया गया रोबोट मैकनोयड रहा। जिसने छात्रों के साथ हाथ मिलाया एवं खिलाड़ियों को शुभकानाएं दीं। छात्रों ने स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीके बताए। उन्होंने हुलाहूप व जुंबा भी किया, इसके साथ साथ छात्रों ने विभिन्न नृत्य क्रियाओं को व्यायाम के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी सदनों के चुने गए छात्रों ने मार्चपास्ट किया, विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने के लिए शपथ भी दिलवाई।

ऋषिपाल चौहान ने ग्रांउड में दौड़ लगाकर टॉर्च वेयरर के रूप में कार्यक्रम के शुभारंभ का संदेश दिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि एवं जज के रूप में मीनाक्षी सिंह, एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर तथा नीरजा चौहान, एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट उपस्थित रही। इस अवसर पर बलून रीलिज किया गया एवं शांति संदेश देने के लिए सफेद कबूतर को भी उड़ाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान के द्वारा बास्केटबॉल कोर्ट में रिबन की कटिंग की गई एवं खेल महोत्सव को आरंभ किया गया। दोनों जजों ने प्रतिभागियों से भी बात की एवं उन्हें शुभकानाएं दीं। सभी सदन के छात्रों ने मार्चपास्ट किया एवं सामाजिक संदेश भी दिए। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि एवं जागरुकता उत्पन्न करना और स्वस्थ रहने के विषय में सिखाना है। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि आज के कार्यक्रम का फेसबुक पर लाइव टेलीकास्ट किया गया।


सेक्टर-21 स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का गुब्बारा उड़ा कर शुभारम्भ करतीं विद्यालय की उपाध्यक्ष चंद्र कला चौहान, मुक्ता सचदेवा और प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा।

जीवा स्कूल में चार सदन है, इन चार सदनों में पिछले एक सप्ताह से ही अलग-अलग चरणों में विभिन्न खेलों के मैच प्रतियोगिताएं रखी गई, जिनमें मुख्य रूप से बास्केटबॉल, टेबलटैनिस, बैडमिंटन, चैस, आर्चरी, विभिन्न प्रकार के रेस आदि शामिल थे। सभी सदनों के छात्रों ने इस दौरान अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं अपने अपने सदन की ओर से खेलते हुए सेमीफाइनल रांउड तक पहुंच गए एवं आज तथा कल अंतिम चरण का मैच खेला जाएगा और उनके परिणाम के अनुसार ही विजेता सदन घोषित किया जाएगा।

# उपायुक्त ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम ने बीती रात शहर के भिन्न-भिन्न भागों में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण कर उनमें उपलब्ध सुविधाओं को जांचा। उनके साथ रेडक्रॉस अधिकारियों की टीम के सदस्य भी थे। इस दौरान उन्होंने चार रैन बसेरों का निरीक्षण किया। खास बात यह है कि निरीक्षण के साथ-साथ शहर की सड़कों पर भी राउण्ड लगाए, ताकि सर्दी में ठिठुरते व्यक्ति के मिलने पर उसे रैन बसेरे में पहुंचाया जा सके।

उपायुक्त ने सबसे पहले ओल्ड फरीदाबाद चौक पर बने ओपन शैल्टर होम का भी निरीक्षण किया। रेडक्रॉस द्वारा ओपन शैल्टर होम में लोगों को कंबल वितरित किए गए। इसके बाद सेक्टर-16 जलघर में बने रेन बसेरे, एनआईटी-1 तिकोना पार्क और सेक्टर-14 स्थित नशा मुक्ति केंद्र में बने स्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण किया और वहां पर रुकने वाले लोगों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका भी विशेष ध्यान सभी अधिकारी रखें। रैन बसेरे में साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय भी साफ-सुथरे रहें, इस ओर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 को देखते हुए सभी रैन बसेरों में आने वाले लोगों के लिये सेनेटाइजर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।


रैन बसेरे का निरीक्षण करते डीसी विक्रम सिंह।

सर्दी के मौसम को देखते हुए रैन बसेरों में कंबल आदि की व्यवस्था भी पर्याप्त संख्या में की जाए। सभी रैन बसेरों के आस-पास बोर्ड भी लगाएं, ताकि लोगों को रैन बसेरे की जानकारी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस जिला सचिव बिजेंद्र सौरोत, द्वारका सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

# एमरल्ड सोसायटी में चाय पर स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल की ओर से एमरल्ड हाइट सोसायटी में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार, नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सभी को बुके देकर स्वागत किया।

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सर्दी के मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अस्पतालों में ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ने लगे हैं। गर्मियों में जहां इन रोगियों की संख्या काफी कम थी। अब रोजाना चार-छह रोगी पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ ही कम तापमान के कारण विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में थोड़ी सी असावधानी सेहत पर भारी पड़ सकती है। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि जैसे-जैसे ठंड गहराती जाएगी, उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों में इसका खतरा बढ़ता जाएगा। इससे किडनी पर काफी असर पड़ता है। इसलिए सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने कहा कि ठंड में घुटनों और जोड़ों में दर्द की समस्या काफी बढ़ जाती है। पुराना दर्द फिर से परेशान करने लगता है। वहीं कई बुजुर्गों के घुटने काम करना बंद कर देते हैं। आज अस्पतालों घुटनों और जोड़ों संबंधी बीमारियों का पूरा इलाज उपलब्ध है। लोग जागरुक होगा समय पर अपना इलाज कराएं।


एमरल्ड सोसायटी में एकॉर्ड अस्पताल द्वारा आयोजित चाय पर चर्चा में भाग लेते डॉक्टर और सोसायटी के सदस्य।

# साइबर क्राइम के प्रति स्कूली बच्चों को किया जागरूक

## पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को दी अहम जानकारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** बल्लभगढ़ कुशल सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए सेक्टर-8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन तथा उनकी टीम ने बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा, साइबर तथा महिला व बाल अपराध के प्रति जागरूक किया। साथ में पुलिस चौकी नंबर-3 प्रभारी उप निरीक्षक सीमा, एसआई दीपक, ट्रैफिक ताऊ, स्कूल प्रशासन की तरफ से प्रिंसिपल रचना भल्ला और अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।


पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस की पाठशाला फरीदाबाद पुलिस की एक मुहिम है जिसके अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस स्कूल, कॉलेज में जाकर छात्रों को समाज में चल रहे मुख्य मुद्दों के बारे में जागरूक करके इनसे निपटने के लिए अहम जानकारियां प्रदान करती है। इसी कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर नवीन के नेतृत्व में आज फरीदाबाद पुलिस की टीम बल्लभगढ़ में स्थित अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंची जहां स्कूल प्रिंसिपल रचना भल्ला ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर नवीन ने छात्रों को अपना परिचय दिया और इसके पश्चात उन्होंने छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी नवयुवक के लिए नशे के प्रति दो प्रकार के विचार होते हैं। पहला विचार यह कि वह नवयुवक इस प्रकार सोचता है कि यदि उसने नशे की पहली घूंट ले ली तो वह उसका आदी हो जाएगा और दूसरा यह कि थोड़ा बहुत नशा करने से कुछ नहीं होता और मैं अपने आपको संभाल सकता हूं। जो नवयुवक यह सोच रखता है कि चाहे कुछ भी हो जाए वह नशा नहीं करेगा, वह नशे के चंगुल से बचा रहता है वहीं शौकिया तौर पर नशे की शुरुआत करने वाले धीरे-धीरे नशे के जाल में फंसते जाते हैं और नशा करना इनकी आदत बन जाता है। बाद में जब वह नशा छोड़ना चाहते हैं तो चाहकर भी इसे नहीं छोड़ सकते क्योंकि उन्हें इसकी गंदी लत लग चुकी होती है। इसलिए आवश्यक है कि आप इस प्रकार की सोच रखें कि आपने नशे को अपने आसपास भी नहीं भटकने देना है तथा आप नशा करने वाले साथियों से दूरी बनाकर रखें क्योंकि जैसी आपकी संगत होती है उसका प्रभाव आपके जीवन पर अवश्य पड़ता है इसलिए ऐसे दोस्त बनाएं जो आपको नशे में पड़ने की बजाय आपको नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करें।


बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम की जानकारी देते इंस्पेक्टर नवीन।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**दया, इंसानियत, उल्फत, दुआ, करुणा, वफ़ा भारत**
**मगर अब देखते ही देखते क्या हो गया भारत**
**मिटा सौहार्द आपस का दिलों में नफरतें पनपीं**
**मेरे अमृत महोत्सव में मुबारक़ हो नया भारत**

# संस्कार भूलने वाले समाज का पतन हो जाता है

## जाट उत्थान समिति फरीदाबाद द्वारा महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर कार्यक्रम किया आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जाट** उत्थान समिति फरीदाबाद द्वारा महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सामुदायिक भवन सेक्टर 37 में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला में शिरकत की।

इस मौके पर जाट उत्थान समिति फरीदाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट डी आर चौधरी ने मुख्य अतिथि व आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, बलबीर सिंह ऐडवोकेट, कृष्ण जाखड़, श्याम सिंह, देवेन्द्र सिंह तेवतिया, रमेश चौधरी, सूरजमल, फौरन सिंह और रामरतन नरवत आदि थे।

उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि महाराजा सूरजमल प्रखर बुद्धि मान और बलशाली थे। हमें अपने इतिहास को हमेशा याद रखना चाहिए जो समाज और देश अपने इतिहास और संस्कारों को भूल जाते हैं तो उनका पतन शुरू हो जाता है देश और समाज के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले ऐसे महान पुरुषों से हमें प्रेरणा मिलती है और हमें गर्व है कि हमने ऐसे महान पुरुषों की धरती पर जन्म लिया है। इससे पूर्व श्री चौटाला सहित सभी अतिथियों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित भी किए।

संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट डीआर चौधरी ने कहा कि समारोह का मुख्य उद्देश्य जाट समाज के उत्थान के लिऐ आपसी सहयोग, बच्चों को अच्छी शिक्षा, कुरीतियों को दूर करना अन्य समाजों के साथ भाईचारा, राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना तथा देश के चहुंमुखी विकास में जाट समाज का अहम योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई।

समारोह में मुख्य रूप से आयोजक सर्व डी आर चौधरी, भोपाल सिंह, सतबीर पहलवान, बी पी दहिया, लाखन सिंह, रनबीर पूनिया, अशोक सहरावत, ललित सोलंकी, केसरी, आमोद अरविन्द और नेमीचंद आदि थे।


सेक्टर-37 के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते इनेलो सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला।

**38 पेटी अंग्रेजी सहित तस्कर गिरफ्तार :** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा अवैध नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र खत्री की टीम ने दो आरोपियों को लुब्रिकेंट ऑयल के नाम पर फरीदाबाद से बिहार में अवैध शराब सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रिंस तथा निखिल का नाम शामिल है। आरोपी निखिल फरीदाबाद की शास्त्री कॉलोनी का रहने वाला है वहीं आरोपी प्रिंस बिहार के मुजफ्फरपुर एरिया का निवासी है।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2022 को नैना सिंह पत्नी महेन्द्र सिंह, निवासी गाँव जावरा थाना माट जिला यूपी हाल किरायेदार मकान मालिक अनुप मकान न0 18-एफ गली न0 254 संजय कालोनी फरीदाबाद, बिना कुछ बताये अपनी मर्जी से कही चली गयी है। जिसका हुलिया-रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, कद करीब 5 फुट, उम्र 24 वर्ष, जिसने लाल रंग का सूट, काली रंग कलर का सलवार, सर पर टोपा, नीले रंग की स्वेटर, पैरों मे काले जूते पहने हुए है। मुकदमा नं 792 दिनांक 24.12.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर किसी को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित फोन नंबरों पर सूचित करें।

**अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही दीवान सिंह- 9911926005, पुलिस नियन्त्रण कक्ष- 100, 9999150000, प्रबंधक अफसर, थाना मुजेसर- 0129-2232610**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नदीम पुत्र हस्नू सैफी निवासी हापुड यु.पी. दिनांक 06.12.2022 को गांव गोच्छी फरीदाबाद से अपने पैतृक गांव भाटेल यु.पी. के लिए निकला जो अब तक नहीं पहुंचा है। जिसका हुलिया-रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, कद करीब 5 फुट 6 इंच, उम्र 30 वर्ष, जिसने चेक की कमीज, नीले रंग की जीन्स, पैरों मे काले स्पोर्टस सूज पहने हुए है। मुकदमा नं 765 दिनांक 11.12.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर किसी को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित फोन नंबरों पर सूचित करें।

**अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही प्रवीन- 9990023420, पुलिस नियन्त्रण कक्ष- 100, 9999150000, प्रबंधक अफसर, थाना मुजेसर- 0129-2232610**

# लूटपाट और दुर्घटनाग्रस्त असर्फी घर लौटने को हुआ मौहताज

## बिहार से यहां मजदूरी के लिए आए व्यक्ति की दर्द भरी दास्तां

**कविता।** फरीदाबाद

**बिहार** से मजदूरी करने यहां आए एक व्यक्ति से पहले कुछ बदमाशों ने फोन, पैसे, कपड़े और यहां तक कि फोन नंबर की डायरी तक लूट ली। जिसके बाद वह मजदूरी कर रात को बल्लभगढ़ बस अड्डे में सोकर किसी तरह समय काट रहा था, लेकिन किसी अज्ञात वाहन चालक ने सोते हुए व्यक्ति को रौंद डाला। बीके अस्पताल में दाखिल पीड़ित अपने घर जाने और परिजनों से सम्पर्क करने को भी मौहताज है। चलने में मौहताज इस घायल को घिसट-घिसट कर भोजन के लिए जाते देख पायनियर संवाददाता ने बातचीत की तो उसने अपनी दर्दनाक दास्तां बयां की।

बीके अस्पताल में दाखिल असर्फी मंडल ने बताया कि उसके पिता का नाम रामदेव मंडल है। वह बिहार के जमूई जिले के गांव हरला का रहने वाला है। वह राजमिस्त्री का काम करता है। करीब एक माह पहले वह फरीदाबाद में अपने गांव से काम की तलाश में आया था। यहां दिनभर मेहनत मजदूरी करने के बाद बल्लभगढ़ बस स्टैंड के निकट ही सो जाता था। गत 21 दिसंबर को अन्य दिनों की तरह रात को थककर सो गया। किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पैरों पर वाहन चढ़ा दिया और मौके से फरार हो गया।



बीके अस्पताल में पैरों में पट्टी के होने से घिसट-घिसट कर खाना खाने जाता असर्फी मंडल।

किसी ने उसे उठाकर बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल भेज दिया। लेकिन वहां उसको इलाज न मिला तो वह बीके अस्पताल में आ गया। यहां आने पर चिकित्सकों ने जांच की और उसकी ड्रेसिंग कर दी, लेकिन दोनों पैरों में पट्टी होने से अब चलने-फिरने में लाचार हो गया। ऐसे में वह बीके सिविल अस्पताल में ही रहने को मजबूर है। उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

**किया दर्द बयां :** असर्फी मंडल ने बताया कि उसके घर में उसकी पत्नी रुकमनिया देवी, बेटा पंकज मंडल, सिबल मंडल रहते हैं। उसने बताया कि जब वह यहां आया था तो उसके पास पैसे और फोन सब था, लेकिन कुछ लोगों ने उसके पैसे, कपड़े, फोन सब कुछ ले लिया। यहां तक कि उसके फोन नम्बर की डायरी तक उससे छीन ली। ऐसे में वह अब घर में किसी से भी सम्पर्क नहीं कर पा रहा है। उसकी मदद भी यहां कोई नहीं कर रहा है। वह अपने घर पहुंच कर एक बेहतर जिंदगी जीना चाहता है।


# कोविड से बचाव को नियमों का पूर्ण रूप से सभी पालन करें : उपायुक्त

## कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए हमारे पास हैं पर्याप्त सभी संसाधन : विक्रम सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड-19 की किसी भी संभावित लहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए हमारे पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन जिला के प्रत्येक नागरिक को एहतियात बरतने व कोविड-19 नियमों का अधिक से अधिक पालन करने की जरूरत है। उपायुक्त विक्रम मंगलवार को एनआईटी-3 स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड-19 की तैयारियों का निरिक्षण किया।

उपायुक्त ने ईएसआई हॉस्पिटल में कोविड के मरीजों के लिए बनाए गए वार्डों का निरीक्षण किया और



एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल में कोविड-19 की तैयारियों के बारे में जानकारी लेते डीसी विक्रम सिंह।

कोविड टेस्ट से लेकर लिक्विडिटी मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी संभावित लहर को पूरी तरह से गंभीरता से साथ लेना है। उन्होंने सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को निर्देश दिए कि प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में सभी सुविधाओं की पुन: समीक्षा की जाए और अगर कहीं भी कोई कमी दिखाई देती है तो तुरंत पूरा करें। उन्होंने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और कोविड-19 के नियमों का पालन करने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में बूस्टर डोज मात्र 25 प्रतिशत लोगों ने ली है और 12 से 15 व 15 से 17 वर्ष के बच्चों को प्रिकॉशन डोज मात्र 28 प्रतिशत ली है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह स्कूलों में सभी बच्चों को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जिला के सभी 45 सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी व स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में पिछली कोविड-19 लहर के दौरान सबसे ज्यादा जरूरत 50 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ी थी। उस समय जिला में मात्र दो ऑक्सीजन प्लांट थे। उन्होंने बताया कि अब जिला में 24 अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट हैं जिनमें 10 सरकारी व 14 प्राइवेट अस्पतालों में हैं। उन्होंने बताया कि इन प्लांटों की अब प्रतिदिन उत्पादन क्षमता 92.40 मीट्रिक टन है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की संख्या 1049 हैं। डी टाइन सिलेंडर 25109, बी टाईप सिलेंडर 1813 और ए टाईप सिलेंडर 277 हैं। जिला में लिक्विडिटी मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) की स्टोरेज क्षमता 43.6 मीट्रिक टन है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिला के लोगों को घबराने नहीं बल्कि एहतियात रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला में पिछले 15 दिनों में कोई भी कोविड-19 का केस सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा लक्षण दिखने पर अपनी जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि कोविड की जांच व टीकाकरण की सुविधा सभी 45 सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़न दस्ते की टीम ने बल्लभगढ़ की भगतसिंह कॉलोनी में बिना डिग्री के लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप डॉक्टर को पकड़ा है। आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बल्लबगढ़ की चावला कॉलोनी टी पॉइंट के पास आशीर्वाद नर्सिंग होम में एक डॉक्टर बिना डिग्री के बाल रोग विशेषज्ञ बन कर बच्चों का इलाज कर रहा है। अगर चेकिंग की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गुप्त सूचना के आधार पर 33 फुट रोड़, नियर बोहरा पब्लिक स्कूल, भगत सिंह कॉलोनी बल्लभगढ़ में स्थित आशीर्वाद अस्पताल को डॉक्टर मान सिंह, एसएमओ फरीदाबाद तथा टीम में शामिल अन्य डॉक्टर व स्थानीय पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त अस्पताल में एक डॉक्टर एक 6-7 साल के बच्चे का इलाज करता हुआ मिला। डॉक्टर मान सिंह द्वारा पूछताछ करने पर पाया कि इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम पंकज कुमार गुप्ता है तथा इलाज करने वाले पर्चे पर उसकी डिग्री एमडी डिप्लोमा पिडीएट्रीक लिखी हुई है, लेकिन वह मौके पर कोई डिग्री पेश नहीं कर सका। इस संबंध में थाना आदर्श नगर में अभियोग अंकित कराने की कार्रवाई अमल में लाई गई है।



छापे के दौरान नर्सिंग होम पर छानबीन करती सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य और एसएमओ डॉक्टर मान सिंह।

# एसआई राजवीर और एएसआई दानवीर ने दिया ईमानदारी का परिचय



सेक्टर 12 में मिले पर्स को मालिक को लोटाते उप निरक्षक राजवीर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक दानवीर।

**फरीदाबाद।** पुलिस की सुरक्षा शाखा में तैनात उप निरीक्षक राजवीर और सहायक उपनिरीक्षक दानवीर ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ बटवा उस तक वापिस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक राजवीर सुरक्षा शाखा के अधीन सेक्टर 17 में तैनात है, जो किसी काम से लघुसचिवालय आए हुए थे। जहां उन्हें उनके साथी सहायक उपनिरीक्षक दानवीर मिले।

दोपहर करीब 2:30 बजे दोनों पुलिस कर्मचारी लघु सचिवालय के पास मौजूद थे। जहां उन्हें एक बटवा सड़क पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। उप निरीक्षक राजवीर ने कुछ समय पर तक देखा कि शायद कोई इसे लेने के लिए आएगा परंतु कोई नहीं आया तो उन्होंने बटवा उठाकर आसपास के लोगों से पूछताछ की परंतु उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। पर्स में 2500 रुपये तथा अन्य जरूरी कागजात थे। बटवे को चेक करने पर उसमें एक पर्ची भी मिली जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। पुलिस कर्मी ने जब उस नंबर पर संपर्क करके पूछा तो उसने बताया कि यह उसी का बटुआ है। पुलिसकर्मियों ने उसे लघु सचिवालय के पास बुलाया। बटवा लेने आए युवक ने बताया कि उसका नाम निरंजन है और वह सदर बल्लभगढ़ एरिया में स्थित डीग गांव का रहने वाला है। निरंजन ने बटवा चेक किया और उसमें पैसे और कागजात पूरे मिले जिसपर निरंजन ने दोनों पुलिस कर्मियों की ईमानदारी के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

# आशा वर्करों ने किया सीएमओ कार्यालय का घेराव, नारेबाजी की

## डीसी के आने की सूचना पर आशा वर्करों ने जमकर की नारेबाजी, अस्पताल नहीं पहुंचे डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आशा** वर्कर्स यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद मंगलवार को अपनी मांगों की प्राप्ति के लिए बादशाह खान अस्पताल फरीदाबाद के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करके धरना दिया।

धरने के बाद प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए हाथ पर झंडे और बैनर लेकर सिविल सर्जन के कार्यालय के सामने पहुंचे। जहां उन्हें डीसी के आने की जानकारी मिली, जिस पर उन्होंने प्रदर्शन तेज कर दिया। लेकिन डीसी अस्पताल में नहीं पहुंचे। जिसे देखते हुए उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा सरकार, के नाम नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन डॉक्टर रचना को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के



सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर।

अनुसार पूरे जिले के सभी सेंटरों से कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों में बैठकर मंगलवार सुबह बादशाह खान अस्पताल के सामने एकत्रित होनी शुरू हो गई। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला उपप्रधान अनीता भारद्वाज ने की, संचालन सुशीला चौधरी कर रही थी।

सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने आशा वर्कर के वेतन में बढ़ोतरी की मांग करते हुए बताया कि सरकार की केंद्र सरकार की स्कीम में कार्यरत मिड डे मील वर्कर्स का वेतन अभी हाल में दोगुना कर दिया गया। जबकि आगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। एनएचएम कर्मचारियों के वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है। जबकि फ्रंटलाइन वर्कर और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ग्लोबल हेल्थ लीडर्स के अवॉर्ड से सम्मानित आशा वर्करों के वेतन में पिछले साढ़े चार साल से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वेतन में इजाफा करने के बजाए एक्टिविटी की राशियों में कटौती की जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार आशा वर्कर के ऊपर ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है।

# सर्दियों में स्ट्रोक से बचाव को सावधानी बरतें : डॉ. कुणाल

**फरीदाबाद।** सर्दियों का मौसम है और तापमान में गिरावट का असर आपकी सेहत, खासतौर से आपके हृदय के लिए नाजुक साबित हो सकता है, जिससे स्ट्रोक का जोखिम बढ़ सकता है। वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रोक दुनिया में मौतें का दूसरा सबसे प्रमुख कारण है और इसकी वजह से हर साल करीब 60 लाख लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। लांसेट द्वारा कराए एक अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2019 में करीब 7 लाख मौतें स्ट्रोक की वजह से हुई थीं, यानि उस साल होने वाली कुल मौतों में 7.4 फीसदी का कारण स्ट्रोक रहा। स्ट्रोक उस स्थिति में होता है जब ब्रेन को रक्त पहुंचाने वाली रक्तवाहिका ब्लॉक (इस्केमिक स्ट्रोक) होती है या फिर रक्तवाहिका फट जाती है (जिसे हेमरेजिक स्ट्रोक कहते हैं)। यदि किसी को एक बार स्ट्रोक हो चुका है तो उसे दोबारा स्ट्रोक होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि पर्याप्त सावधानियां बरती जाएं ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# अवैध खनन करने पर हो सख्त कार्रवाई

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की बैठक में दिए अधिकारियों दिशा-निर्देश

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम ने कहा कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपायुक्त विक्रम गत मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। अवैध खनन और अवैध क्रेशर जोन



अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

को बंद कराए। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, खनन विभाग, आरटीए व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण किया जा रहा है। जिला फरीदाबाद में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकदमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षति-पूर्ति राशी व खनिज की रॉयल्टी व जुर्माना राशि के रूप में उनसे जुर्मान की वसूली की धनराशि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक में एसडीएम परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, आरटीए जितेन्द्र गहलोत, जिला खनन अधिकारी बलराम सिंह, एसीपी अभिमन्यु और आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुमिता कनौडिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अलायंस क्लब ग्रीन ने शहीदी दिवस मनाया

**फरीदाबाद।** अलायंस क्लब ग्रीन फरीदाबाद ने रविवार को शहीदी दिवस के तौर पर मनाया। भारत कालोनी, फरीदाबाद में शिक्षा एक अभियान ट्रस्ट मे यह दिवस मनाया गया। इस दिन गुरु गोबिन्द के चारों पुत्र धर्म की रक्षा के लिए शहीद हो गए थे। क्लब के सभी सदस्य निश्वित समय पर निश्चित स्थान पर पहुंच गए। क्लब के प्रधान अलाय धर्मेन्द्र गोयल ने सभी मैंबर का स्वागत किया तथा सहीदी दिवस के बारे मे जान कारी दी तथा अलाय के जी अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष 2021-22 ने इस कार्य में अपना सहयोग दिया। सर्वप्रथम राधा जी की बेटी मायरल ने सरस्वती वन्दना से शुरुआत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में बच्चों को स्नैक्स बांटे। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा जरूरतमंद 36 बच्चों को जुराब, जूते एवं स्वेटर बांटे गए। जिसमें मोनू जी का सहयोगसराहनीय था।

# जनहित सेवा लगाया ने नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर

**फरीदाबाद।** कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के प्रांगण में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्पणा शर्मा एवं भारत भूषण शर्मा कुंदन ग्रीन वैली स्कूल चेयरमैन ने अपने कर कमलों से रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सतीश चंद शर्मा ज्योतिष मर्मज्ञ हरियाणा संस्कृत विद्यापीठ पूर्व प्राचार्य ने की। मंच संचालन संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं डॉक्टर सतीश शर्मा का संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा एवं महासचिव सुभाष गहलोत ने अपनी टीम के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्पणा शर्मा ने कहा कि ज्योतिष का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। ज्योतिष के माध्यम से हम



अपने जीवन की बाधाओं को दूर कर सकते हैं। कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीनतम भाषा संस्कृत है एवं सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं संस्कृत और वेदों में ज्योतिष का हमारे जीवन में विशेष महत्व बताया है। संस्कृत में हमारी संस्कृति विराजमान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि डॉ. अर्पणा शर्मा, डॉक्टर सतीश चंद शर्मा, भारत भूषण शर्मा, संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## खेल प्रतियोगिता में 129 बच्चों ने लिया भाग



**फरीदाबाद।** अरुणाभा वेलफेयर सोसायटी की ओर से सेक्टर 31, फरीदाबाद स्थित टाउन पार्क में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 129 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बैलून रेस, लंगड़ी टांग, फ्राग रेस और म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। वेलफेयर की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने बताया कि बलून रेस में रानी प्रथम स्थान पर रही। सोनाली दूसरे और आयुष तीसरे स्थान पर रहे। लंगड़ी टांग में कार्तिक ने प्रथम स्थान लिया, आशीष दूसरे और मनोज तीसरे स्थान पर रहे। वहीं फ्राग रेस में यश प्रथम, खुश दूसरे और निखिल तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप के म्यूजिकल चेयर में आंसू ने बाजी मारी, मोहित दूसरे और मोहित सेकंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुनीता शर्मा ने मेडल देकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पढ़ने लिखने के लिए भी प्रेरित किया। समारोह में डॉ. सुरेंद्र शर्मा, आरके श्रीवास्तव, ममता मित्तल, राजश्री, अनु रस्तोगी, रेशमी गोप्पी, सपना, खुशी और पवन द्वारा बच्चों को गिफ्ट और स्नैक्स वगैरह वितरित किया गया।

## कशिश एक नई दास्तां ने किया कवि सम्मेलन आयोजित



**फरीदाबाद।** कशिश एक नई दास्तां ग्रुप ने जिले में द कलासिक आफ आर्ट थियेटर में बड़ी धूमधाम से किया गया। साहित्य प्रेमियों इस मिलन समारोह में रंगारंग गीत व मनोरंजन का भी मिश्रण था भारत के विभिन्न प्रदेश से आए साहित्यकार लेखक व कवि गणों ने अपनी सुन्दर रचना से सभी का मन मोह लिया। उपन्यासकार लेखक कवि विनोद ढींगरा राजन द्वारा आयोजित प्रोग्राम के मंच का संचालन प्रसिद्ध कवियत्री व साहित्यकार कशिश ग्रुप की एडमिन कंचन वाष्णेय द्वारा बखूबी निभाया गया। अतिथि डॉ. सीपी यादव मशहूर जादूगर सम्राट व लाफ्टर चेलेंज कोमेडी के कलाकार प्रदीप गुप्ता व गायिका रेखा श्रीवास्तव भी समारोह में उपस्थित थे। इस अवसर पर कवि विनोद ढींगरा राजन कवियत्री कंचन वाष्णेय जी कवि समधूसूदन यूपी रवि सचदेवा घायलपंजाब मिथलेश शुक्ला हरियाणा देवेश दीक्षित दिल्ली देवेन्द्र सिंह यू. पी. कवियत्री सलोनी चावला फरीदाबाद अमन सिंह आदि रचनाकारों ने अपनी सुन्दर कविताओं से मन मोह लिया। मशहूर गायिका रेखा प्रभाकर शर्मा व राजन ढींगरा ने गायिकी का समा बांध दिया। इस अवसर पर साहित्यकार लेखिका कंचन वाष्णेय ने मुख्य अतिथि का शॉल ओढ़ाकर व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। डॉ. सीपी यादव जादूगर सम्राट ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहना कर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रेखा श्रीवास्तव व हास्य कलाकार प्रदीप गुप्ता का भी सम्मान किया गया। सभी सम्मानित कवियों को कशिश एक नई दास्तां ग्रुप की तरफ से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए व लंच के साथ प्रोग्राम की समाप्ति हुई।

## श्री राम कथा श्रवण से मिट जाती है, जन्म-जन्म की व्यथा



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश स्वामी चित्रकूट धाम ने कहा है कि भगवान राम भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। श्रीराम जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है उनके आदर्श, संस्कार, अनुशासन हमें सिखाते हैं कि किस तरह पति का पत्नी से, भाई का भाई से, राजा का प्रजा से प्रेम, व्यवहार व संबंध होना चाहिए। कितनी भी कठिन परिस्थिति आ जाएं उससे घबराना नहीं चाहिए, धैर्य व संयम से उसका मुकाबला करना चाहिए इससे सफलता जरूर मिलेगी। मनुष्य को ज्ञान विद्या में निपुण होने पर भी कभी घमंड नहीं करना चाहिए। अपने बड़ों का सम्मान करना, अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। श्री राम बड़े दयालु व विनम्र हैं। तभी उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। राम नाम का जप करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। कथा प्रसंग में व्यास जी ने श्री नारद जी के मोहनी राम व राम जन्म की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन आ रहे हैं जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। व्यास जी ने श्री नीलकंठ महादेव मंदिर के अध्यक्ष सतीश मित्तल व उनकी समस्त प्रबंध समिति को स्मृति चिह्न व सम्मान पट्टिका देकर आशीर्वाद प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रान्तीदेव गुप्ता, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, चेयरमैन प्रोजेक्ट अमर बंसल ने सभी दानी सज्जनों, समाजसेवियों से अपील की है कि वे मानव सेवा समिति के नए मानव भवन के निर्माण की सहायतार्थ आयोजित की जा रही रामकथा में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग, दान देकर समिति की मदद करें। यह राम कथा 31 दिसंबर तक दोपहर 2.30 बजे से 6.30 बजे तक सेक्टर 8 स्थित श्री नीलकंठ की मंदिर में जारी रहेगी। नव वर्ष एक जनवरी को यज्ञ हवन व भंडारा होगा।

## उपायुक्त ने इंडोर स्टेडियम के निर्माण का लिया जायजा



**फरीदाबाद।** खेल परिसर में आवश्यक सुविधाओं को दुरस्त करके इसके रख-रखाव को और बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कोई असुविधा न हो। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सेक्टर-31 में नए टाउन पार्क के पास करीब ढाई एकड़ में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट के तहत सेक्टर-31 में नया इंडोर स्टेडियम बनाया है जिसको नववर्ष पर खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए कामों को जल्द से जल्द निपटाया जाये और जिस खेल का मैदान तैयार हो गया है उस खेल से संबंधित कोचों को नियुक्त किया जाए और इंडोर स्टेडियम में रोशनी को व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने कहाकि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में सेक्टर-12 में जिला खेल परिसर के बाद यह दूसरा छोटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स होगा। अभी तक दिल्ली सीमा से सटे खिलाड़ियों को अभ्यास करने के लिए सेक्टर-12 के खेल परिसर आना पड़ता है, जो उनके क्षेत्र से कई किलोमटर दूर पड़ता है, लेकिन सेक्टर-31 में बनने वाले इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से दिल्ली बॉर्डर तक क्षेत्र के खिलाड़ी घर के समीप में ही अभ्यास कर सकेंगे। इससे जहां उनके धन की बचत होगी, वहीं समय भी बचेगा। इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अलग-अलग खेलों में खिलाड़ी पसीना बहाकर अपनी प्रतिभा उभार सकेंगे। सभी खेलों के अलग-अलग सेक्टर बनाए गए है। इन खेलों में बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, जिम, जुडो, कराटे, कुश्ती, स्क्वॉश समेत कई खेल शामिल हैं। इस अवसर पर उपनिदेशक गुरुग्राम गिरिराज सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, कोच धर्मेंद्र सहित अन्य अधिकारीगण व कोच मौजूद थे।

सिविल अस्पताल बनना तो दूर

# बिल्डिंग तोड़ने में ही बीत गया साल 2022

## रेनोवेशन पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी छतों से टपकता था पानी

## साल 2019 में सेक्टर-10 अस्पताल में किया गया था शिफ्ट

## उत्तर भारत का श्रेष्ठ अस्पताल बनाया जाना है यहां का सिविल अस्पताल



गुरुग्राम के सिविल अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग, अब तोड़े जाने के बाद समतल मैदान।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**स्वास्थ्य** सेवाओं में बढ़ोतरी करने के तमाम दावों के बीच साल-2022 भी बीत गया है। बेहतर सेवाओं में सबसे बड़ा काम गुरुग्राम का नया सिविल अस्पताल बनाना था। जिसे बनाया जाना या काम शुरू होना तो दूर की बात, 2022 में अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग ही टूट पाई है। थोड़ा सा मलबा उठाया जाना बाकी है। इसके बाद इसके निर्माण की तरफ कदम बढ़ेगा।

55 साल पहले वर्ष 1967 में बनाए गए जिला के नागरिक अस्पताल की इमारत भी काफी कंडम हो गई थी। इसके रेनोवेशन पर करोड़ों रुपये भी खर्च किए गए, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। आलीशान इमारत की छतों से सदा पानी ही टपकता रहा। विशेषकर ओपीडी एरिया में तो डॉक्टर्स के कमरों के बाहर टपकते पानी को लेकर सदा बाल्टियां ही रखी रहती थी। वैसे तो वर्ष 2017 में पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट में कह दिया था कि अस्पताल की इमारत अब इस्तेमाल करने लायक नहीं रही। ऐसे में मुख्य नागरिक अस्पताल नया बनाने के लिए एक साल बाद 2018 में अस्पताल को शिफ्ट करने की तैयारी हुई। कुछ विभाग इस साल शिफ्ट किए गए और बाकी अस्पताल (एमआरआई, सीटी स्कैन विभाग को छोड़कर) 2019 में शिफ्ट हो गया। इसे सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल और सेक्टर-31 पॉलीक्लीनिक में शिफ्ट किया गया। इसके बाद इसे तोड़ने के लिए टेंडर आदि देने के लिए कार्यवाही होती रही। अस्पताल के विस्तार के लिए साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) की जमीन को स्वास्थ्य विभाग के नाम ट्रांसफर की कार्यवाही हुई। विभाग ने स्कूल की आधी से अधिक जमीन को अपने कब्जे में लिया।

**जून 2021 से तोड़ने का काम हुआ था शुरू** : जून-2021 से अस्पताल की बिल्डिंग को तोड़ने का काम शुरू किया गया। वर्ष 2022 के मध्य तक आधी बिल्डिंग तो तोड़ दी गई, लेकिन आधी का काम अधूरा रह गया था। ऐसा इसलिए कि वहां पर एमआरआई और सीटी स्कैन सेंटर चल रहे थे, जिन्हें शिफ्ट नहीं किया गया।

कई बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अस्पताल परिसर का दौरा किया। काम तेजी से करने के आदेश भी दिए, लेकिन काम में तेजी कभी नजर नहीं आई। काम कछुआ गति से ही हुआ। एमआरआई, सीटी स्कैन सेंटर को शिफ्ट करने में भी सालभर का समय लग गया।

**मंत्री के मई में दिए आदेशों पर अक्टूबर में हुआ अमल** : 31 मई 2022 को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने दोनों केंद्रों को जल्द शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। जिस पर सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने इसके लिए डेढ़ से दो महीने का समय लगने की बात कही थी। तब तक सेक्टर-10 अस्पताल में बिल्डिंग भी तैयारी हो चुकी थी। उनके मुताबिक तो अगस्त 2022 में दोनों केंद्र सेक्टर-10 में शिफ्ट हो जाने थे, लेकिन यह समय और दो महीने बढ़ गया। अक्टूबर में दोनों सेंटर की शिफ्टिंग सेक्टर-10 अस्पताल में हो पाई। 14 अक्टूबर 2022 को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने एमआईआई सीटी स्कैन सेंटर का उद्घाटन किया। इसके बाद पुराने नागरिक अस्पताल की इमारत को तोड़ने का काम शुरू किया गया। दिसम्बर के अंत तक सिविल अस्पताल की पूरी इमारत तोड़ी जा चुकी है। लगभग मलबा भी वहां से उठा लिया गया है। पहले इस अस्पताल को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 500 बेड का बनाने की घोषणा की थी, जो कि अब 100 बेड घटाकर 400 बेड कर दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनील सैनी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में रेफरी चयनित


सुनील सैनी को रेफरी का पत्र भेंट करते अधिकारी।

**गुरुग्राम।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों के लिए गुरुग्राम के सुनील सैनी को रेफरी के रूप में चयनित किया गया है। सुनील सैनी यहां सेक्टर-5 में साईं कराटे अकादमी के निर्देशक हैं। उनका ऑल इंडिया कलस्टर पुलिस खेलों में भी योगदान रहा है। सुनील सैनी ने इस जिम्मेदारी मिलने पर अपनी एसोसिएशन इंडिया के महासचिव रजनीश चौधरी का आशीर्वाद लिया। अपनी नियुक्त पर सुनील सैनी ने कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रधान कुलदीप वत्स, महासचिव रजनीश चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वे इसका बखूबी निर्वहन करेंगे। स्पोर्ट्स कराटे-डू एसोसिएशन सभी पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने सुनील सैनी का भव्य स्वागत किया।

### बंद मकान का ताला खोल जेवरात और कीमती सामान चोरी

**सोहना।** भोंडसी की भीम सिंह इंकलेव कॉलोनी में मकान का ताला खोल एलईडी समेत जेवरात चोरी हो गए। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। रूपेश ने बताया कि वह गार्ड की नौकरी करता है। 20 दिसम्बर को उसकी पत्नी अपने पिता के घर चली गई। 25 दिसम्बर की सायं साढ़े 7 बजे वह भी अपनी ड्यूटी पर गया था। 26 की सुबह वह नौ बजे घर पर पहुंचा तो उसने देखा दरवाजे पर लटका ताला खुला हुआ था। अंदर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घर में लगी 43 इंच की एनईडी गायब थी। इसके अलावा सोने की चेन समेत चांदी के अन्य आभूषण गायब थे। भोंडसी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद आस पास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**सोहना।** पुलिस कमिश्नर के आदेश पर भोंडसी थाना पुलिस ने मारुति कुंज निवासी विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट करना और घर से बाहर निकाल देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी विवाहिता सोनी धीमान पुत्री विजेन्द्र कुमार निवासी मारुति कुंज भोंडसी ने पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी द्वारका विहार, धर्मपुरा एक्सटेंशन नजफगढ़ नई दिल्ली निवासी भारत कुमार से आठ मार्च 2018 को आर्य समाज मंदिर शास्त्री नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी डॉटकॉम के जरिये उसने अपने माता पिता के खिलाफ जाकर भारत कुमार से शादी की थी। शादी से पहले ही भारत कुमार ने उससे सगाई के नाम पर एक लाख रुपये की मांग की थी। उसने अपने दोस्त पूजा से यह पैसा लेकर दिया। उसके बाद भारत ने उससे शादी के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की। यह पैसे उसने एचडीएफसी बैंक से पर्सनल ऋण लेकर अगस्त 2018 में दे दिए। शादी के तीन माह बाद ही आरोपियों ने पिता के घर से 10 लाख रुपये दहेज के नाम पर मांगे। सास रीता को 59 हजार रुपये की कान की झुमकी, 25 हजार रुपये का माईक्रोवेव, 11 हजार रुपये के सास के पाजेव दिलाए। उसे गोल्ड योजना के तहत 58 हजार 500 रुपये मिले थे। यह पैसे भी उसके पति भारत कुमार ने उससे छीन लिए। जुलाई 2021 में उसके पति ने उससे डेढ़ लाख रुपये मांगे। यह पैसे उसने अपने पीएफसे निकवाकर दे दिए थे। इतना सब करने के बाद देवर करण कुमार समेत सभी ने मिलकर उसे प्रताड़ित किया और 26 जनवरी 2022 को सभी आरोपियों ने योजना बनाकर उसके साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया था।

# जीयू के छात्रों को अब घर बैठे ऑनलाइन मिलेगा माइग्रेशन सर्टिफिकेट


विवि में ऑनलाइन माइग्रेशन सेवा की शुरुआत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति ने ई-माइग्रेशन पोर्टल किया लांच

## ई-माइग्रेशन की सुविधा से छात्रों के समय व धन की भी बचत होगी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**अब** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए विवि के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जीयू ने माइग्रेशन शाखा को ऑनलाइन कर दिया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर ई-माइग्रेशन के पोर्टल को लांच किया है।

छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए अब उन्हें जीयू में आकर इस प्रक्रिया को पूरा नहीं करना पड़ेगा, बल्कि छात्र घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से इस प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे। जीयू की और से बनाए गए पोर्टल पर छात्र माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन ही छात्र इसमें फीस भी जमा करवा सकेंगे। माइग्रेशन के लिए निर्धारित फीस जमा करने के पश्चात एक ही दिन में छात्रों को माइग्रेशन मिल जाएगी। पिछले एक वर्ष के दौरान गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने ई-गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते हुए आल स्टूडेंट्स फॉर्म ऑनलाइन, ऑनलाइन फीस सबमिशन, संबद्ध कॉलेजों सहित सभी छात्रों के लिए ई-सेवाएं, आदि लागू करते हुए मजबूत कदम उठाए है। निकट भविष्य में ई-ऑफिस, छात्रों के लिए ई-शिकायत तंत्र प्रणाली भंडार प्रबंधन, शाखाओं/कार्यालयों का स्वचालन आदि लागू करने की योजना है। इस अवसर पर गुरुग्राम कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अधिकतर स्टूडेंट्स अंडर-ग्रेजुएशन करने के बाद दिल्ली, पंजाब जैसे शहरों का रुख करते हैं। इसमें माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने में उनका काफी समय बर्बाद होता है। ई-माइग्रेशन की सुविधा से हजारों छात्रों को राहत मिलेगी और इस व्यवस्था से छात्रों के समय व धन की भी बचत होगी।

# शहर में बढ़ रही बंदरों की तादाद, बुजुर्ग महिला चोटिल

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में बंदरों की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से शहर के लोग काफी खौफजदा नजर आ रहे हैं। शहर में बढ़ रही बंदरों की तादाद को लेकर नगर पालिका पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। हाल ही में बंदरों के एक झुंड ने 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर आक्रमण कर दिया और उसके कान काट डाले।

फिरोजपुर झिरका वार्ड 3 रतनलाल कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय बुजुर्ग महिला लीला पत्नी रामचंद्र सैनी अपने घर के बाहर प्रांगण में बैठकर धूप ले रही थी। अचानक बंदरों के एक झुंड ने बुजुर्ग महिला पर आक्रमण कर दिया और घर के प्रांगण में रखे तुलसी व मनी प्लांट के पौधे नष्ट कर दिए जैसे ही वो बंदरों को भगाने के लिए खड़ी हुई तो उसके कान काटकर उसे चोटिल कर दिया। जबकि इससे पूर्व कुछ दिन पहले गढ़ अंदर के एक बुजुर्ग व आठ वर्षीय बच्चे को भी यह खूंखार बंदर आक्रमण कर उन्हें चोटिल कर चुके हैं।

समस्या को लेकर शहर के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन व उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका को भी मौखिक व लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। बार-बार टेंडर के नाम पर शहर के लोगों को बरगलाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका के कुछ पार्षदों ने यह कहकर पल्ला झाड़ दिया। इन सभी बंदरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए तिजारा राजस्थान से लंगूर बुलाए गए हैं। जबकि खूंखार बंदरों की समस्या शहर में जस की तस बनी हुई है।


नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन।

**क्या कहते हैं नगर पालिका चेयरमैन** : फिरोजपुर झिरका के नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन का कहना है कि शहर में बढ़ रहे खूंखार बंदरों की समस्या का मामला मेरे संज्ञान में है। पिछले कई दिनों से नगर पालिका के अधिकारियों को बंदर पकड़वाने के टेंडर के लिए बोल दिया है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया के चलते शहर में आचार संहिता लगने के कारण यह मामला अधर में ही लटक गया जल्द ही उच्च अधिकारियों से अप्रूवल मिलते ही टेंडर छुड़वाया जाएगा।

# शिव कुंड का गर्म पानी बन रहा रामबाण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**हाड़** कपा देने वाली सर्दी के मौसम में सोहना के शिव कुंड का गर्म पानी रामबाण बना हुआ है। आस्था के इस कुंड में स्थानीय नागरिकों से लेकर दूर-दराज से आने वाले पर्यटक भी गर्म पानी में स्नान करके सर्दी के ठिठुरन को कम कर रहे हैं। एक दिन में 800 से 900 भक्तजन स्नान करते हैं। शुक्रवार से सर्दी के मौसम ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

ठिठुरन भरी सर्दी जहां मुंह के जबड़े में दांतों को बिना ताल के डांस कराने के लिए मजबूर कर रही है। ऐसे में सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए अलाव समेत बिजली के हीटर, तंदुरी कोयला जलाकर अपने आपको को सुरक्षित करने में जुटे हैं। ऐसे में सोहना में अरावली पहाड़ी की तलहटी में बना आस्था का शिव कुंड के गर्म पानी में स्नान करना भक्तजनों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं है। शनिवार व रविवार को स्नान करने वालों की संख्या 1000 के आंकड़े को भी पार कर देते हैं।


सोहना के गर्म पानी कुंड में स्नान करते हुए।

**अन्य शहर व महानगरों से आते हैं श्रद्धालु** : आस्था के शिव कुंड पर वैसे तो गंगा स्नान, नववर्ष, 26 जनवरी, 15 अगस्त और दो अक्टूबर के दिन श्रद्धालु यहां स्नान करने के लिए आते हैं, लेकिन गर्मी के मौसम की अपेक्षा सर्दी के मौसम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दो से तीन गुणा अधिक हो जाती है। यहां पर प्रदेश के जिले झज्जर, रोहतक, जींद, हिसार, भिवानी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी समेत दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएड़ा आदि अन्य स्थानों से नागरिक स्नान करने आते हैं।

**तीन श्रेणी में कुंड उपलब्ध** : कुंड में स्नान करने आने वाले भक्तजनों को स्थानीय कमेटी ने अच्छे प्रबंध किए हैं। स्नान करने के लिए सामान्य कुंड से लेकर परिजनों के साथ स्नान करना और चर्म रोगी के लिए विशेष कुंड में स्नान करने की सुविधा है। कुंड के गर्मपानी में स्नान करने से चर्म रोग तक दूर होते हैं।

> **दूसरे** राज्य व शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं के रात्रि में ठहरने के लिए विशेष सुविधा कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई हुई है। स्नान करने की सुविधा सुबह चार बजे से रात्रि आठ बजे तक उपलब्ध है। -**अनुराग राणा-कुंड कमेटी प्रधान।**

# सीवर या सेप्टिक टैंक में मैनुअल प्रवेश दंडनीय अपराध : आहुजा

## नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में मैनुअल स्क्वैंजर्स रोकथाम को सख्ती से कर रहा क्रियान्वित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में मैनुअल स्कैंजिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नियमों की अवहेलना करने पर 2 से 5 साल तक का कारावास और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

मैनुअल स्कैंजिंग रोकथाम एवं उनके रोजगार व पुनर्वास अधिनियम (पीईएमएसआरए)-2013 का क्रियान्वयन सख्ती से किया जा रहा है। मैनुअल स्कैंजिंग कानून के तहत पूरी तरह से प्रतिबंधित है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को सफाई या रख-रखाव के काम के लिए सीवर और सेप्टिक टैंक में मैनुअल रूप से प्रवेश ना करना पड़े। इसके लिए उपयुक्त मशीनों और प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। सभी कनिष्ठ अभियंताओं व पर्यवेक्षकों को नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को इस बारे में प्रेरित करें कि किसी भी व्यक्ति को मैनुअल सफाई के लिए शामिल ना किया जाए। सेप्टिक टैंक को हर तीन साल में एक बार अधिकृत एजेंसियों और डिसिल्टिंग ऑपरेटरों के माध्यम से ही साफ करवाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की सेवा एवं शिकायत के लिए हेल्पलाईन नंबर 14420 पर संपर्क करें।


निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक वार्ड में सीवरेज से संबंधित हॉट स्पॉट क्षेत्रों को समझने और प्रत्येक क्षेत्र के लिए निवारक रख-रखाव योजना बनाने के लिए नागरिकों से मिलें। प्रत्येक सीवरमैन की भूमिका और जिम्मेदारी को रेखांकित करने वाली एक मानक संचालन प्रक्रिया भी बनाई हुई है, जिसकी पालना हमेशा सुनिश्चित की जाए। नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा का कहना है कि अगर किसी क्षेत्र में असुरक्षित व्यवहार जैसे कि टैंकरों द्वारा कीचड़ के अनाधिकृत डंपिंग, डेयरी या सीएंडडी वेस्ट को सीवर में डालना कानूनन अपराध है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके बारे में नगर निगम गुरुग्राम को सूचित करें। सरकार द्वारा जारी सफाई मित्र सुरक्षा कार्यक्रम के लिए एसई राधेश्याम शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया हुआ है तथा उनके साथ सलाहकार डॉ. अनीता फलसवाल सहित अन्य कर्मचारियों को शामिल किया हुआ है।

# लेट्स इंस्पायर बिहार, मुंबई संवाद में आईपीएस विकास वैभव द्वारा लेखिका ज्योति झा का सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ज्ञान,** शौर्य, एवं उद्यमिता से परिपूर्ण पूर्वजों की उत्कृष्टता द्वारा विकसित किए गए मार्ग से प्रेरित बिहार की भूमि सदैव क्षमतायुक्त रही है। ऊर्जा निश्चित आज भी वही है, आवश्यकता केवल चिंतन की है कि उस ऊर्जा का प्रयोग कहां कर रहे हैं, इस प्रेरणा श्रोत से उत्पन्न 'लेट्स इंस्पायर बिहार' नामक अभियान, प्रसिद्ध आइपीएस विकास वैभव के नेतृत्व में एक भाव संचार एवं प्रोत्साहन है, बिहार में शिक्षा, समता, तथा उद्यमिता के भावों के समग्र विकास के लिए।

संस्कृति एवं साहित्य के महत्व से संचित बिहार की धरती पर अनेक उभरते कलाकार, कवि, लेखक, एवं साहित्यकार, इस गौरव गाथा को विस्तृत करने में अपना योगदान देने के लिए अग्रसर रहे हैं। ऐसी ही एक उभरती हुई भागलपुर की चर्चित लेखिका ज्योति झा को लेट्स इंस्पायर बिहार के मुंबई संवाद में विकास वैभव द्वारा सम्मानित किया गया। तीन पुस्तकों की लेखिका, ज्योति झा एक एच आर प्रोफेशनल रह चुकी हैं। इंग्लैंड और अमेरिका में कई वर्षों तक रहने के बाद उन्होंने लेखन को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम चुना और वर्तमान में एक लेखिका और कॉलम्निस्ट हैं। 'द टाइम्ज ऑफ इंडिया राइट इंडिया' की सम्मानित विजेता रह चुकी ज्योति IITs और IIM लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में स्पीकर और पैनलिस्ट रह चुकी हैं। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय सम्मान, आयकॉनिक ऑथर अवार्ड 2022, ग्लोबल प्रोग्रेसिव विमन अवॉर्ड 2022, एवं एशियन लिटरेरी अवार्ड (एशियन चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीस) से सम्मान प्राप्त ज्योति, IIT BHU के काशियात्रा में एक सम्मानित जज रह चुकी हैं। उनकी पुस्तक 'आनंदी', महिला सशक्तिकरण की उस अस्पर्शित कड़ी का स्वरूप है जो बिहार राज्य के एक ग्रामीण परिवेश से उभरकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक पाठकों एवं मीडिया में चर्चा का विषय रही है, प्रतिष्ठित संस्थानों, लिटरेरी फेस्टिवल, बुक फेयर, अवॉर्ड नॉमिनेशन (ऑथर एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023, पीवीएलएफ फरंटलिस्ट) में स्थान प्राप्त कर चुकी है। साहित्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने लेखन के अथक प्रयासों से समाज को साहित्य के नए रूप से मिलाने के लिए ज्योति निरंतर प्रयत्नशील हैं और उनके इन्ही प्रयासों को उत्तर भारतीय संघ के सभागार भवन, बीकेसी, मुंबई में आयोजित लेट्स इंस्पायर बिहार के मुंबई संवाद में सराहा गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आईपीएस विकास वैभव ने अपने संबोधन में बिहार के प्राचीन गौरवशाली इतिहास से परिचय करा कर बिहार वासियों को प्रेरित किया और अधिक से अधिक लोगों को इस नेक अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रबंधक मोहन कुमार झा, नीलोत्पल मृणाल, और मुंबई टीम के अन्य सदस्य थे और प्रायोजकों में विकास सक्सेना, फाउंडर एवं नीतीश राज, को-फाउंडर की स्टार्टअप लिटेरिया इनसाइट का नाम सम्मिलित था। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुपमा कुमार ने किया और मुंबई, बैंगलोर, पूना, दुबई, एवं अन्य कई स्थानों से बिहारवासी ने इसका हिस्सा बनकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया।

# नागरिक अस्पताल में कोविड मामलों से निपटने की तैयारी



सोहना का नागरिक अस्पताल।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में वैरियंट बीएफ-7 के संभावित संक्रमितों के उपचार के लिए पांच बेड का फ्लू क्लीनिक वार्ड बनाया है। जल्द ही आरपीआर और आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरू होंगे। नागरिक अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में वैरियंट बीएफ-7 के रोगियों को तुरन्त प्रभाव से उपचार देने के उद्देश्य से विशेष वार्ड बनाया है। इस विशेष वार्ड में एक साथ पांच रोगियों का उपचार किया जा सकता है। इसके साथ ही स्थानीय अस्पातल प्रशासन ने कोविडकाल के दौरान संक्रमितों के उपचार में बनाई गई डॉक्टरों से लेकर नर्स और विभाग के अन्य कर्मचारियों की टीम को फिर से तैयार किया जा रहा है। जल्द ही मॉकड्रिल के माध्यम से सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**अस्थाई कर्मचारियों नहीं होगी छुट्टी** : कोविड काल में संक्रमित रोगियों के उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती की गई अस्थाई कर्मचारियों का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के फिर से सक्रिय होने की संभावना देखते हुए अस्थाई कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। यह रोक कब तक लगाई है। अभी विभाग की तरफ से समय सीमा तय नहीं किया है।

> **बुखार** से पीड़ित आने वाले रोगियों की कोरोना जांच अवश्य किया जाएगा। ऐसे रोगी को संक्रिमत होने की संभावना से विशेष वार्ड में भर्ती किया जाएगा। जहां पर उसको उपचार देने और कोरोना की जांच के बाद ही छुट्टी दी जाएगी। विशेष वार्ड के साथ उनकी पूरी टीम को तैयार कर लिया गया है। **दशरथ राव-एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना।**

# कोविड से निपटने को लेकर सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में हुई मॉकड्रिल

## डीसी बोले, पैनिक क्रिएट ना करते हुए सतर्कता बरतें जिलावासी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते खतरे व केंद्र सरकार द्वारा कोविड को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के मद्देनजर गुरुग्राम जिला में महामारी से निपटने की तैयारी तेज कर दी गई हैं। जिला में कोविड अस्पतालों में पहले से मौजूद संसाधनों के बेहतर व सुव्यवस्थित उपयोग की तैयारी हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को कोविड से निपटने की मॉक ड्रिल की गई।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव व सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव की उपस्थिति में गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में यह मॉकड्रिल हुई। कोविड के मरीज के अस्पताल आने पर बरते जाने वाले ऐहतियात और कोविड संक्रमित मरीज के इलाज की प्रक्रिया की रिहर्सल की गई। सबसे पहले मैक्स व फोर्टिस अस्पताल में कोरोना के उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू व पीएसए प्लांट का भी निरीक्षण किया। मॉकड्रिल के उपरांत मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहे कोरोना व उसके नए वैरिएंट को लेकर केंद्र सरकार के परिवार और स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय द्वारा पिछले चार दिनों से निरंतर गाइडलाइंस और एडवाइजरी जारी की जा रही है। अभी गुरुग्राम में कोविड के केवल 16 केस ही एक्टिव है। जिला में पॉजिटिविटी रेट भी एक प्रतिशत से कम है। पत्रकारों द्वारा गुरुग्राम में बाहर के देशों से आ रहे लोगों के साथ क्या एहतियात बरतने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोरोना प्रभावित देशों से आ रहे आगंतुकों की टेस्टिंग की व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा पहले ही एयरपोर्ट पर कर दी गयी है। एयरपोर्ट पर उनकी जांच होने के बाद ही उन्हें उनके गंतव्य स्थान पर जाने दिया जा रहा है।


गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में कोविड से निपटने की मॉक ड्रिल के दौरान कोविड के मरीज के उपचार की प्रक्रिया देखते डीसी निशांत कुमार यादव।

**नए वेरिएंट की पहचान होते ही लागू होगा कोविड प्रोटोकॉल** : उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला प्रशासन इस पूरे मामले पर करीब से नजर बनाए हुए है। मरीज की पहचान होते ही कोविड प्रोटोकॉल लागू होगा।

# तावडू तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की छापेमारी से हड़कंप

## 17 अधिकारी व कर्मचारियों में से 11 मिले गैरहाजिर, छह पहुंचे देरी से, अन्य खामियां भी


तहसील परिसर में पहुंचे मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के सदस्य।


देर से पहुंचे एक कर्मचारी से पूछताछ करते टीम के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** की तहसील कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान छोटे-बड़े 17 कर्मचारियों व अधिकारियों में से 11 गैरहाजिर मिले, जबकि छह समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे। मंगलवार को तहसील परिसर में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की कार्रवाई से हड़कंप मच गया, देरी से पहुंचने वाले अधिकारी और कर्मचारी उड़नदस्ता के समक्ष अपनी-अपनी सफाई देने में जुट गए। टीम को छापेमारी के दौरान कई अन्य खामियां भी मिली। टीम ने एक रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि खुफिया विभाग और आमजन के माध्यम शिकायत आ रही थी कि तावडू तहसील कार्यालय में कर्मचारी व अधिकारी समय पर नहीं पहुंचते हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के समय पर नहीं पहुंचने से उन्हें घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। इससे उनके काम बाधित होते हैं। आमजन की शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए उड़नदस्ता ने यह छापेमारी की। उनके दिशा निर्देशों पर एसआई सतेंद्र के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान कुल पांच सदस्यों की एक टीम थी। लेटलतीफी की शिकायत की जांच पड़ताल करने के लिए यह टीम सुबह तावडू तहसील कार्यालय में पहुंची। जहां पर 9:45 तक कोई भी कर्मचारी और अधिकारी ड्यूटी पर नहीं था। करीब 9:50 पर कार में सवार कुछ कर्मचारी कार्यालय में पहुंचे। टीम द्वारा पूछताछ करने पर सभी अलग-अलग तरह की सफाई पेश करने लगे। इसके बाद नायब तहसीलदार कार्यालय में पहुंचे, वह भी टीम के समक्ष अपनी सफाई देते रहे। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने हाजिरी रजिस्टर पेश करने को कहा, लेकिन हाजिरी रजिस्टर नहीं था और ना ही कोई बायोमेट्रिक मशीन मौके पर मिली। कफी देर तक पूछताछ करने पर उड़नदस्ते को सभी अधिकारी और कर्मचारियों का बोरा उपलब्ध कराया गया। डीएसपी राजेश ने बताया कि जिन कर्मचारी और अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। मंगलवार को तहसील में छापेमारी के दौरान एएसआई सचिन कुमार, एएसआई करमपाल, खुफिया विभाग के एसआई विनोद कुमार व कांस्टेबल पवन कुमार मौजूद रहे।

बता दें कि मंगलवार सुबह तहसील कार्यालय में उड़नदस्ता की छापेमारी से छोटे बड़े सभी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार को कर्मचारियों का पूरा ब्योरा मालूम नहीं था। क्षेत्र के लोगों ने उड़नदस्ता की इस कार्रवाई की प्रशंसा की है।

# स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आदेश पर शहर के नशे की दवाइयों को बेचने वालों के दुकानों पर मारे छापे

## दवाइयों के दुकानदार, दुकान बंद करके फरार

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**विधानसभा** फिरोजपुर झिरका के एमएलए मामन खान ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा में नशे की दवाइयों को बेचने वाले दुकानदारों पर विधानसभा में कड़ा मुद्दा उठाया। जिसको लेकर हरियाणा स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आदेश पर राजकीय औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मोहन तनेजा तथा उनकी एक टीम जिसमें परविंदर मलिक वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी, करण सिंह गोदारा वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी, अमनदीप चौहान जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी नूंह, संदीप गेलान जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी पलवल व पूजा चौधरी जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी फरीदाबाद शामिल थे। जांच अधिकारी की टीम ने फिरोजपुर झिरका में तेरेह भिन्न-भिन्न दवा बिक्री दुकानों का उक्त विषय के संदर्भ में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 10 भिन्न-भिन्न दवाओं के नमूने विश्लेषण हेतु लिए गए। जिसमें जांच के दौरान उपरोक्त दुकानों पर उग एंड कॉस्मेटिक रूल की अनियमितताएं पाई गई जिसके लिए उक्त फार्मो को कारण बताओ नोटिस देने उपरांत संबंधित फार्म के बारे में विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर ली जाएगी। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान फिरोजपुर झिरका की अन्य 17 दुकानों के मालिक दुकानें बंद करवा कर निरीक्षण के डर से बचने के लिए फरार हो गए। लेकिन विभागीय टीम ने दुकान बंद करके फरार होने वाले दुकानदारों के खिलाफ स्पॉट मेमो तैयार किया है। जिसके लिए उन सभी दुकानदारों के खिलाफ कोताही बरतने को लेकर उग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस देने के उपरांत विभाग द्वारा उक्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# यातायात नियमों की अनदेखी पड़ेगी जेब पर भारी



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**कड़ाके** की ठंड व घने कोहरे में यातायात को नूंह पुलिस पूरी तरह से गंभीर दिख रही है। यातायात पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती का डंडा चला रही है जो शराब पीकर या ओवरलोड स्पीड में गाड़ी चला रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों के लगातार चालान काटे जा रहे हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला नूंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

वरुण सिंगला एसपी नूंह ने कहा कि सड़क हादसे रोकने के लिए यातायात पुलिस ने जिले भर में ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं, जहां पर पुलिस के जवान हर समय मौजूद रहते हैं ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। इसके अलावा लेन ड्राइविंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा रही है ताकि धुंध में हादसों से बचा जा सके। सबसे खास बात यह है कि सीएसआर की मदद से मेवात पुलिस ने एमएमटीसी पैंप कंपनी से 10 एनपीआर कैमरे जिले के मुख्य स्थानों पर लगाए हैं, जो नंबर प्लेट सहित वाहनों की फोटो लेने के लिए कारगर है। अब ऐसे दो पहिया वाहन चालकों का पोस्टल चालान कटेगा जो बिना हेलमेट सफर करते हैं। साथ ही अगर कार में सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं हो रहा है तो उसका भी पोस्टल चालान शुरू किया गया है। यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन इन कैमरों का उद्घाटन इसी माह के अंत तक एडीजीपी रेवाड़ी रेंज माता रवि करण के द्वारा किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि घने कोहरे में सफर को टालने की कोशिश करें, अगर बेहद जरूरी है तो ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सड़क पर निकलें। जान-माल की हानि कैसे रोकी जा सके इस पर यातायात पुलिस खास ध्यान रख रही है। कुल मिलाकर कोहरे व कड़ाके की ठंड में सड़क हादसों में कमी लाने के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों का मजबूती से पालन कराने के लिए अब नूंह पुलिस ने कमर कस ली है। जल्दी ही इसका असर धरातल पर देखने को मिलेगा।

**कहां कहां लगाए गए कैमरे :** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला नूंह ने बताया कि सीएसआर परियोजना के तहत जिले के रेवासन, शिकरावा, सोहना - तावडू सीमा, खोरी कलां, मुंडका, सुनहेडा, इंदाना, रिपीटर नाका, जयसिंहपुर, आदि स्थानों पर यह एनपीआर कैमरे लगाए गए हैं, जो 24 घंटे यातायात पर नजर रखेंगे और ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के घर पोस्टल चालान भिजवाने में काफी कारगर होंगे।

# साइबर अपराध की कमर तोड़ने में जुटी पुलिस नूंह

## तकरीबन डेढ़ सौ अपराधियों की तैयार की लिस्ट, जल्द होगी कार्रवाई

रिजवान कासिम। मेवात

**पुलिस** अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि साइबर अपराध की जो घटनाएं हैं। भरतपुर व नूंह की सीमा क्षेत्र से सटे गांवों से साइबर क्राइम की घटनाएं सामने आती हैं। एनसीआरबी पोर्टल व साइबर हैल्प डैस्क के जरिए शिकायतें प्राप्त हुई हैं। तकरीबन 550 शिकायतें इस साल मिली हैं। जिनकी जांच नियम अनुसार चल रही है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रभावी कदम साइबर अपराध को रोकने के लिए उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि साइबर हॉटस्पॉट जो गांव बन चुके हैं, जहां से ज्यादा वारदातों की खबर आ जाती है। उन गांवों को चिह्नित करके टावर डंप एनालिसिस के जरिए आईडी नंबर निकाले हैं, जो फ्रॉड आईडी पर लिए गए हैं। ऐसे नंबरों की हर डिटेल हर माह सीआईडी विभाग से शेयर कर रहे हैं। वरुण सिंगला एसपी नूंह ने कहा कि उनको बंद करें और उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों को एक बड़ी चोट लगती है। फर्जी आईडी पर महंगे खरीदे जाते हैं, जो जांच में सामने आया है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से अपराधियों के हौसले पस्त होते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी हम पकड़ते हैं, जो भी उनके माध्यम से करते हैं उस अपराधी के मोबाइल से पता चलता है कि उसने किसके साथ किया है और उसके ऊपर कितनी शिकायतें दर्ज की गई हैं। वरुण सिंगला ने कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों से पत्राचार के ऐसे लोगों को अपने वहां दर्ज केसों में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकें। उनकी धरपकड़ हो सके, उनको जमानत मिलने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट सख्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर साइबर क्रिमिनल की एक सूची तैयार की है जो हरियाणा में


वरुण सिंगला एसपी नूंह।

मेवात से संबंधित साइबर अपराधी पकड़े गए थे। स्थानीय खुफिया विभाग की मदद से भी एक सूची तैयार की गई है। उन पर पैनी नजर है। उनकी धरपकड़ लगातार जारी है। इन सभी उठाए गए कदमों से साइबर क्राइम पर जल्द ही काबू पा लेंगे। साइबर अपराध तीन भागों में बटा हुआ है। साइबर अपराधी प्रलोभन देकर लिंक भेजकर उसे ठगी का शिकार बनाता है। दूसरा किसी प्रकार का डर दिखाकर ठगी की जाती है। सेक्सटॉर्शन भी इसका एक हिस्सा निकल कर सामने आया है। किसी भी व्यक्ति को झांसे में लेकर उसकी अश्लील वीडियो बनाने के उपरांत उस पर ब्लैकमेल करने के लिए वायरल करने की धमकी दी जाती है। तीसरा साइबर अपराध जानकार बनके फ्रॉड करते हैं। बैंक तथा आर्मी पर्सन बनकर फ्रॉड किए जा रहे हैं। एसपी ने कहा कि आज के तौर पर काफी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। शर्म की वजह से इंसान इसकी शिकायत नहीं करता है। ज्यादा से ज्यादा राशि अपराधी को बिना किसी सवाल के दे देता है। बाकी अन्य फ्रॉड में राशि कम दी जाती है। एसपी नूंह ने कहा कि 100 साइबर अपराधियों की सूची हमारे पास तैयार है। इन्होंने हरियाणा के किसी ना किसी जिले में इन पर मुकदमा दर्ज है। उनका अपराधिक रिकॉर्ड है। रिकॉर्ड चेक करने के बाद यह सूची तैयार की गई है। इसके अलावा 50 - 60 साइबर अपराधी ऐसे हैं। जिन पर मुकदमा दर्ज नहीं है, लेकिन खुफिया विभाग से जांच के बाद इनकी रिपोर्ट तैयार की गई है। पुलिस ने कहा कि इन पर पैनी नजर बनी हुई है और लगातार इस पर पुलिस काम कर रही है।

# सीईटी क्वालीफाइंग नेचर के लिए स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** में ग्रुप सी व डी की भर्तियों में सीईटी को क्वालीफाइंग नेचर करवाने की मांग को लेकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर नूंह में नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

सीईटी क्वालीफाइंग नेचर करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने पत्रकारों से कहा कि गत 15 जून 2020 को हरियाणा सरकार ने सीईटी नाम की एक परीक्षा का गठन किया। जिसके अंतर्गत हरियाणा में ग्रुप सी, डी की भर्तियां की जानी थीं। सीईटी के अंतर्गत भर्तियां की जाएंगी। यह कहकर सारी भर्तियां वापस ले ली गईं। लगभग 9888 पद वापस लिए गए। लगभग तीन साल बाद ही सरकार द्वारा सीईटी का पेपर पांच नवंबर 2022 को लिया। सरकार ने पांच जून 2022 को सीईटी की अधिसूचना जारी की। जिसके अंतर्गत एक ऐसा प्रावधान डाला जो हरियाणा के युवाओं के भविष्य को गर्त में ले जाने वाला है। बच्चों का कहना है कि वह प्रावधान इस प्रकार है कि सीईटी में क्वालीफाई करने वाले केवल तीन चार गुणा बच्चों को ही दूसरे पेपर में बैठने का मौका मिलेगा। बच्चों ने कहा कि यह कहां का न्याय है। सरकार का



यह प्रावधान हरियाणा के बेरोजगार युवाओं की मेहनत के ऊपर भारी चोट है। उनके भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। इस फैसले को सरकार को वापस लेना चाहिए और सीईटी को सिर्फ एक पात्रता परीक्षा माना जाए। जैसे एचटेट, सीटेट, यूपीएससी प्री, एसएससी प्री माने जाते हैं।

# ऑक्सीजन की कमी से नहीं जाएगी मरीजों की जान

## कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार





पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**कोरोना** के नए वेरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। प्रदेश भर के सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग में कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। नूंह जिले के अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मॉकड्रिल में अपनी सभी तैयारियों को जांचा परखा।


स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पीपीई किट सहित पूरी तैयारियों के साथ मैदान में उतरे। मॉकड्रिल देखकर अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों में एकदम कोतुहल का माहौल पैदा हो गया। लोगों को लगा कि कोई कोरोना का केस सामने आ गया है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग इतनी पुरजोर तरीके से तैयारी कर रहा है। लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मॉकड्रिल का आयोजन किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियों को जांचा परखा है और डॉक्टरों व अन्य स्टाफ को इससे निपटने के लिए हर समय तैयार रहने को कहा है। तब उन्हें समझ में आया कि लोगों की भलाई के लिए ये सब किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए तमाम डॉक्टरों व स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया है। सबसे खास बात यह है कि अब कोरोना रेमेडीज शिविर तथा ऑक्सीजन की कमी से किसी की जान नहीं लेगा। इतना ही नहीं अब सभी सुविधाओं से लैस स्वास्थ्य विभाग के पास आईसीयू वार्ड भी उपलब्ध है। जिसमें छह बेड हैं। इसके अलावा नॉर्मल मरीजों के लिए बेड़ों की संख्या की कोई कमी नहीं है। हर बेड पर अब ऑक्सीजन प्लांट के माध्यम से सीधे गैस सप्लाई दी जा रही है। इसके अलावा गैस सिलेंडर आदि का अलग से इंतजाम किया गया है। कुल मिलाकर कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि सावधान रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि अभी तक भी अगर कोरोना डोज नही ली है तो जल्दी करो जल्द से जल्द सभी सरकारी अस्पतालों में लगाई जा रही है।

चाहे पहली दूसरी या बूस्टर डोज कोई सी भी डोज हो आप लगवा लें। अगर आप सावधानी बरतें तो कोरोना आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कुल मिलाकर कोरोना ने ऑक्सीजन की कमी तथा रेमेडी शिविर आदि इंजेक्शन की कमी के चलते बड़े पैमाने पर लोगों की जान ली थी, लेकिन इस बार कोरोना के खतरे को भांपते हुए स्वास्थ्य विभाग नूंह पूरी तरह से तैयार दिख रहा है।

# इंडरी खंड में खिला कमल, शेर सिंह आलदूका बने अध्यक्ष

**नूंह।** मंगलवार को जिले के इंडरी खंड में ब्लॉक समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा का कमल खिला है। अध्यक्ष शेर सिंह आलदूका बने और उपाध्यक्ष परमीना खान रोजकामेव बनी हैं। इस ऐतिहासिक जीत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन की बड़ी भूमिका रही है। वे पिछले एक महीने से भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन-रात प्रयासरत थे। यहां कांग्रेसी उम्मीदवार को भाजपा प्रत्याशी ने 13-7 हराकर बड़ी जीत हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि मेवात में चारों तरफ भगवा रंग दिखाई दे रहा है, बेशक मेवात में एक भी विधायक ना हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यों और विकास को देखते हुए अब मेवात क्षेत्र के लोगों के दिलों में भाजपा रग-रग में बस गई है। सबसे पहले नूंह जिले की तीनों नगर परिषद व नगर पालिकाओं पर भाजपा का



झंडा लहराया था तथा सोमवार को हुए जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा के जिला प्रमुख जान मोहम्मद अकबरपुर ने बाजी मारी थी।

इंडरी खंड में पंचायत विकास कार्यालय में हुए चुनावों में भाजपा की तरफ से भाजपा के दिग्गज नेता चौधरी जाकिर हुसैन मौजूद रहे। जैसे ही जीत की घोषणा हुई तो वहां मौजूद हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौधरी जाकिर हुसैन को कंधों पर बैठाकर उनका स्वागत किया। चौधरी जाकिर हुसैन ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मुबारकबाद व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को मुबारकबाद व शुभकामनाएं दीं।

# संक्षिप्त समाचार

## मेवात मॉडल स्कूल का प्रतिनिधिमंडल प्रधान सचिव से मिला



**नूंह।** मेवात मॉडल स्कूलों के शिक्षा विभाग में समायोजित हुए एक वर्ष बीत गया है, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं। साथ ही 33 कच्चे कर्मचारियों को भी अभी तक नियमित नहीं किया गया है और ना ही किसी भी विभाग की तरह का न्यायोचित लाभ कर्मचारियों को दिया गया है। इन सब बातों को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है उक्त मांगों को लेकर मेवात मॉडल स्कूल्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान विजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल से मिला और विभिन्न लंबित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा उन्होंने संज्ञान लेते हुए शिक्षा निदेशालय को आदेश दिया कि एसोसिएशन की मांगों पर विचार कर शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने कोरोना से जिन कर्मचारियों का देहांत हुआ था उन्हें एक्स ग्रेशिया का लाभ दिया जाए। एसोसिएशन के शिष्टमंडल में महासचिव कमरुद्दीन व सह- सचिव रजमल खान भी मौजूद थे।

## 31 दिसंबर तक जमा कराएं प्रॉपर्टी टैक्स

**मेवात।** हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 दिसंबर तक जमा कराए जाने पर ब्याज राशि में सौ प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बहुत बड़े वर्ग को राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 31 दिसंबर तक जमा कराने वालों को ब्याज में सौ प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स के माध्यम से नगर परिषद को प्राप्त होने वाली राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाती है। सरकार ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स भरने वालों को सुनहरा अवसर प्रदान किया है। एडीसी ने शहर में प्रॉपर्टी से जुड़े बकायेदारों से आह्वान किया कि जिन लोगों की तरफ प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में सौ प्रतिशत छूट का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने को कहा ताकि अधिकतम लोगों को इसका फायदा मिल सके।

## परिवेदना समिति की बैठक 30 दिसंबर को

**मेवात।** जिला के आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक शुक्रवार, 30 दिसंबर को प्रात: 11 बजे जिला सचिवालय सभागार में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 14 परिवाद रखे जाएंगे। डीसी अजय कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह स्वयं इस बैठक में उपस्थित हो तथा अपने स्थान पर किसी अन्य कर्मचारी को ना भेजें।

## जाकिर हुसैन ने प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ से की मुलाकात



**नूंह।** मेवात में भाजपा के नूंह जिला परिषद, पुन्हाना और इंडरी ब्लॉक समिति के अध्यक्ष बनने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से मुलाकात कर मुबारकबाद दी। श्री धनखड़ ने चौधरी जाकिर हुसैन को इस अभूतपूर्व जीत पर सम्मानित किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 तक कराएं बीमा

**मेवात।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। किसानों की भलाई के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है। फसलों को जोखिम फ्री बनाने के लिए फसलों का बीमा करवाना भी जरूरी है। डीसी अजय कुमार ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों की फसलों को विभिन्न आपदाओं से सुरक्षा देकर किसानों को आर्थिक आजादी दी जा रही है। सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया हुआ है। किसान इस योजना से जुडकर अपनी फसलों को बीमा रूपी सुरक्षा कवच पहनाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किसानों की फसलों से जुड़े हुए जोखिमों की वजह से होने वाली भरपाई का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि किसान 31 दिसंबर 2022 तक अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत फसल का बीमा करवाने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, भूमि एवं फसल बुआई संबंधित दस्तावेज आवश्यक है। किसान अधिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल, नजदीकी बैंक शाखा, कृषि ऋण समिति या जन सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## अवैध खनन रोकने गई टीम के साथ दबंगों ने किया दुर्व्यवहार

**फिरोजपुर झिरका।** थाना अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव बीवां के क्रेशर जोन में हो रहे अवैध खनन को लेकर भू विज्ञान विभाग नूंह की टीम द्वारा अवैध खनन रोकने पर दबंगों ने विभाग की टीम के साथ दुर्व्यवहार करने व सरकारी काम में बाधा डालने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले के संदर्भ में अधिग्रहण अधिकारी अनिल कुमार की शिकायत पर थाना फिरोजपुर झिरका पुलिस ने एक नामजद व 15-16 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी शिव प्रकाश ने बताया कि अधिग्रहण अधिकारी अनिल कुमार मय स्टाफ बीवां क्रेशर जोन में निरीक्षण पर थे। उस समय दो ओवरलोड डंपर किसी अजीब से स्टोन प्लांट पर दिखाई दिए। जिन को सील करने के लिए सरकारी गाड़ी की टीम वहां पहुंची तो डर के कारण गाड़ी चालकों ने पत्थरों को डंफरों से नीचे जमीन पर गिरा दिया। डंफरों के ड्राइवरों से ई-रवाना की मांग की गई तो दोनों ड्राइवर बदतमीजी पर उतर आ गए। जब भूविज्ञान के अधिकारी अनिल कुमार ने पूछताछ की तो उक्त प्लांट पर अंकित मिश्रा नाम के आदमी ने बताया कि मैं. आस्था गृह उद्योग का मुंशी हूं। लेकिन वह भी मौके पर पत्थरों के कागज नहीं दिखा पाया उसने फोन करके 10-15 आदमियों को बुला लिया। उन्हीं 10-15 लोगों ने मिलकर उन दोनों डंफरों को छुड़वा कर भगवा दिया। अधिकारी शिव प्रकाश ने बताया इस मामले के संबंध में भूविज्ञान के अधिकारी की शिकायत पर एक नामजद 15- 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उक्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## जिले में सीआरसी की बुनियादी शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला

**मेवात।** आकांक्षी जिला सहभागिता के अंतर्गत नूंह जिले में कैवल्य एजुकेशन फॉउंडेशन/पीरामल फाउंडेशन द्वारा 26 व 27 दिसंबर को फिरोजपुर झिरका, नगीना व पुन्हाना के सभी सीआरसी की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिला सीआरसी संयोजक कुसुम मलिक द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान की महत्ता के बारे में बताया गया। इसमें बताया गया कि किस तरह प्रत्येक सीआरसी अपने सभी स्कूलों के निरीक्षण के साथ साथ अध्यापको का प्रशिक्षण व सलाह भी दे सकें।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Bal Kishan S/o Parth Singh R/o 9, Gali No-2, Indira Complex Kheri Road Old Faridabad have changed my name to Balkishan Chauhan

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# उत्तर प्रदेश की छवि

## बना निवेश स्थल

**पिछले** कुछ साल में उत्तर प्रदेश की छवि में आमूल परिवर्तन हुआ है और वह देशी-विदेशी उद्योगपतियों का निवेश स्थल बन गया है। कानून-व्यवस्था बेहतर होने के कारण पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनायें तलाश रहे हैं। 1980 के दशक में प्रमुख जनसंख्याविद् व आर्थिक विशेषज्ञ आशीष बोस ने 'बीमारू' शब्द गढ़ा था जो हिंदीभाषी क्षेत्र के गरीब व पिछड़े राज्यों-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश का प्रतीक था। यह शब्द हिंदी शब्द 'बीमार' के निकट था। इसका व्यापक प्रयोग नीति निर्माताओं व टिप्पणीकारों ने किया था। दूसरी ओर पंजाब की छवि एक जीवन्त राज्य की थी और अब भी है जहां लोग अच्छा भोजन करते हैं, लस्सी और व्हिस्की पीते हैं तथा भांगड़ा करते हैं। लेकिन समय बदलने के साथ ये सभी चीजें बदल रही हैं। विभिन्न राज्यों के लगभग 50 उद्योगपतियों ने 19 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उस राज्य में निवेश के अवसर तलाशे, जबकि एक समय इस राज्य को 'बीमारू' कहा जाता था। पंजाब डाइंग फेडरेशन के अध्यक्ष तथा लुधियाना के उद्योगपति टी.आर. मिश्रा ने मीडिया को बताया कि योगी आदित्यनाथ से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में 'पंजाब के 15 बड़े उद्योगपति' शामिल थे। पंजाब के बिजनेसमैनों में एवन साइकिल के एमडी ओंकार सिंह पाहवा व हीरो समूह के प्रमुख व एमडी पंकज मुंजाल भी शामिल थे। बताया जाता है कि पंजाब के उद्योगपति अपने प्रदेश में 'खराब होती कानून-व्यवस्था' से चिन्तित तथा नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 'दिलचस्पी न लेने' के कारण निराश थे। उनका यह भी विचार है कि उत्तर प्रदेश की 'बेहतर औद्योगिक नीति' है। हालांकि, हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'छवि निर्माण' का अच्छा प्रयास किया है और उसे मीडिया ने समर्थन दिया है, लेकिन निश्चित रूप से यह वास्तव में खुशी की बात है कि बिजनेसमैन देश के सबसे बड़े राज्य में निवेश के प्रति दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



उद्योगपति उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था व ढांचागत संरचना के कारण आकर्षित हो रहे हैं। उदाहरणार्थ, पाहवा उत्तर प्रदेश में अपने उद्योग का विस्तार करना चाहते हैं। उन्होंने बताया, 'उत्तर प्रदेश में ढांचागत संरचना में काफी सुधार हुआ है, श्रमशक्ति उपलब्ध है तथा कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योगपतियों की बैठक से स्पष्ट रूप से भारतीय जनता पार्टी अत्यधिक प्रसन्न है। मजेदार बात है कि कांग्रेस भी इसे सुखद मानती है जो इस साल पंजाब में सत्ता गंवा चुकी है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य में आम आदमी पार्टी-आप सरकार का मजाक उड़ाते हुए ट्वीट किया, 'बदलाव आ गया है।' वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उद्योगपतियों के पलायन का कारण 'पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था' को बताया है। भले ही कांग्रेस नेताओं द्वारा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का दोषी मान सरकार को बताना उचित हो, पर वे स्वयं भी राज्य की समस्याओं के लिए काफी सीमा तक जिम्मेदार हैं। उनको याद दिलाया जाना चाहिए कि पिछले साल अगस्त में भी पंजाब के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में 150 नई इकाइयां स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। इस घटनाक्रम से आप व दूसरी पार्टियों को कई सबक लेने चाहिए। पहला, कानून-व्यवस्था निवेश आकर्षित करने की प्रमुख शर्त है। दूसरा, 'खैरात' बांट कर आप चुनाव जीत सकते हैं, पर सरकार चलाना बिल्कुल अलग बात है। इसके साथ ही किसी भी सरकार को सुशासन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि खाली उपदेश देने से काम नहीं चलता है।


# राष्ट्रवाद के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी

**25 दिसंबर राष्ट्रवाद व सुशासन के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। उनका जीवन और कार्य भारतीयों को आज भी प्रेरणा देता है।**



**सुमित भसीन**

(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



भारतीय जनता के लिए 25 दिसंबर का विशेष महत्व है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म इसी दिन हुआ था। उनको इस दुनिया से विदा लिए कई साल बीत गए, पर लोग आज भी भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हैं। 'न्यू इंडिया' के निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान उनको एक महानतम राजनेता के रूप में स्थापित करता है। समय बीतता रहता है, पर वाजपेयी जी लोगों के दिलों में बने हुए हैं। आज जब भारत उनके आदर्शों और उनके द्वारा निर्मित मूलाधारों पर आगे बढ़ रहा है तब उनकी आत्मा हमारे आसपास है। कई दशक पहले ही उन्होंने राजनीति पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी थी। राजनीति जनता की सेवा का साधन है, पर इसके बावजूद राजनीति किसी प्रकार भी 'भीड़ का गुलाम' बनने का नाम नहीं हो सकता है। राजनेता बेहतर अवसरों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जनता का नेतृत्व करते हैं। नेताओं को भविष्य पर नजर रखते हुए समकालीन परिस्थितियों को समझ कर जनता के लिए सर्वोत्तम अवसर पैदा करने चाहिए। राष्ट्र का निर्माण जनता से होता है और राष्ट्रीय हित जनता का हित है।

सच्चे अर्थों में केवल कोई राष्ट्रवादी ही जनता का नेतृत्व कर सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी अपने विचार व कार्यों से पक्के राष्ट्रवादी थे। वे उल्लेखनीय कवि तथा उदार हृदय वाले व्यक्ति थे। वे स्वप्नदृष्टा थे। इसके साथ ही वे आशावादी, आस्तिक व कर्मठ व्यक्ति थे। वे विचारों को धरातल पर उतारना जानते थे और उनको इतिहास की गहरी समझ थी। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जानते थे कि भारत की यात्रा संघर्षों से भरी है। यह यात्रा लंबी और थका देने वाली हो सकती है। वे जानते थे कि जनता और राष्ट्र की सच्ची क्षमतायें प्राप्त करने के लिए भारत को भावी पीढ़ियों हेतु मजबूत नीव डालनी होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भारत की यात्रा निर्धारित की थी।

बिना विचारधारा के राजनीति खोखली होती है। वाजपेयी जी इसे जानते थे और उन्होंने हमेशा विचारधारा को राजनीति के केन्द्र में रखा। वे संगठन निर्माण में दक्ष थे। उन्होंने पार्टी का ऐसा संगठन तैयार किया जिसने कई दशक की राजनीति में सैकड़ों नेताओं को तैयार किया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने निकट आने का अवसर दिया। उन्होंने राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मानसिक संरचना पर अमिट छाप छोड़ी ओर इन कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के विचारों व कार्यनीतियों के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने पीछे सर्वाधिक महत्वपूर्ण संदेश यही छोड़ा कि विचारधारा को कभी छोड़ा नहीं जा सकता है। हालांकि, आपातकाल समाप्त होने के बाद जनसंघ ने राष्ट्रीय हित में समाजवादियों से हाथ मिलाया, पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने और उनके साथियों ने अपनी विचारधारा छोड़ी नहीं है। उन्होंने दिखा दिया कि उनकी विचारधारा राष्ट्रीय हितों से पूरी तरह जुड़ी है। वाजपेयी अपनी कथनी व करनी में पूरी तरह ईमानदार थे। उनको सुस्वादु भोजन प्रिय था, वे बच्चों से प्यार करते थे, दोस्तों के साथ का आनन्द उठाते थे तथा वार्तालाप का आनन्द लेते थे। वे अच्छी बहस कर लेते थे और उनको तार्किक बातें पसंद थीं। इन सबके साथ ही वे महान लोकतंत्रवादी थे। यहां तक कि कम्युनिस्टों को भी उनका साथ पसंद था। सभी लोगों की उन तक पहुंच थी और वे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते थे। संसद में उनके तर्क तलवार की धार की तरह तेज होते थे। वे अपनी बुद्धिमत्ता व तर्क शक्ति से विरोधियों को परास्त कर देते थे। इसके बावजूद वे संसद के बाहर सबके मित्र थे। वे कभी राजनीतिक विभाजनों को अपने लिए दीवाल नहीं मानते थे। इस प्रकार वे अपने आप में विशिष्ट थे। उन्होंने संसदीय बहसों को हमेशा समृद्ध बनाया। अपने योगदान से उन्होंने संसद में बहस और विमर्श की परंपरा स्थापित की।

1971 के भारत-पाक युद्ध के समय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में एकता का आह्वान किया था। भारत ने एक स्वर से सशस्त्र बलों की वीरता का समर्थन किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि कोई भी राजनीतिक विभाजन भारत के राष्ट्रीय हितों में बाधा नहीं बन सकता है। भारतीय सेना की वीरता और उसकी क्षमता के बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। स्वर्गीय वाजपेयी ने अपनी कथनी और करनी से ऐसी संसदीय परंपरायें स्थापित कीं कि भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में किसी विभाजनकारी विमर्श का कोई स्थान नहीं है। वास्तव में विपक्ष को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यवहार से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कभी भारत के राष्ट्रीय हितों की कीमत पर राजनीतिक लाभ उठाने के लिए 'शार्टकट' अपनाने का प्रयास नहीं किया। लेकिन विडंबना है कि पिछले कुछ साल से वर्तमान विपक्ष भारत के राष्ट्रीय हितों के मामले में भी विभाजनकारी संकेत दे रहा है। निश्चित रूप से विपक्ष को स्वर्गीय वाजपेयी के कार्यों का अध्ययन कर अपने व्यवहार में उनके मूल्यों को समाहित करना चाहिए। स्वर्गीय वाजपेयी आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारत शताब्दियों तक विदेशी शासकों का गुलाम रहा। स्वाभाविक रूप से इसके कारण लोगों के दिमाग में अपने प्रति विश्वास की कमी घर कर गई। भारत को अपनी शक्ति पुन: खोजनी थी।

लोगों को अपनी क्षमतायें समझनी थीं। भारत को विश्व व्यवस्था में अपने लिए समुचित स्थान तलाशना था। इसी दृष्टिकोण के चलते स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण में नाभिकीय परीक्षणों का निर्णय किया। वे कभी भयभीत नहीं हुए और विश्व शक्तियों का कोई दबाव या धमकी उनको नाभिकीय प्रतिरोधक क्षमता प्राप्त करने से रोकने में सफल नहीं हुई। यह भारत के लिए अविस्मरणीय क्षण थे जब उसने अपनी क्षमता के प्रति सारे संदेहों को समाप्त कर दिया।

सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने उल्लेखनीय सफलता के साथ गठबंधन सरकारों का नेतृत्व किया। 1980 के दशक में भारत की विभाजित राजनीति ने एक के बाद दूसरे कई चुनावों में विखंडित जनादेश दिए। लेकिन स्वर्गीय वाजपेयी ने इन परिस्थितियों में भी राजनीतिक स्थायित्व बनाने का प्रयास किया। भारतीय राजनीति की उन अस्थिर परिस्थितियों में भी स्वर्गीय वाजपेयी ने आधुनिक भारत की नीव डाली। कनेक्टिविटी प्रगति का रास्ता है। वाजपेयी जी ने व्यक्तिगत रूप से दिलचस्पी लेकर भारत को सड़कों, बंदरगाहों, हवाईअड्डों व दूरसंचार कनेक्टिविटी के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उनको इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि आज कोरोना-पश्चात वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारत मजबूती से अपना स्थान बना चुका है। अटल बिहारी वाजपेयी भारत में दूरसंचार क्रांति के पितामह हैं। भारत आज डिजिटल अर्थव्यवस्था में अनेक उपलब्धियों का लाभ उठा रहा है। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उनको इस बात का भी श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारत आज कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित रूप से जनता तक पहुंचाने के मामले में डिजिटल क्षमताओं का प्रयोग कर रहा है।

स्वर्गीय वाजपेयी का विश्वास था कि जनता के बीच मौजूद खाइयां पाटी जानी चाहिए। उन्होंने समझ लिया था कि भारत की यात्रा में देश के ग्रामीण हिस्से पीछे छूट रहे हैं। इस पर ध्यान देते हुए उन्होंने ग्रामीण भारत में कनेक्टिविटी की गहन नीतियां तैयार कीं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई ने आज बड़ी सीमा तक भारत में शहरी-ग्रामीण विभाजन समाप्त किया है। अब देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शहरी सुविधायें मिल रही हैं। इसका श्रेय वाजपेयी जी को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कभी जनता के हित में कठोर निर्णय लेने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने दिखा दिया कि सुशासन की राजनीति संभव है। यह उन राजनेताओं से बिल्कुल अलग है जो सत्ता तक आसानी से पहुंच के लिए 'लोकरंजक' नीतियां अपनाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी के उल्लेखनीय कार्य ने भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी क्षमता के व्यापक विस्तार में सहायता दी। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'स्वर्णिम दशक' का उपहार दिया।

दु:ख की बात है कि प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी के अच्छे काम को मनमोहन सिंह नीत संप्रग सरकार के घोटालों ने बेकार कर दिया। लेकिन भारत की जनता ने रास्ता ठीक किया और उसने रिकार्ड जनादेश के साथ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को सत्ता वापस सौंपी। इस प्रकार देश की जनता ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन का महत्व स्वीकार किया। जनता ने ऐसा जनादेश भाजपा को दिया जो भारत को विकास व क्षमता के संपूर्ण उपयोग के रास्ते पर ले आया है। भारत का विकास अटल जी की विचारधारा को केन्द्र में रख कर तेजी से गतिशील है। इस प्रकार स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की छवि देश की जनता के हृदय में 'अटल' बनी हुई है।

# जिन्ना का मिशन था पाकिस्तान की स्थापना



**प्रफुल्ल गोराडिया**

(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

सामान्य मानवीय समीकरण से परे, एक आध्यात्मिक प्रश्न उठता है कि मोहम्मद अली जिन्ना के जीवन और करियर के पीछे क्या मिशन हो सकता है। पाकिस्तानी दैनिक डॉन के एक पूर्व संवाददाता- जो दिल्ली में तैनात थे, लेकिन अब ब्रिटेन में बस गए हैं - कहते हैं : ''विभाजन ने हिंदू धर्म को बचाया।''

हम कहते हैं कि जिन्ना के बिना विभाजन संभव नहीं था। मुसलमानों में कोई और नेता नहीं था जो ब्रिटिश वाइसराय और अधिकारियों के साथ बहस या बातचीत कर सके। जिन्ना एकमात्र ऐसे मुसलमान थे जो सरदार वल्लभभाई पटेल और भूलाभाई देसाई जैसे बड़े कांग्रेस नेताओं और निश्चित रूप से जवाहरलाल नेहरू के साथ बहस और बातचीत कर सकते थे। न ही किसी अन्य मुस्लिम लीगी का अखिल भारतीय कद था। न किसी अन्य ने जुलाई-अगस्त 1946 की सीधी कार्रवाई जैसी किसी सामरिक योजना में महारत दिखाई थी जो पाकिस्तान के निर्माण की ओर ले जा सके। जिसने अंग्रेजों के साथ-साथ हिंदुओं को भी आश्वस्त किया था कि अविभाजित भारत दो तलवारों वाली म्यान होगा। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली आने वाले वायसराय माउंटबेटन को यकीन हो गया था कि अंग्रेजों के जाने से पहले भारत को विभाजित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

जिन्ना दूसरी पीढ़ी के मुसलमान थे। उनके दादा पूंजाभाई ठक्कर थे, जो जो राजकोट से बहुत दूर नहीं ,धोराजी में एक प्रमुख व्यापारी थे। फिर भी, जिस तरह व्यवसाय अपनी नीयति में उतार-चढ़ाव देखते हैं, पूंजाभाई का भाग्य डूब गया, उन्होंने मछली व्यापार में विविधता लाई। इससे उनकी शाकाहारी लोहाना जाति परेशान हो गई। मछली के व्यापार से चिपके रहने के अलावा पूंजाभाई के पास जीवित रहने का कोई विकल्प नहीं था। जाति और उसके सदस्यों के बीच टकराव के कारण पुंजाभाई को लोहाना संप्रदाय से निष्कासित कर दिया गया। जवाब में, पूंजाभाई, सर आगा खान के अनुयायी,इस्माइली खोजा में धर्मांतरित हो गए।

धर्मांतरण के बाद की बेचैनी ने अंतत: परिवार के बंदरगाह शहर कराची में प्रवास का नेतृत्व किया। उनके पिता जिन्नाभाई अपने पैतृक व्यवसाय में लगे रहे, हालांकि वे चाहते थे कि उनका बेटा लंदन से चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। जिन्ना के पासपोर्ट पर 'मोहम्मद अली जिनाभाई' पढ़ा गया और लंदन में उनके शुरुआती परिचितों के बीच उन्हें इसी नाम से जाना जाने लगा। गुजराती में 'जीना' का मतलब छोटा होता है, और 'भाई' का मतलब भाई होता है। जल्द ही, उन्होंने महसूस किया कि एकाउंटेंसी उनके बस की बात नहीं। अपने समूह या छात्रावास के साथियों के सुझाव पर उन्होंने लिंकन्स इन आफ लॉ में व्याख्यानों में भाग लेने और रात्रिभोज करने में अपना हाथ आजमाया, जो उन्हें पसंद आया। दो साल बाद बैरिस्टर-एट-लॉ पास करने के बाद, जिन्ना ने सीखा कि वह अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत होने के लिए बेहद कमउम्र थे। उन्हें 21 साल की उम्र तक इंतजार करना पड़ा था।



जिन्ना ने जो अन्य गतिविधि अपनाई, वो यह कि वह हाउस ऑफकॉमन्स के सत्रों में, जब भी संभव हुआ, उसमें भाग लेते थे और राजनेताओं की सहायता भी करते थे। उन्होंने दादाभाई नौरोजी के सचिव के रूप में कार्य किया, जो 1892 से 1895 तक फिन्सबरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद के उदार सदस्य बने। कुल मिलाकर, जिन्ना ने लंदन में जीवन का आनंद लिया और भारत लौटने से पहले एक भूरे अंग्रेज बन गए। इस बात के बहुत कम सबूत हैं कि उन्होंने धर्म या आध्यात्मिकता के मामलों में कोई दिलचस्पी दिखाई थी।

बंबई उच्च न्यायालय में दाखिल होते ही उनका कानूनी करियर चमक गया। उनके कई मित्र हिंदू थे, और उन्होंने विशेष रूप से उच्च वर्ग के पारसियों की सोहबत का आनंद लिया। उनके भाई अहमद अली ने अपने दोस्त और मेरे दादा धरमदास वोरा को बताया कि ''सांस्कृतिक रूप से हम दोनों भाई पारसी हैं। जब तक मोहम्मद को मुस्लिम लीग का आजीवन अध्यक्ष नहीं बनाया गया, तब तक हमने न तो प्रार्थना की थी और न ही हमारे पास उपयुक्त कपड़े थे। अधिकांश मुस्लिम कांग्रेसी लीग के सदस्य थे, जैसे कई हिंदू कांग्रेसी हिंदू महासभा की बैठकों में शामिल होते थे। कलकत्ता में कांग्रेस के 1928 के पूर्ण अधिवेशन तक, जिन्ना एक धर्मनिरपेक्ष राजनीतिज्ञ थे।

1928 के अधिवेशन में जिस तरह से उन पर छींटाकशी की गई, उसने उन्हें दुखी कर दिया और कलकत्ता छोड़ते समय, उन्होंने अपने दोस्त दीवान चमन लाल से आंखों में आंसू भरकर कहा, ''यह रास्तों का अलग होना है।'' बंबई से, जिन्ना पूर्णकालिक वकालत की प्रेक्टिस करने के लिए लंदन चले गए। वह पहले से ही समूचे ब्रिटिश साम्राज्य में सर्वाधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर थे।

हालांकि जिन्ना ने हैम्पस्टेड में अपने खुद के आलीशान घर में उच्च वर्गीय जीवन व्यतीत किया, लेकिन उन्होंने अपनी राजनीति की कमी महसूस की। 1934 में, जब नवाबजादा लियाकत अली खान लंदन का दौरा करने आए, तो उन्होंने जिन्ना के साथ रात का भोजन किया ताकि यह प्रस्तावित किया जा सके कि कायद-ए-आजम लीग का नेतृत्व करने के लिए भारत लौटें और इसमें जीवन फूंकें।

यह सुनिश्चित करने के बाद कि उनका स्वागत हुआ है, जिन्ना 1935 में बंबई लौट आए। इसके बाद, नए अध्यक्ष का दिमाग इस बात पर केंद्रित था कि लीग को अपनी पहचान बनाने में सक्षम होने के लिए किस उद्देश्य और रणनीति की आवश्यकता है। 23 मार्च, 1940 को लीग के खुले सत्र में बहुचर्चित पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किया गया था। प्रस्ताव में कहा गया था कि ''हिंदू और मुसलमान विरोधी समुदाय हैं और एक ही देश में सह-अस्तित्व नहीं रख सकते। इसीलिए इसका उत्तर था कि हिन्दुओं के लिए हिन्दुस्तान और मुसलमानों के लिए पाकिस्तान में देश का विभाजन।''

चूंकि जिन्ना केवल अंग्रेजी और थोड़ी गुजराती जानते थे, उन्होंने अंग्रेजी में जनसभाओं को संबोधित किया, लेकिन फिर भी विभाजन के लिए प्रचार करने निकल पड़े। इसलिए, विभाजन- जिन्ना के नाम और प्रसिद्धि तथा इतिहास में एक राष्ट्र के संस्थापक के रूप में उनके स्थान - की घटना बनकर संपन्न हुआ।

## आप की बात

### फिल्मों का विरोध

**कानून** का दुरुपयोग न केवल उसकी उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है अपितु पीड़ितों के साथ अन्याय भी साबित होता है। जिस तरह आजकल कानून परेशान करने का हथियार बनता जा रहा है वह न केवल चिंता का विषय बल्कि न्याय प्रक्रिया का मखौल भी है। लगातार बढ़ते दुरुपयोग को संज्ञान में लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी की है उसे अमल में लिए जाने की जरूरत है। आजकल कानून रसूखदार और षड्यंत्रकारियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गया है। निर्दोष और कमजोर लोग इसके शिकार होते ही हैं। इस तरह की घटनाएं आम हो चुकी है जो आए दिन खबरों की सुर्खियां बनती हैं। हालातों के मद्देनजर ही सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी आई है कि कानून निर्दोषों की रक्षा के लिए है न कि तलवार की तरह डराने के लिए। अब जरूरत इस बात की है कि इस तरह पीड़ित हो रहे निर्दोष, किंतु अपराधी ठहराए गए लोगों के मामलों की वास्तविकता की तह तक जाया जाए और न सिर्फ सजा से उन्हें मुक्त किया जाए अपितु दोषी जवाबदारों को सीखचों के पीछे डाला जाए तभी न्याय का मकसद कि '100 अपराधी बच जाए पर एक निर्दोष को सजा न मिले' पूरा हो सकेगा। इस सिद्धान्त पर अमल होना जरूरी है।

**अमृतलाल मारू**, इंदौर

### गिग वर्कर्स की पीड़ा

**काम** के बदले भुगतान के आधार पर रखे गए कर्मचारियों को गिग वर्कर कहा जाता है। हालांकि, ऐसे कर्मचारी कंपनी के साथ लंबे समय तक भी जुड़े रहते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए काम करने वाले, मसलन, फूड डिलिवर करने वाले कैब ड्राइवर, आदि। पूरे भारत में लगभग 15 मिलियन गिग वर्कर्स हैं। ये गिग वर्कर अमानवीय व्यवहार की कई कहानियां सुनाते हैं। हाल ही में एक फूड डिलीवरी एजेंट का एक्सीडेंट हो गया, उसने कंपनी हेल्पडेस्क को फोन किय। कंपनी ने केवल अपना ऑर्डर देने के लिए प्रतिस्थापन भेजा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई भी नहीं आया। कैब चालकों की भी स्थिति अलग नहीं है। गिग वर्कर्स की मुख्य मांगों में से एक कर्मचारियों के रूप में मान्यता है। अधिकांश गिग वर्कर किसी मंच से जुड़े हैं और सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए कर्मचारियों के रूप में काम करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं, लेकिन उनके 'डिलीवरी पार्टनर्स' या 'तत्काल ठेकेदारों' जैसे नाम हैं, मगर कर्मचारियों के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। सरकार हस्तक्षेप कर गिग वर्कर के लिए नियामक ढांचा बनाए जिससे कि इन श्रमिकों के श्रम अधिकारों की रक्षा की जाए।

**परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

### कोरोना से भय

**विश्व** में तबाही मचा चुके कोरोना महामारी के प्रकोप ने एक बार फिर से लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में काफी तेजी से इसके मामले बढ़ रहे हैं। अप्रत्यक्ष बढ़ोतरी सचमुच चिंताजनक है। खासकर चीन में तो इसके भयावह हलात हैं लगभग 60 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुकी है। अब हमें पुन: सावधानी बरतना आरंभ कर देना चाहिए, कम से कम मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग तो शुरू कर देना चाहिए। नीति आयोग की तरफ से भी लोगों को मास्क लगाने और बूस्टर डोज लेने की अपील की जा रही है। कोरोना के अब तक का अनुभव बताता है कि इस वायरस को किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बार फैल गया तो रोकना बहुत कठिन हो जाएग, वैसे भी हमारे यहा संक्रामक बिमारी काफी तेजी से फैलती हैं। इसलिए सतर्क रहें, स्वस्थ रहें। लेकिन अवसाद व निराशाजनक भावनाओं से बचना भी जरूरी है क्योंकि ऐसा होने पर समस्या और गंभीर हो सकती है।

**नवनीत कुमार**, चंपारण

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कांग्रेस** कोरोना प्रोटोकाल संबंधी सभी निर्देशों का पालन करेगी, पर वह अपनी यात्रा नहीं रोकेगी।

– **सलमान खुर्शीद**
कांग्रेस नेता



**मेरी** राष्ट्रपति जेलेन्स्की से मुलाकात रूस से युद्ध के समय हुई थी। उन्होंने दृढ़ता से अपनी जनता के साथ खड़े रहने का वादा किया था।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप राष्ट्रपति



**न्यायपालिका** को अवैध बनाने की बात मेरी समझ से परे है। यह लोकतंत्र का एक स्तंभ है।

– **जगदीप धनखड़**
उप-राष्ट्रपति

# प्रदूषण फैलाने वाले 46 उद्योग किए बंद, 3.2 करोड़ का ठोका जुर्माना

## पांच होटल-ढाबों को बंद करने के लिए मुख्यालय भेजी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


उद्योग की फाइल फोटो।

**जिले** में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ हरियाणा राज्य प्रदूषण बोर्ड करनाल द्वारा कड़ी कार्रवाई गई है, 46 उद्योगों को बोर्ड अधिकारियों ने बंद किया है साथ ही भारी जुर्माना लगाया है। इनमें से 14 यूनिटों ने से तीन करोड़ दो लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। जबकि नियमों के खिलाफ काम करने वाली यूनिटों पर एक करोड़ रुपये जुर्माना के प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों ने पांच होटल-ढाब संचालकों के खिलाफ नोटिस भेजा है साथ ही करीब पांच उद्योगों को बंद करने के लिए मुख्यालय रिपोर्ट भेजकर परमिशन मांगी है। परमिशन मिलने ही उद्योगों को बंद करने की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विभागीय अधिकारी की मानें तो दो कंस्ट्रशन प्रोजेक्ट, मिलों के खिलाफ सीएक्यूएम यानि सेंटर की टीम ने चेकिंग की थी, जिन्हें प्रदूषण फैलाने के चलते बंद कर भारी जुर्माना लगाया। कंस्ट्रशन ओर राइस मिलों द्वारा करीब 10 लाख 40 हजार रुपशे का जुर्माना जमा करवाया है। यहीं नहीं विभाग द्वारा जुर्माना न भरने वाले करीब 40 मामले पर्यावरण कोर्ट में पहुंचे हैं, जहां पर मामला चल रहा है। उपरोक्त सभी उद्योग ऐसे हैं जिनसे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था, जिसके चलते इन उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई से नियमों के खिलाफ जाकर काम करने वाले उद्योगों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है, जिसका असर ये हुआ है कि त्योहारी सीजन को छोड़कर जिला में प्रदूषण का स्तर सामान्य बना हुआ है। जिससे लोगों को शुद्ध आबो हवा नसीब हो रही है।

> " **हरियाणा** राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि विभाग ने दो सालों में करीब 46 यूनिटों को बंद किया था, इनमें से 14 ने लगाए गए जुर्माना करीब 3 करोड़ 2 लाख रुपये जमा करवा दिया है। इसके अलावा 40 मामले कोर्ट में चल रहे हैं। जबकि करीब 5 होटल, ढाबों को बंद करने के लिए मुख्यालय से परमिशन मांगी है। 5 होटल-ढाबों को नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर की टीम द्वारा कंस्ट्रशन प्रोजेक्ट और राइस मिल में छापेमारी कर बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जिलेभर में प्रदूषण का स्तर सामान्य रखने के लिए लगातार जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं ताकि लोग पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए। ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें साथ ही ऐसे उत्पादों का प्रयोग न करें जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक, इससे पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचता हैं। "

### प्रदूषण कंट्रोल सिस्टम पाए गए बंद

**हरियाणा** राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एक्सईएन शैलेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में जिलाभर में लगातार औचक निरीक्षण, रूटीन चेकिंग के दौरान औद्योगिक यूनिटों में अपनाई जा रही अनिमितताएं सामने आ पाईं। जांच के दौरान पाया गया कि कई यूनिटों में प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए लगाए गए सिस्टम तो है, लेकिन वे बंद पाए गए। जबकि कई यूनिटों में सिस्टम ही नहीं पाए गए, जैसे यूनिटों में एसटीपी नहीं पाए गए। इन सभी खामियों के चलते प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा करीब 46 यूनिटों को बंद कर भारी जुर्माना लगाया। जबकि विभाग का छापामारी अभियान जारी हैं।

### कचरा जलाने वालों पर भी विभाग की नजर

**अमूमन** देखा जाता है कि शहर में कई लोग कचरे के ढेर में आग लगा देते हैं, कई फैक्ट्री संचालक गंदे पानी को बिना ट्रीटमेंट करे, खुले में बहा देते हैं। यहीं नहीं कई यूनिट जैसे तारकोल यूनिट सड़क बनाने से पहले परमिशन नहीं लेते और नई सड़क बनाने व टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए सड़कों के पास ही तारकोल यूनिट लगाकर पर्यावरण में जहरीला धुआं फैलाते हैं। जिस पर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की पूरी नजर रही। जिसके चलते प्रदूषण के स्तर को बढ़ावा देने वाली उद्योगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा सकी।


सुबह कोहरे के बीच लाइट जलाकर जाते वाहन चालक।

# कोहरे ने आमजन को ठिठुराया लगातार बढ़ती जा रही है ठंड

### वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सावधानी बरतें

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**एनसीआर** सोनीपत में भी ठंड और कोहरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। अगर अधिक पाला पड़ता है तो गेहूं की फसल के लिए जहां लाभदायक सिद्ध होगा। वहीं सब्जियों की फसल के लिए नुकसानदायक रहेगा।

जब राहगीरों से बात की तो उनका कहना था कि कोहरे की वजह से वह धीरे-धीरे ही सड़क से गुजरते हुए यहां तक पहुंचे हैं और ठंड भी काफी बड़ी हुई है। धुंध व कोहरे के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है, जिससे हर समय सड़क हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। सर्दी के मौसम में धुंध व कोहरे के दृष्टिगत वाहन चालक भी वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए अतिरिक्त सावधानी बरतें। अति जरूरी हो तो ही यात्रा करें तथा ड्राइविंग से पहले मौसम के पूर्वानुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। धुंध में एहतियाती उपायों से आप स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रख सकेंगे।

### सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें नागरिक : उपायुक्त

**दिन** प्रतिदिन बढ़ रही ठंड में बिमारियों से बचाव को लेकर उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि आमजन शरीर को ढक कर रखें और जरूरी सावधानी बरतें। शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर जांच अवश्य करवाएं।

उन्होंने कहा कि मौसम कड़ाके की सर्दी में बदलता जा रहा है, इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सावधानियां रखना अति जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करें और सुबह शाम नियमित योगा एवं ध्यान करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श की भी अनुपालन करना होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर किए वितरित


जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित करते हुए प्रधानाचार्य व अन्य

**शाहाबाद मारकंडा।** गांव कलसाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला में रोटरी क्लब के सहयोग से कक्षा पहली से बारहवीं तक के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एस.एस. आहूजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि रोटरी क्लब सदस्य समय-समय पर विद्यालय की जरूरत को देखते हुए सहयोग करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अत्यधिक ठंड को ध्यान रखते हुए क्लब द्वारा विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए हैं। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रविंद्र कुमार, राजकुमार, रुपेश, मेघनाथ, सूरजभान, सतीश कुमार, श्याम चरण, बहादुर सिंह, सलिंदर व आशा रानी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### साहिबजादों की याद में लगाया लंगर


नलवी रोड पर राहगीरों को लंगर छकाते गांव ठसका अली और माजरी की सिख संगत।

**शाहाबाद मारकंडा।** गांव ठसका अली और माजरी की संगत द्वारा नलवी रोड पर राहगीरों को रोक-रोक कर चाय और पकोड़े का लंगर छकाया गया। साहिबजादों की याद में सुबह सरबत के भले के लिए अरदास की गई और उसके बाद लंगर शुरू किया गया। इस मौके ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजर कौर और दोनों छोटे साहिबजादों की शहादत गौरवमयी इतिहास से अपने बच्चों को अवगत कराए, ताकि उनके भीतर भी देश और कौम के प्रति सेवा का जजबा बढ़े। इस मौके गांव ठसका अली और माजरी की सिख संगत मौजूद रही।

### जरूरतमंद लोगों को वितरित किए कंबल


बाबैन रसोई पर लोगों को गर्म कंबल वितरित करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा बाबैन रसोई पर लगभग 300 से भी अधिक जरूरतमंद लोगों को सर्दी को देखते हुए कंबल वितरित करने का काम किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस समय भयंकर सर्दी पड़ रही है। जिसके चलते हुए दो दिन पहले लाडवा रसोई पर लगभग 600 लोगों को कंबल वितरित करने का काम किया गया था। अब मंगलवार को बाबैन रसोई पर जो लोग खान जरूरतमंद लोग खाना खाने आते हैं उन्हें लगभग 400 लोगों को कंबल वितरित करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी सेहत का इस समय ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि भयंकर सर्दी पड़ रही है और अपने वाहनों को भी ध्यान से चलाना चाहिए ताकि कोई भी दुर्घटना न हो और जितना हो सके अपने घरों पर ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही लाडवा हल्के में एक रसोई और शुरू की जाएगी। जिसकी सभी व्यवस्था कर ली गई है। मौके पर जिला परिषद सदस्य अशोक सैनी, सरपंच संजीव सिंगला, राकेश अग्रवाल, डॉ. महिन्द्र, अशोक सिंहल, मनोज धवन, सुरजीत सैनी, जस्स, ब्लॉक समिति सदस्य जरनैल सिंह, लवली और गुग्गी आदि मौजूद थे।

# 10वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप (लड़के) में हरियाणा का रहा दबदबा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


गतका प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

**हरियाणा** गतका एसोसिएशन के महासचिव सुखचैन सिंह कलसानी ने बताया कि10वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में हरियाणा ने रनरअप की ट्रॉफी हासिल की है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में 20 राज्यो ने हिस्सा लिया।

नेशनल गतका एसोसिशन के प्रधान हरजीत सिंह ग्रेवाल ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि नेशनल गतका चैंपियनशिप के दौरान फरी सोटी इंडिविजुअल में गुरकीरत सिंह ने गोल्ड मेडल और बेस्ट प्लेयर का अवार्ड प्राप्त किया। वारिसप्रीत ने सिंगल सोटी टीम में ब्राउज मेडल, अनमोल, प्रियांशु और गुरकीरत ने फरी सोटी टीम में ब्राउज, गुरकीरत सिंह ने फरी सोटी इंडिविजुअल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि सहजप्रीत और सुखमान प्रीत, पवित्र व सरताज ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। सीनियर इवेंट में जशन, इंद्रजीत, जशन व जोबन ने ब्राउज मेडल हासिल किया, जबकि अमृतपाल, मिलन, मेजर सिंह ने टीम में ब्राउज मेडल प्राप्त किया है। इस मौके पर नेशनल गतका एसोसिएशन के प्रधान, महासचिव और मैंबर मौजूद रहे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### आनलाइन कार्यशाला का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फैलोशिप कुरुक्षेत्र ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 70 से अधिक शालिनियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के दोनों छोटे बेटों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के साहस तथा बलिदान के लिए उनको श्रद्धांजलि देना था। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता उदयन शालिनी की संयोजिका डॉक्टर सुषमा शर्मा रही। डॉ सुषमा शर्मा ने वीर बाल दिवस के बारे में शालिनियों से विस्तार में चर्चा की। डॉ. सुषमा शर्मा ने सभी सदस्यों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए इसी तरह आगे बढ़ते रहें। उन्होंने हिम्मत ना हारने तथा अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यशाला में हिमांशी, ज्योतिका, ईशा सानिया ने भी विचार व्यक्त किए।

# गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव पर सजाया महान नगर कीर्तन

### नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष संगत ने नवाया शीश

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे।

**साहिब**-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव को समर्पित महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं से सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की छत्रछाया में सजाए गए महान नगर कीर्तन की अगुवाई पांपरिक वेशभूषा में सजे पंज प्यारों ने की।

इस दौरान फूलों से सजी श्री पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने के लिए संगत की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर कीर्तन के शुभारंभ से पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के हैड ग्रंथी भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की। शुभारंभ अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, धर्म प्रचार कमेटी मैंबर तजिंदरपाल सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति मैंबर बीबी रविंदर कौर, शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना ने भी विशेष रूप से हाजिरी भरी। मैनेजर अमरिंदर सिंह ने सभी अतिथिगणों को सिरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। नगर कीर्तन के आगे-आगे संगत ने सफाई करते हुए जल का छिड़काव कर सेवा की। जगह-जगह संगत ने स्टाल लगा कर फल, ब्रैड पकौड़े व चाय की सेवा करते हुए पुण्य कमाया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं से शुरू होकर बिरला मंदिर, शास्त्री मार्किट, मौती चौंक, शेख चहेली मकबरा, झांसा रोड, किला तेज प्रताप सिंह, रोटरी चौक, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में पहुंचा।

# शहीदी दिवस पर पत्रकारों ने कराया सुरनमणी साहब का पाठ

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**प्रेस** क्लब ऑफ डिस्ट्रिक्ट यमुनानगर की ओर से सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे के शहीदी दिवस पर जिला मीडिया सेंटर में पूरी मर्यादा के साथ सुखमनी साहिब का पाठ कराया। इसके बाद लंगर का सभी ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान सभी पत्रकार साथियों ने मिलकर सुखमनी साहिब का पाठ किया और गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादे के इतिहास को भी जाना। प्रेस क्लब ऑफ यमुनानगर के प्रधान प्रभजोत सिंह (लकी) ने बताया कि पत्रकारों को अपनी लेखनी के अलावा समाज के हर क्षेत्र में अपना सहयोग देना चाहिए। हमें अपने गुरुओं के इतिहास को को याद कर उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी पत्रकारों को हर तरह से योगदान देना चाहिए। इस मौके पर हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रामनिवास गर्ग, हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमैन रोजी आनंद मलिक, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चावला, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य श्यामसुंदर बत्रा, आकाश बत्रा, अंग्रेज गाबा, आम आदमी पार्टी के ललित त्यागी, आप पार्टी के युवा अध्यक्ष राजविंदर सिंह छिंदो शामिल हुए।

# युवा पीढ़ी को सिख सजने और रहत मर्यादा का पालन करने का संदेश दे रहा मंगल सिंह

पायनियर समाचार सेवा।
शाहाबाद मारकंडा,



पंजाब नेशनल बैंक चौंक पर युवाओं को संदेश देता मंगल सिंह।

**युवा** पीढ़ी को सिख सजने और रहत मर्यादा की पालना करने का संदेश दे रहा मंगल सिंह। सोमवार रात और मंगलवार सुबह मंगल सिंह पंजाब नेशनल बैंक चौक पर अकेला खड़ा हर आने जाने वाले को संदेश देता दिखाई दिया। मंगल सिंह ने कहा कि छोटे साहिबजादों की शहादत को वह नमन करते हैं और वह सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह करते है कि इस शहीदी सप्ताह में किसी को भी कोई खुशी नहीं मनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुगलिया हुकूमत के जुल्मों सितम के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों और माता गुजर कौर जी से प्रेरणा लेते हुए युवा पीढ़ी को अपने केश क़त्ल नहीं करने चाहिए। मंगल सिंह के प्रोत्साहित करने आए समाजसेवी हरिंदर सिंह कोहली ने कहा कि आज सिख नौजवान और बच्चे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की विचारधारा से दूर जा चुके हैं। उन्होंने युवाओं को अमृतपान कर सिंघ सजने हेतु प्रेरित किया।

# 50 से ज्यादा अनएकेडमी लर्नर्स ने कैट 2022 की परीक्षा में 99 पर्सेंटाइल हासिल की

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

### 74 लर्नर्स ने 98 पर्सेंटाइल और 53 लर्नर्स ने 99 पर्सेंटाइल हासिल की

**भारत** के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म, अनएकेडमी ने घोषणा की कि इसके 50 से ज्यादा लर्नर्स ने कैट 2022 परीक्षा में 99 पर्सेंटाइल प्राप्त की है। सर्वोच्च पर्सेंटाइल पाने वाले विद्यार्थियों में मृदुल अग्रवाल (कोलकाता, 99.99), अनीष कुमार सिंह (जमुई, 99.8), नमन कोठारी (अहमदाबाद, 99.97), कृष बहरवानी (इंदौर, 99.97), आदित्य प्रकाश सिंह (नवी मुंबई, 99.97), अदिथ तीरथ संजनवाला (नवसारी, 99.90), नितिन मंगला (बहादुरगढ़, 99.89), कृष्णा गोयल (खैरथल, 99.87) शामिल थे।

ऑनलाईन लर्निंग छोटे शहरों के लर्नर्स को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ बना रही है। अनएकेडमी भारत में अपने लर्नर्स को सर्वश्रेष्ठ एजुकेटर्स, पर्सनलाईज्ड ऑनलाइन मेंटरशिप, और सर्वश्रेष्ठ लर्निंग का अनुभव प्रदान कर सशक्त बना रहा है, और उन्हें अपने लक्ष्य के नजदीक ले जा रहा है।

### परिणाम की मुख्य झलकियां

-74 लर्नर्स ने 98 पर्सेंटाईल पाई।
- 53 लर्नर्स ने 99 पर्सेंटाईल पाई।
-1 लर्नर ने 99.99 पर्सेंटाईल पाई।

अनएकेडमी कैट परीक्षा की तैयारी के लिए अग्रणी ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यहां लर्नर्स को सर्वोच्च एजुकेटर्स, जैसे उदित सैनी, रवि प्रकाश, लोकेश अग्रवाल, अभिलाषा स्वरूप, शबाना, डॉ. निशांत गुप्ता आदि के मार्गदर्शन में तैयारी करने का मौका मिलता है।

# कम खर्च में भी घर को दे सकते हैं लक्जरियस लुक

पायनियर समाचार सेव। नई दिल्ली।

**शानदार** इंटीरियर वाला लक्जरियस घर हर किसी को पसंद होता है। हालांकि अक्सर यह माना जाता है कि घर को लक्जरियस बनाना बहुत खर्च का काम है। वागमा ने डिजाइंस इसी सोच को बदलने का बीड़ा उठाया है। वागमा डिजाइंस की संस्थापक, चीफ इंटीरियर डिजाइनर और आर्किटक्ट मंजरी शर्मा पिछले 20 साल से ज्यादा समय से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में गुरुग्राम स्थित वागमा डिजाइंस दिल्ली-एनसीआर की शीर्ष इंटीरियर डिजाइनर कंपनियों में गिनी जाती है।

वाल फिनिश, आर्टवर्क, डोर फिनिश और पर्दे समेत कई ऐसे विकल्प हैं, जो घर के लुक को निखारते हैं। कम लागत में घर को लक्जरियस लुक देने के बारे में मंजरी बताती हैं कि लाइटिंग किसी भी घर को निखारने में बहुत अहम भूमिका निभाती है। इसमें नेचुरल और आर्टिफिशियल दोनों तरह की लाइटिंग की भूमिका होती है। अगर लाइटिंग अरेंजमेंट सही हो तो आपका लिविंग स्पेस चमक उठता है।

एक जैसी लाइटिंग के बजाय घर के अलग-अलग हिस्से को हाइलाइट करने के लिए लाइटिंग के अलग-अलग पैटर्न का प्रयोग करना ज्यादा अच्छा लुक देता है। इसी तरह घर में कुछ आर्ट पीस रखना और खिड़कियों को खास ढंग से सजाना भी ऐसे ही विकल्प हैं। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर घर को निखारा जा सकता है। वह एक बात का ध्यान रखने पर जोर देती हैं कि घर में चीजों का बिखराव नहीं दिखना चाहिए। मंजरी कहती हैं कि जैसे किसी इंसान को देखते समय सबसे पहले ध्यान उसके जूतों की ओर जाता है, ऐसे ही घर के फुट रग्स भी होते हैं। अच्छे फुट रग्स आपके घर की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं। इसी तरह पेंट चुनते समय भी बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। किस दीवार पर रोशनी ज्यादा आती है और किस दीवार पर कम, इसका ध्यान रखते हुए हल्के या गहरे रंग का चयन करना चाहिए। रोशनी वाली दीवारों पर थोड़ा डार्क और डार्क दीवारों पर लाइट पेंट का प्रयोग किया जाना चाहिए।

### जिले में बीपीएल कार्ड बनने शुरू

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिले में बीपीएल कार्ड बनने शुरू हो गए हैं। पीपीपी में 1 लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले पात्र परिवार किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर अप्लाई करके अपना राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। अब राशन कार्ड के लिए किसी कार्यालय में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने सभी जिलावासियों से अपील की है कि पात्र परिवार जल्द से जल्द अपना राशन कार्ड बनवा लें। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड, पीपीपी के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। पात्र परिवार जब भी कॉमन सर्विस सेंटर पर राशन कार्ड बनवाने के लिए जाएं।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060121726223 **आर्यन्स शर्ट्रिंग स्टोर (ऋणी),** अमित कुमार सोनी (सह-ऋणी), नीधी (सह-ऋणी) | 14 सितम्बर 2022 ₹ 1097930/- अक्षरे दस लाख संतानबे हजार नो सौ तीस मात्र दिनांक 12 सितम्बर 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगरपालिका खेवत नं. 8 खतौनी नं. 10 खसरा नं. 12 पुराना हमीदा यमुना नगर हरियाणा **क्षेत्रफल 300 वर्ग गज** | 24 दिसम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060121219108 **अमर सिंह (ऋणी),** सुमन (सह-ऋणी) | 13 जून 2022 ₹ 902391/- अक्षरे नो लाख दो हजार तीन सौ इकरानबे मात्र दिनांक 10 जून 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 996/1 (2-7), बैंक कॉलोनी बहादुरगढ़, जिला - झज्जर, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज**, पूर्व : अशोक कुमार का मकान, पश्चिम : पारस का प्लॉट, उत्तर : बंगाली का मकान, दक्षिण : रोड | 23 दिसम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थानः हरियाणा** **दिनांकः 27-दिसम्बर-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# एक नए परिवर्तन का इतिहास रचेगी भारत जोड़ो यात्रा : सांसद दीपेंद्र हुड्डा

## सात जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा करनाल में प्रवेश करेगी

एजेंसी। करनाल

**कांग्रेस** के राज्य सभा सासंद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि भारत जोड़ो यात्रा निश्चित ही देश की राजनीति मे परिवर्तन का इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश को तोड़ने की बात करती है, जबकि कांग्रेस देश को जोड़ने की बात करती है। हरियाणा राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत के लिए उत्साहित और प्रतीक्षारत है। उन्होंने कहा कि यात्रा सात जनवरी को दोपहर में करनाल पहुंचेगी। वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जाट धर्मशाला में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर छह जनवरी को पानीपत में आयोजित ऐतिहासिक रैली में लाखों की भीड़ जुटाने का संकल्प लिया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह ने कहा कि देश भर में भारत जोड़ो यात्रा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है। यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी को एक जन नायक के रूप में अभूतपूर्व जन समर्थन मिल रहा है। यात्रा में मिल रहे अपार जन समर्थन के कारण भारतीय जनता पार्टी में हड़कम्प मचा है। उन्होंने कहा कि पानीपत में छह जनवरी को होने वाली रैली इतिहास रचेगी। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से रैली में लाखों की भीड़ जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी भारत जोड़ो यात्रा को पहले चरण में ऐतिहासिक जनसमर्थन मिला है। दूसरे चरण की यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। दूसरे चरण की यात्रा को लेकर हरियाणा भर के लोगों में भारी उत्साह है। करनाल में लोग इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


मीटिंग में बोलते हुए पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा व कांग्रेसी कार्यकर्ता।

### कार्यकर्ता यात्रा के स्वागत को लेकर एकजुट

**कांग्रेस** के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता यात्रा के स्वागत को लेकर एकजुट हैं। प्रदेश में यात्रा के स्वागत के लिए सभी इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जो जनसमर्थन की आंधी चल रही है। उसमें भाजपा का सफाया हो जाएगा। इस अवसर पर करनाल के प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह, पूर्व मंत्री भीम सैन मैहता, पूर्व विधायक राकेश काम्बोज, नरेंद्र सांगवान, जिले राम शर्मा, सुमिता सिंह, कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, डॉ. सुनील पवार, अनिल राणा, पीसीसी कमल मान, राजेश वैद्य, रघुवीर संधू, कृष्ण बसताडा, ललित अरोड़ा, सतपाल जानी, हरी राम सांभा, पप्पू लाठर नैन पाल राणा, रणपाल संधू, डॉ. गीता रानी, मीनू दुआ, सुरजीत राणा, एमएस महेंद्रु, जोगिंद सिह चौहान, जसवन्त सिंह, सुनेहरा वाल्मीक, ललित बूटाना, इंद्रजीत गुराया, ओम प्रकाश सलुजा, रानी कांबोज, रघुवीर बलाडी, रोहित जोशी, अनिल शर्मा, नरेंद्र सिंह अग्गी जोगा, अमरजीत सिंह धीमान, सुखविंदर बीडमाजरा, पराग गाबा, सुनीता बतान, पिर्थी भाट सुरजीत सैनी आदि मौजूद थे।

### यात्रा का होगा भव्य स्वागत :पूर्व विधानसभा स्पीकर

यात्रा के करनाल संयोजक तथा हरियाणा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि करनाल में भारत जोड़ो यात्रा का जोरदार स्वागत होगा। उन्होंने कहा कि करनाल के लोग स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि करनाल में भारत जोड़ो यात्रा सात जनवरी को घरौंडा, पहुंचेगी वहां से बसताड़ा, अर्पणा हास्पीटल, मधुबन, नई अनाज मंडी, नमस्ते चौक, मीराघाटी चौक, सब्जी मंडी चौक, महर्षि वाल्मीक चौक, बस स्टैंड, मानव सेवा संघ चौक, डॉ. अंबेडकर चौक, महात्मा गांधी चौक, महाराजा अग्रसेन चौक पहुंचेगी। लिबर्टी चौक से आगे बढ़ते हुए झिलमिल ढाबे पर पहुंचेगी।


सदस्यों को संबोधित करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

# आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा की भावी योजनाओं पर मंथन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आर्य** प्रतिनिधि सभा हरियाणा की कॉलेजियम सदस्यों एवं कार्यकारिणी की एक अहम विचार गोष्ठी गुरुकुल कुरुक्षेत्र में सभा प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें सभा की भावी कार्ययोजनाओं पर मंथन किया गया।

विचार गोष्ठी में उपस्थित कॉलेजियम सदस्यों को महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत का आर्शीवचन भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सभा प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य, उपप्रधान देशबन्धु मदान, मंत्री उमेद शर्मा, उपमंत्री अनुराग आर्य, कोषाध्यक्ष सुमित्रा आर्या, सतीश बंसल सहित राममेहर आर्य, जितेन्द्र कादियान, बलवान आर्य, देवदत्त आर्य, नायब सिंह, विजयपाल, रमेश आर्य, विरेन्द्र आर्य, रघुबीर आर्य, डॉ. राजिन्द्र विद्यालंकार, जगदीश आर्य, शिवकुमार आर्य, आचार्य ऋषिपाल, जयदेव आर्य और जगदेव आर्य सहित सभी 105 कॉलेजियम सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. राजिन्द्र विद्यालंकार द्वारा किया गया। वहीं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, मुख्य अधिष्ठाता दिलावर सिंह, उप प्रधान सतपाल काम्बोज, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, महाश्य जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य, मनीराम आर्य भी उपस्थित रहे। गुरुकुल में पहुंचने पर प्रधान राजकुमार गर्ग ने सभी कॉलेजियम सदस्यों का जोरदार स्वागत किया।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा आर्य समाज को नई गति देने के लिए वेद प्रचार और आर्य वीरदल के कार्य को विस्तार देना होगा। आर्य वीर दल युवाओं के लिए आर्य समाज में आने का एक मुख्य द्वार है जो स्कूल, कॉलेज में शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शारीरिक और चारित्रिक रूप से न केवल मजबूत बनाता है बल्कि उनके अच्छे विचारों का सूत्रपात करता है। आज युवाओं को सबसे ज्यादा अच्छे विचारों की आवश्यकता है जो केवल आर्य समाज के माध्यम से उन्हें दिये जा सके हैं। आर्य समाज को विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और श्रेष्ठजनों का समूह है। आर्य समाज के वेद प्रचार कार्य को भी नई गति देने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त-समाचार

### लाडवा रोड पर लगाया लंगर


लाडवा रोड पर राहगीरों को लंगर छकाती सिख संगत।

**शाहाबाद मारकंडा।** लाडवा रोड पर सिख संगत द्वारा साहिबजादों की याद में चाय और पकोड़ो का लंगर चलाया गया। सर्वप्रथम दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजर कौर और दोनों छोटे साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए सरबत के भले के लिए अरदास की गई और उसके बाद लंगर शुरू किया गया। संगत को ठठुराती ठंड में संगत ने रोक-रोक कर लंगर छकाया। इस मौके हरप्रीत सिंह चीमा, लाडी चीमा, प्रिंस चीमा, नीरज कुमार, कुलदीप चीमा और मनवीर सिंह के इलावा संगत मौजूद रही।

### मॉक ड्रिल से जानी कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारी


मॉल ड्रिल के दौरान सिविल सर्जन डॉ. योगेश शर्मा।

**करनाल।** सिविल सर्जन करनाल डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के संभावित खतरे को देखते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव (हैल्थ) व महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के आदेशानुसार जिला नागरिक अस्पताल करनाल, कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कालेज एवम अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मंगलवार को कोविड-19 प्रबन्धन के लिए मॉक ड्रिल की गई। इस मॉक ड्रिल में कोविड-19 बीमारी के प्रबन्धन के लिए आइसोलेशन बैड, आक्सीजन स्पोंटिड बैड, आई.सी.यू. बैड, वैटिंलेटर, डाक्टर, स्टाफ नर्स, एम्बुलैंस, टैस्टिंग किट, दवाईयां, उपकरणों आदि से सम्बन्धित सभी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान सभी उपकरणों के क्रियाशील होने की भी जांच की गई तथा भारत सरकार के पोर्टल पर भी उपरोक्त सभी डिटेल अपडेट की गई। इस दौरान वहां पीएसए प्लांट, आईसीयू (व्यस्क एवं बच्चे), आइसोलेशन वार्ड, लैब की जॉच व अन्य सुविधाओं का ब्यौरा लिया गया। शुरूआती तौर पर जिला करनाल में कोविड-19 बीमारी के लिए 300 आइसोलेशन बैड, 120 आई.सी.यू. बैड, 80 वैटिलेटर, 80 आक्सीजन सिलैन्डर, 459 आक्सीजन कन्सन्टेटर उपलब्ध है। जिला नागरिक अस्पताल करनाल में 2 पीएसए प्लांट, कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कालेज, सीएचसी इन्द्री, असन्ध,घरौडा व नीलोखेड़ी में एक-एक पीएसए प्लांट क्रियाशील है।

### पंज प्यारों के नेतृत्व में सजाया विशाल नगर कीर्तन



**शाहाबाद मारकंडा।** साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित महान नगर कीर्तन मंगलवार को सिख संगत द्वारा सजाया गया। सिख मार्शल आर्ट के हैरतअंगेज करतब, गुरबाणी सिमरन पर स्कूली बच्चों की कोरियोग्राफी और धार्मिक कविताएं आदि नगर कीर्तन में आकर्षण का केंद्र बनी रही। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब शाहाबाद से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में शुरू हुए महान नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारों ने की। फूलों से सजी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी के साथ-साथ भारी संख्या में संगत चलती रही। इस दौरान गुरुद्वारा मस्तगढ़ साहिब जी के हजूरी रागी जत्था भाई लखविंदर सिंह एंव साथियो और भाई सरूप सिंह एंव साथियो द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया। नगर कीर्तन में मुख्य रूप से लोकल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुखवंत सिंह, कुलवंत सिंह चावला, सुखा सिंह, सुखवीर सिंह नगला, त्रिलोचन सिंह हांडा, अमनदीप सिंह, मंजीत सिंह, कुलवंत सिंह, अवतार सिंह, बलिहार सिंह, सुखबीर सिंह आदि मौजूद थे।

# मेला मूमेंट्स फोटो कोंटेस्ट में भाग लेकर जीतें इनाम

## भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने शुरू की प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने मेला फोटो प्रतियोगिता आरंभ की है। इस कोंटेस्ट में कोई भी आम नागरिक भाग ले सकता है। उपायुक्त ललित सिवाच ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शरद नवरात्र से चैत्र नवरात्र तक हमारे देश-प्रदेश में विभिन्न मेलों का आयोजन किया जाता है। होली, मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, फागुन मास इस अवधि में आते हैं। जिला में भी स्थानीय स्तर पर गांवों में मेलों का आयोजन होता रहता है। इन मेलों में फोटो प्रतियोगिता के हिसाब से चटोरी गली, मेला वाइब्स, मेला फेसिज, मेला स्टाल्स के नाम से चार श्रेणी बनाई गई हैं, जिनकी कैटेगरी अनुसार फोटो खींच कर माईजीओवी.इन पोर्टल पर अपलोड की जा सकती हैं। इन फोटो को संस्कृति मंत्रालय के सोशल मीडिया ग्रुप में भी भिजवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मेला मूमेंट्स फोटो कोंटेस्ट की हर महीने तीन श्रेष्ठ फोटो को पुरस्कृत किया जाएगा। इनको प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7500 रुपये व तृतीय पुरस्कार पांच हजार रुपये का दिया जाएगा। ग्रेंड फिनाले में पहला इनाम एक लाख रुपय, दूसरा 75 हजार रुपये व तीसरा 50 हजार रुपये का रखा गया है। इसलिए युवा और अनुभवी फोटाग्राफर अपना उत्साह दिखाते हुए मेलों की अलग-अलग फोटो लेकर इस प्रतियोगिता के लिए भेज सकते हैं।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर ब्याज में मिलेगी सौ प्रतिशत छूट

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 दिसंबर, 2022 तक जमा कराए जाने पर ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बहुत बड़े वर्ग को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठाएं।

यह जानकारी नगर निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता ने दी। नगर निगम आयुक्त ने शहर में बड़ी प्रॉपर्टी से जुड़े बकायेदारों से आह्वान किया कि जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं, ताकि नगर निगम के खजाने में विकास कार्यो के लिए पैसा प्राप्त हो सके। हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है।

# नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नेहरू** युवा केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र, ग्राम पंचयात, मुर्तजापुर, ग्राम पंचयात बीबीपुर कलां एवं ग्रामीण युवती विकास मंडल, मुर्तजापुर के सहयोग से खंड पिहोवा के गांव मुर्तजापुर में खंड स्तर पर ग्राम समूह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गांव मुर्तजापुर के सरपंच के पिताजी जगत राम एवं बीबीपुर कलां की सरपंच सत्य रानी, सेवानिवृत मार्किट कमेटी सेक्रेटरी रामकुमार, राजेश कुमार, बीबीपुर कलां के पूर्व सरपंच देवेन्द्र राणा, मेहंदर सिंह, धनसिंह, कुलदीप गोलन आदि ने रीबन काटकर किया। मुर्तजापुर से जगत राम एवं बीबीपुर कलां की सरपंच सत्य रानी ने बताया की खेल और स्पोर्ट्स हमारे लिए बहुत ही लाभदायक हैं क्योंकि वे हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेल हमारे, आत्म विश्वास के स्तर का निर्माण कर स्वयं में सुधार करना सिखाते है। इस खंड स्तरीय कार्यकम में विभिन्न गांव के युवाओं ने कबड्डी, वालीबाल, दौड़, स्पून रेस, लॉन्ग जम्प आदि प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता में डीएवी, पिहोवा की टीम प्रथम एवं दीवाल इन्टरनेशनल स्कूल की टीम द्वितीय रही, वालीबाल प्रतियोगिता में टैगौर पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम एवं योगेश्वर गुरुकुल की टीम द्वितीय रही, 400 मीटर पुरुषो की दौड़ प्रतियोगिता में वीरेंदर प्रथम, तनवीर द्वितीय और अरुण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते कार्यक्रम के आयोजक।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर शहर में निकाला नगर कीर्तन

## नगर कीर्तन संगत का मेयर निखिल मदान ने किया स्वागत

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**मंगलवार** को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क द्वारा सिखों के दसवें गुरु श्रीगुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व से पहले शहर में सुंदर झांकियों एवं पालकी हुजूर के साथ नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे शहर में निकाले गए नगर कीर्तन का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इसी क्रम में मेयर निखिल मदान ने नगर कीर्तन का अपने कार्यालय के सामने पहुंचने पर नगर कीर्तन में शामिल पंज-प्यारों का फूल मालाओं से स्वागत किया।


नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते मेयर निखिल मदान।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिख सम्प्रदाय के दसवें गुरु श्रीगुरु गोबिंद सिंह का जीवन एक धर्म विशेष के लिए ही नहीं, अपितु समस्त मानव जाति के लिए अपने धर्म पर अडिग रहने, देशभक्ति और वीरता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने अन्याय, अत्याचार और पापों का खत्म करने के लिए और गरीबों की रक्षा के लिए मुगलों के साथ युद्ध लड़े। धर्म के लिए समस्त परिवार का बलिदान किया। जिसके लिए उन्हें सरबंसदानी (पूरे परिवार का दानी) भी कहा जाता है।


# आत्मनिर्भर अभियान के तहत नए उद्यमियों से प्रस्ताव आमंत्रित : उपायुक्त

## सहायता ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत अनुदान

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना को प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा सरकार ने आत्मनिर्भर अभियान के अंतर्गत नए उद्यमियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

सरकार की ओर से नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जोकि अधिकतम 10 लाख है। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि इस योजना के तहत नए व मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, उद्योग एवं व्यापार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वे केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना के तहत किसान उत्पादक संगठनों, कृषि उत्पाद कंपनी, स्वयं सहायता समूह, सहकारी समिति को एक करोड़ का लोन और 35 प्रतिशत सब्सिडी, अधिकतम दस लाख रुपये तक प्रदान की जा रही है।


जिला उपायुक्त ललित सिवाच।

# सुप्रीम कोर्ट के जज ने अधिवक्ताओं को न्याय और कानून संबंधित दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अखिल** भारतीय अधिवक्ता परिषद की ओर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गीता सदन में 16वें तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय पुनरोत्थान शील भारत के 75 वर्ष विधि एवं न्याय की बदलती रूपरेखा है।

इस सम्मेलन में देशभर के 28 राज्यों से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहुंचे 3000 से अधिक अधिवक्ता भाग ले रहे हैं। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह खरकाली ने सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे 3000 से अधिक अधिवक्ताओं का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में जहां देश के 28 राज्यों से आए 3000 से अधिक अधिवक्ताओं ने पंजीकरण करवाया है वहीं फ्रांस, बांग्लादेश, इटली, भूटान, कैनेडा से भी 50 से अधिक अधिवक्ता इस सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे हैं। तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन प्रात: जहां नेशनल एग्जीक्यूटिव की मीटिंग हुई। वहीं उद्घाटन सत्र दोपहर 2:30 से 5:30 तक चला। उद्घाटन उद्घाटन सत्र की शुरूआत सुप्रीम कोर्ट के जज सूर्यकांत, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज गुरपाल सिंह, दिल्ली हाईकोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा, हरियाणा लॉ कमीशन के सदस्य मुकेश गर्ग, एडवोकेट जनरल हरियाणा बलदेव राज महाजन आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस सत्र की अध्यक्षता और वोट आफ थैंक्स श्रीनिवास मूर्ति ने किया।


सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथि।

# ऊर्जा संरक्षण के लिए करें काम, सोलर ऊर्जा से जुड़ी स्कीमों का उठाएं लाभ : डॉ. वैशाली शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि हमें ऊर्जा संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। इसमें एक-एक व्यक्ति अपना योगदान दे सकता है। हमें घरों में जरुरत न होने पर लाइटें, बिजली के पंखे व अन्य बिजली उपकरणों को बंद रखना चाहिए। इससे ऊर्जा की बचत की जा सकती है। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि हमें सौर ऊर्जा की ओर भी बढ़ना चाहिए तथा प्रत्येक नागरिक को ऊर्जा संरक्षण के उपाय अपनाने चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा मंगलवार को नीलोखेड़ी स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में नवीकरणीय ऊर्जा पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थीं। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नई-नई योजनाएं लेकर आ रही है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत सौलर वाटर पंपिग सेट लगाने पर 75 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है। इसके लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर अप्लाई किया जा सकता है। इसके साथ-साथ सोलर इन्वर्टर चार्जर स्कीम चलाई जा रही है। इस स्कीम के अंतर्गत 320 वाट का सोलर इन्वर्टर चार्जर लगाने पर 6 हजार सब्सिडी व 640 वाट का चार्जर लगाने पर 10 हजार रुपये सब्सिडी दी जा रही है। डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के लिए भी सब्सिडी दी जा रही है। इन सोलर पैनल को लगवाने पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है।


सेमिनार में एडीसी का स्वागत करते हुए।

### बायोगैस प्लांट स्थापित करने पर दी जा रही सब्सिडी

**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि बायोगैस प्लांट स्थापित करने पर हरियाणा सरकार 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है। इससे दूध डेयरी, गौशालाओं के पास बायोगैस प्लांट लगाकर खाद, बिजली और कुकिंग गैस का उत्पादन करने का मौका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकारी विभागों में भी निरंतर सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं। इससे ऊर्जा की बचत होती है।

### कार्यक्रम में ये रहे मुख्यातिथि

**कार्यक्रम** में पहुंचने पर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के रजिस्ट्रार कैलाश चंद्र ने एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। विभागाध्यक्ष मैकेनीकल कमलजीत मोतिया, सहायक प्रो. डॉ. जितेन्द्र कटारिया, अप्लाईड साइंस के विभागाध्यक्ष टीआर मुदगिल व रिटायर्ड प्रो.जेके कामरा ने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपना व्याख्यान दिया।

# प्रिंट्स पब्लिकेशन और एडविट टॉयज दिल्ली पुस्तक मेला 2022 में लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

**दिल्ली** पुस्तक मेला-2022, 22 से 26 दिसंबर तक दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया। इस 26वें दिल्ली पुस्तक मेले में प्रिंट्स पब्लिकेशन और एडविट टॉयज हॉल 4-12 डीईएफ में अपने प्रोडक्ट की नई रेंज प्रदर्शित की। यह बुक बोनांजा इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा संचालित किया गया।

प्रिंट्स पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव गुप्ता कहते हैं कि, प्रिंट्स पब्लिकेशन्स ने हमेशा हर उस साहित्यिक लेखन के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन बनने की कोशिश की है जो किसी भी तरह से समाज के लिए सूचनात्मक हो। चूंकि यह मेला दिल्ली में 2019 के बाद पहला फिजिकल पुस्तक मेला है, इसलिए इस आयोजन में आने वाले लोगों की संख्या काफी अच्छी रही।

# पीएम सिर्फ तीन घंटे के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर देखें : कांग्रेस

## तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से यूपी में दाखिल होगी यात्रा

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक हमलों को लेकर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाथ में तिरंगा लेकर इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित हैं क्योंकि इससे मन के सारे विकार खत्म हो जाएंगे।





पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि सत्तापक्ष को राहुल गांधी और यात्रा को लेकर झूठ फैलाने और आधारहीन बातें करने की बजाय अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी यह यात्रा लोगों को जोड़ने, लोगों के मन से नफरत और ईर्ष्या मिटाने के लिए कर रहे हैं। कहा, मोदीजी से आग्रह है कि आप हाथ में तिरंगा लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व में तीन घंटे इस यात्रा में चलिए। मन से सारे विकार निकल जाएंगे। वल्लभ ने तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी, आप अपने साथ अमित शाहजी को लाइए और उन्हें सिर्फ 15 मिनट चलवाइए, स्मृति ईरानी को पांच मिनट के लिए चलने के लिए कहिए। इतने में भी उन्हें फायदा मिलेगा।

उन्होंने दावा किया, जब हाथ में तिरंगा होगा और भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगेंगे तो आपके अंदर से नफरत, ईर्ष्या और द्वेष का भाव खत्म हो जाएगा। फिर आप लोग कंटेनर, टी-शर्ट, जूतों के बारे में बात करना छोड़ देंगे तथा यह सोचेंगे कि अर्थव्यवस्था में सुधार कैसे हो, रोजगार कैसे दिए जाएं। वल्लभ ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता यह कहकर अटल बिहारी वाजपेई का रोजाना अपमान करते हैं कि पिछले 70 वर्षों में कुछ नहीं हुआ जबकि इन 70 वर्षों में छह साल वाजपेई ने सरकार का नेतृत्व किया था।

### कांग्रेस ने जारी किया यूपी में भारत जोड़ो यात्रा का रूट मैप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को राज्य में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा का रूट मैप जारी किया। यह यात्रा तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी इलाके से राज्य में दाखिल होकर शामली के कैराना होते हुए हरियाणा कूच कर जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक ललन कुमार ने बताया कि पार्टी ने राज्य में भारत जोड़ो यात्रा का रूट मैप जारी कर दिया है। इसके तहत यात्रा आगामी तीन जनवरी को गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में दाखिल होगी और उस दिन यह कारवां लोनी तिराहे तक जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले दिन चार जनवरी को यात्रा बागपत के मवी कलां पहुंचेगी और बागपत शहर तथा इसी जिले के सिसाना, सरूरपुर और बड़ौत होकर निकलेगी। अगले दिन पांच जनवरी को यात्रा शामली जिले के ऐलम पहुंचेगी और कांधला, ऊंचा गांव और कैराना से गुजरेगी। कैराना राजनीतिक तथा सांप्रदायिक लिहाज से संवेदनशील माना जाता है।

### प्रज्ञा के बयान पर कांग्रेस ने की देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि हिन्दू समुदाय के सदस्यों से अपने घरों में चाकुओं को धारदार रखने वाले बयान के लिए भोपाल सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए, जबकि भाजपा ने बयान का बचाव करते हुए कहा है कि यह बयान महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए दिया गया था। ठाकुर ने रविवार को कर्नाटक के शिवमोगा में एक कार्यक्रम में हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या की घटनाओं के मद्देनजर कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने विवादास्पद बयान देते हुए समुदाय के सदस्यों से अपने घरों में चाकुओं को धारदार रखने को कहा था, क्योंकि सभी को अपनी रक्षा करने का अधिकार है।

### अमेरिका : पश्चिमी न्यूयॉर्क में तूफान संबंधी घटनाओं में 28 की मौत



**बफेलो (अमेरिका)।** पश्चिमी न्यूयॉर्क में बर्फीले तूफान संबंधी घटनाओं में 28 लोगों की मौत हो गई। अमेरिका में आए बर्फीले तूफान के चलते देश के कई हिस्सों में भीषण ठंड जारी है। पश्चिमी न्यूयॉर्क में लोगों को भारी हिमपात का सामना करना पड़ रहा है। तूफान और हिमपात ने बफेलो के लिए भी स्थिति कठिन कर दी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, मंगलवार तक पश्चिमी न्यूयॉर्क के कुछ इलाकों में नौ इंच तक बर्फ गिर सकती है।

एरी काउंटी के कार्यकारी अधिकारी मार्क पोलोनकार्ज ने कहा, यह अभी थमने नहीं वाला। यह संभवत: हमारे जीवन का सबसे खतरनाक तूफान है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# गांधी परिवार भारतीय राजनीति का सबसे भ्रष्ट परिवार : भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा की, भूमि खरीद प्रकरण से जुड़े एक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को गांधी परिवार को कट्टर पापी परिवार और भारतीय राजनीति का सबसे भ्रष्ट परिवार करार दिया।

पार्टी प्रवक्ता ने वाड्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों का दिया उदाहरण



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी को वाड्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए क्योंकि यह मामला उस वक्त का है जब उनकी पार्टी हरियाणा और राजस्थान के साथ साथ केंद्र की सत्ता में भी थी। कांग्रेस दावा करती रही है कि वाड्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय ने वाड्रा और उनकी मां से जुड़ी एक कंपनी (स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी) द्वारा बीकानेर में कथित संदिग्ध तरीकों से जमीन खरीदने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच निरस्त करने की मांग करने वाली याचिका पिछले सप्ताह खारिज कर दी थी। भाटिया ने आरोप लगाया, यह भारत का कट्टर पापी परिवार है।

इसका एकमात्र काम भ्रष्टाचार करना और वाड्रा को सौंपने के लिए जमीन हड़पना है। उन्होंने वाड्रा के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई के कांग्रेस के दावे को भी खारिज कर दिया और कहा कि यह न्यायपालिका पर आक्षेप लगाने जैसा है, जिसने वाड्रा के खिलाफ आरोपों को खारिज करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, वे भारतीय राजनीति में सबसे भ्रष्ट परिवार हैं। परिवार के तीन सदस्य भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर हैं।

भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाली सरकार के लिए यह चिंता का गंभीर विषय है।

भाटिया का इशारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की ओर था।

# सलमान खुर्शीद ने राहुल की तुलना भगवान राम से की

एजेंसी। मुरादाबाद

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की क्षमता को असीमित बताते हुए उन्हें न केवल योगी और सुपर ह्यूमन कहा बल्कि उनकी तुलना भगवान राम से करते हुए कहा कि कांग्रेसी उनकी खड़ाऊ लेकर चल रहे हैं।

मंगलवार को खुर्शीद के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सलमान खुर्शीद साहब के बयान को चारण संस्कृति के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## भाजपा ने कहा, कांग्रेस की यह चारण संस्कृति है

मध्ययुगीन, विशेषकर राजपूताने में राजाओं के दरबारों में उनकी वीरता आदि का गुणगान करने वाली जाति को चारण कहा जाता है। मुरादाबाद सर्किट हाउस में सोमवार को पहुंचे सलमान खुर्शीद ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाकर देश को तोड़ने का काम कर रही हैं। कुछ लोगों ने यहां तक कह दिया कि दूसरे देश चले जाओ, यह देश की मानसिकता को खंडित करने की कोशिश है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में व्यापक रूप से न आने के सवाल पर खुर्शीद ने कहा, भगवान राम हर जगह नहीं जा सकते, जबकि उनकी खड़ाऊ बहुत दूर तक जाती है। उनकी खड़ाऊ लेकर हम (कांग्रेसी) चल रहे हैं। खड़ाऊ उत्तर प्रदेश आ चुकी है, तो रामजी भी आ ही जाएंगे। खुर्शीद ने कहा, राहुल गांधी एक योगी की तरह तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की क्षमता सीमित नहीं है। वह सुपर ह्यूमन हैं।

# विपक्ष के सदस्यों ने किया प्रदर्शन, शिंदे सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**महाराष्ट्र विधानसभा**

एजेंसी। नागपुर (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** में विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को विधानसभा परिसर में वरकारियों (भगवान विट्ठल के पंढरपुर स्थित मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों) की तरह पदयात्रा निकालकर प्रदर्शन किया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहने के दौरान कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार के भूमि नियमितीकरण आदेश पर उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष द्वारा हंगामा कर कार्यवाही बाधित किए जाने के बाद सोमवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया था। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पिछले हफ्ते सत्तार को एक नोटिस जारी किया था, जिन्होंने दीवानी अदालत के आदेश के विरुद्ध सार्वजनिक गायरान (पशुओं के चरने के लिए जमीन) के लिए आरक्षित भूमि के कब्जे को एक निजी व्यक्ति के पक्ष में नियमित करने का आदेश दिया था। इससे पहले, विपक्षी दलों के सदस्यों ने मुख्यमंत्री शिंदे के इस्तीफे की भी मांग की थी, जब 14 दिसंबर को उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार में मंत्री रहते हुए झुग्गी निवासियों के लिए आरक्षित जमीन को निजी व्यक्तियों को आवंटित करने के शिंदे के फैसले पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था।

इस संबंध में शिंदे ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और 22 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री द्वारा हाल में जारी किए गए नियमितीकरण के आदेश को वापस लेने की बात स्वीकारते हुए कहा कि वह इस मामले को बंद मान रहा है।

# सड़क किनारे बम विस्फोट से 10 लोगों की मौत

**डकार (सेनेगल)।** पूर्वी बुर्किना फासो में एक बस के सड़क किनारे लगे बम की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सरकार ने इसकी जानकारी दी।

कर्नल ह्यूबर्ट यामोगो ने एक बयान में बताया कि एक छोटी बस रविवार दोपहर बाउगुई गांव के पास से गुजर रही थी, तभी वह सड़क किनारे लगे एक बम की चपेट में आ गई। यमोगो ने बताया कि घायलों को फाडा एन गोरमा शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया है। सरकार क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है और लापता यात्रियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। देश में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह द्वारा की गई हिंसा में हजारों लोग मारे गए हैं और लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

### महाराष्ट्र: चिकित्सकों के संगठन ने हड़ताल पर जाने की दी धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र स्टेट एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) ने रिक्त पदों को भरने और 2018 से लंबित बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन को सोमवार को लिखे पत्र में एमएआरडी के अध्यक्ष डॉ. अविनाश दहिफले ने सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के 1,432 पद सृजित करने और 16 अक्टूबर 2018 से लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान की मांग की है।

पत्र में कहा गया है, सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के 1,432 पद सृजित करना हमारी पहली मांग है। अगर इसका प्रस्ताव राज्य सरकार के पास अब भी लंबित है, तो सरकारी कॉलेज से उत्तीर्ण रेजिडेंट चिकित्सकों के लिए अनुबंध की नीति क्यों बनाई गई? पत्र में एमएआरडी ने 16 अक्टूबर 2018 से लंबित मंहगाई भत्ते के भुगतान की मांग भी की। पत्र में कहा गया, राज्य में सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के वेतन में समानता नहीं है। राज्य को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए और वेतन में समानता लानी चाहिए। एमएआरडी ने दावा किया कि अधिकतर मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के पद खाली हैं और छात्रों पर इसका प्रभाव नहीं पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए रिक्त पदों को भरने की जरूरत है।

# एनीमिया की जागरूकता बढ़ाने को पांच राज्यों में चल रही यात्रा

एजेंसी। नई दिल्ली

**फेडरेशन** ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया महिलाओं में एनीमिया की बढ़ती घटनाओं को कम करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पांच राज्यों में यात्रा निकाल रही है।




उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 20 शहरों की यात्रा करेगी

पांच वर्ष से 67 प्रतिशत बच्चे और 59 प्रतिशत किशोर लड़कियां व 31 प्रतिशत किशोर लड़कों को एनीमिया

नारी स्वास्थ्य जन आंदोलन यात्रा-एनीमिया नेशनल राइड 28 नवंबर को ऋषिकेश से शुरू हुई और पांच राज्यों - उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 20 शहरों की यात्रा करेगी। फेडरेशन के अध्यक्ष हृषिकेश डी पाई ने कहा कि जनवरी के पहले सप्ताह में यात्रा का समापन कोलकाता में होगा। यात्रा का उद्देश्य भारतीय महिलाओं में समग्र स्वास्थ्य जागरूकता लाना है, विशेष रूप से एनीमिया की रोकथाम के बारे में। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली ने हाल ही में बच्चों (0-19 वर्ष) में एनीमिया के नियंत्रण के लिए निगरानी, निरंतरता, तीव्रता और गुणवत्ता (सी2आईक्यू) पर देश में बच्चों और किशोरों में एनीमिया के प्रबंधन को समझने के लिए एक पूरे दिन की बैठक आयोजित की। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में हर दो में से एक महिला को एनीमिया है और जो महिलाएं गर्भवती नहीं हैं उनमें इसका प्रसार 57 प्रतिशत तथा गर्भवती महिलाओं में 52 प्रतिशत है। डॉ. पाई ने कहा कि इसी तरह, इसी सर्वेक्षण से पता चलता है कि पांच वर्ष से कम उम्र के 67 प्रतिशत बच्चे और 59 प्रतिशत किशोर लड़कियां तथा 31 प्रतिशत किशोर लड़कों को एनीमिया है।

# परीक्षाओं में नकल प्लेग जैसी महामारी: दिल्ली उच्च न्यायालय

## कोर्ट ने कहा, इससे कड़ाई से निपटा जाना चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि परीक्षाओं में नकल करने की बुराई प्लेग की तरह है जो समाज और शिक्षा प्रणाली को बर्बाद कर सकती है तथा अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।




उल्लेख करते हुए कि किसी भी देश की प्रगति के लिए शिक्षा प्रणाली की शुचिता अचूक होनी चाहिए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि अनुचित साधनों का सहारा लेने वाले छात्र राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते। अदालत ने एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें अपीलकर्ता इंजीनियरिंग छात्र द्वारा दी गई परीक्षा को रद्द करने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था। यह छात्र दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पाया गया था। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, परीक्षा में नकल प्लेग की तरह है। यह एक ऐसी महामारी है जो किसी भी देश के समाज और शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर सकती है। यदि इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए या यदि नरमी दिखाई जाती है, तो इसका हानिकारक प्रभाव हो सकता है।

**किसी भी देश की प्रगति को शैक्षिक प्रणाली पर देना चाहिए जोर**

**किसी** भी देश की प्रगति के लिए शैक्षिक प्रणाली की शुचिता अचूक होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि अनुचित साधनों का सहारा लेने वाले छात्र राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते और ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। अदालत ने अपील खारिज कर दी और कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश में किसी तरह के दखल की जरूरत नहीं है।

### बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में शावक मृत मिला

**उमरिया (मप्र)।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में एक बाघ शावक मृत मिला है। वन अधिकारियों को आशंका है कि बाघ शावक अन्य बाघ के साथ लड़ाई में मारा गया है। बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के क्षेत्र संचालक राजीव मिश्रा ने बताया कि गश्ती दल को सोमवार को खितौली परिक्षेत्र के गढ़पुरी बीट में यह बाघ शावक मृत अवस्था में मिला। वह करीब 15 महीने का था। घटनास्थल पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इस बाघ शावक की मौत अन्य बाघ के साथ हुई आपसी लड़ाई में हुई है।

# जापान के पीएम ने दो महीने के भीतर चौथे मंत्री को बर्खास्त किया

एजेंसी। तोक्यो



प्रधानमंत्री के इस फैसले को लेकर देश में उठ रहे हैं सवाल

**जापान** के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने घोटाले के आरोपों से जूझ रहे अपने मंत्रिमंडल की साख में सुधार के प्रयासों के तहत पिछले दो महीने के भीतर मंगलवार को अपने चौथे मंत्री को बर्खास्त कर दिया।

घोटाले संबंधी आरोपों के कारण मंत्रिमंडल का चयन करने के किशिदा के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। फुकुशिमा और अन्य आपदा प्रभावित इलाकों के पुनर्निर्माण के प्रभारी मंत्री केन्या अकीबा पर राजनीतिक एवं चुनावी कोष के दुरुपयोग के आरोप लगे हैं। अकीबा ने किशिदा से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने बड़ा फैसला किया है और अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने दोहराया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। किशिदा ने अकीबा का प्रभार पूर्व पुनर्निर्माण मंत्री हिरोमिची वातनाबे को सौंपा है। वातनाबे की नियुक्ति को बाद में आधिकारिक रूप प्रदान किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि अकीबा पर लगे आरोपों के कारण अहम बजट विधेयक पर आगामी संसदीय कार्य में बाधा उत्पन्न होने की आशंका के मद्देनजर उन्हें बर्खास्त किया गया।

### केरल के सीएम ने मोदी से की मुलाकात

**दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बैठक की तस्वीरें साझा की हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब दक्षिणी राज्य के वन्य हिस्सों के नजदीक स्थित इलाकों के किसान और निवासी उन स्थानों पर एक किलोमीटर का पर्यावरणीय संवेदनशील क्षेत्र (इको-सेंसेटिव जोन) बनाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बैठक की तस्वीरों के अलावा और कोई जानकारी नहीं दी है।

# यूक्रेन के विदेश मंत्री ने रूस के साथ शांति वार्ता की इच्छा जताई

एजेंसी। कीव

**यूक्रेन** के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने कहा कि उनका देश युद्ध खत्म करने के लिए शांति शिखर वार्ता करना चाहता है लेकिन उन्हें रूस के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। कहा कि उनकी सरकार दो महीने के भीतर शांति शिखर वार्ता चाहती है जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस मध्यस्थ होंगे। उनके इस बयान पर संयुक्त राष्ट्र ने बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है।



संयुक्त राष्ट्र के सहायक प्रवक्ता फ्लोरेंसिया सोतो निनो-मार्टिनेज ने सोमवार को कहा, जैसा कि महासचिव ने पहले भी कई बार कहा है, वह तभी मध्यस्थता कर सकते हैं जब सभी पक्ष ऐसा चाहेंगे। कुलेबा ने कहा कि उनका देश रूस से सीधी बातचीत करने से पहले चाहता है कि मॉस्को युद्ध अपराध न्यायाधिकरण का सामना करे। बहरहाल, उन्होंने कहा कि अन्य देश रूस से बातचीत कर सकते हैं जैसे कि तुर्किए और रूस के बीच अनाज समझौते से पहले हुआ था। इस साक्षात्कार से यूक्रेन की इस दूरदृष्टि का पता चल सकता है कि रूस के साथ युद्ध कैसे खत्म हो सकता है। हालांकि, कोई भी शांति वार्ता होने में महीनों लगेंगे।

# मस्तिष्क की एक दुर्लभ बीमारी की दवा खोज रहे अनुसंधानकर्ता

## आईआईटी सहित अन्य संस्थानों के विशेषज्ञ दुर्लभ आनुवंशिक जीएनबी-1 इन्सेफेलोपैथी पर कर रहे अध्यन

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास, तेल अवीव विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता मस्तिष्क की दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी जीएनबी। इन्सेफेलोपैथी का अध्ययन कर रहे हैं और इसके प्रभावी उपचार के लिए औषधि विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं।

दुनियाभर में इस बीमारी के 100 भी कम दर्ज मामले हैं। जीएनबी-1 इन्सेफेलोपैथी एक प्रकार की मस्तिष्क की बीमारी या तंत्रिका संबंधी विकार है जो गर्भावस्था में ही हो जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शारीरिक और मानसिक विकास में देरी, बौद्धिक अक्षमता तथा बार-बार मिर्गी के दौरे आना इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों में शामिल हैं और चूंकि जीनोम अनुक्रमण एक महंगी प्रक्रिया है तो बहुत से माता-पिता जल्दी से यह जांच नहीं कराते हैं। आईआईटी मद्रास में पूर्व पीएचडी शोधार्थी हरिता रेड्डी ने कहा कि एक जी-प्रोटीन बनाने वाले जीएनबी-1 जीन में एकल न्यूक्लोटाइड उत्परिवर्तन इस बीमारी का कारण है। रेड्डी इजराइल में अध्ययन कर रही हैं। उन्होंने कहा, यह उत्परिवर्तन मरीज पर तब से ही असर डालता है जब वह भ्रूण अवस्था में होता है। जीएनबी-1 उत्परिवर्तन के साथ पैदा होने वाले बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास देरी से होता है, उन्हें मिर्गी (असामान्य मस्तिष्क गतिविधि) के दौरे पड़ते हैं। अभी तक दुनियाभर में इसके 100 से भी कम मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि, प्रभावित बच्चों की संख्या कहीं ज्यादा हो सकती है क्योंकि जटिल और बहुत महंगी प्रक्रिया होने के कारण इसकी जांच व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं है। जीएनबी-1 जीन में उत्परिवर्तन से मनौवैज्ञानिक विकार (जीएनबी-1 इन्सेफेलोपैथी) होता है। आईआईटी मद्रास में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर अमल कांति बेरा ने कहा कि चूंकि जीएनबी-1 इन्सेफेलोपैथी एक दुर्लभ और कम जानी-पहचानी बीमारी है तो इस पर बहुत ज्यादा अनुसंधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, हम उन प्रक्रियाओं के बारे में नहीं जानते जिनसे यह बीमारी कम होती है। हम नहीं जानते कि इस बीमारी का इलाज कैसे किया जाता है, इसलिए जीएनबी-1 इन्सेफेलोपैथी पर अनुसंधान करना महत्वपूर्ण है। हमें लंबा सफर तय करना है।

### विश्वभर में इस बीमारी के करीब सौ मामले



### मॉडल विकसित करने में लगेंगे तीन साल

**इस** बीमारी का प्रभावी उपचार करने के लिए दवा विकसित करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि तीन साल में हम बीमारी के मॉडल विकसित कर पाएंगे जो अनुसंधान तथा दवा की स्क्रीनिंग में उपयोगी होंगे।

### मां की कोख से ही शुरू हो जाती है ये बीमारी

**तेल** अवीव विव में प्रोफेसर नाथन दास्कल ने कहा कि चूंकि विकासात्मक समस्याएं भ्रूण स्तर पर ही शुरू हो जाती हैं तो उत्परिवर्तन के असर को कम करने के लिए जीन थेरेपी सबसे उपयुक्त विकल्प है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इस जटिल प्रक्रिया के विकास में कई वर्ष और काफी पैसा लगेगा। इस अनुसंधान को इजराइल साइंस फाउंडेशन (आईएसएफ) और भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा दिया गया भारत-इजराइल द्विराष्ट्रीय अनुदान प्राप्त है।

# कोरोना की तैयारियों को लेकर हुआ मॉकड्रिल

## ज्वॉइंट डायरेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा, कुछ कर्मचारी बिना मास्क पहने नजर आए

**पीएनएस।** नोएडा/गाजियाबाद



**नोएडा** और गाजियाबाद में कोविड से लड़ने को अस्पताल कितने तैयार हैं, इसको लेकर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में मॉकड्रिल की गई। लखनऊ से आए स्वास्थ्य विभाग के ज्वॉइंट डायरेक्टर डॉ विकास सिंघल ने जिले में कोविड की तैयारियों को परखा। इस दौरान ज्वॉइंट डायरेक्टर और सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने जिला अस्पताल में मॉकड्रिल की।
सबसे पहले ऑक्सीजन प्लांट को चलाकर देखा गया और ऑक्सीजन का प्रेशर चेक किया गया। इसके बाद वार्ड, ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर, वेंटीलेटर, कोरोना मरीज के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं, उपकरणों की उपलब्धता, ऑक्सीजन मास्क, पीपीई किट आदि की उपलब्धता परखी गई। मॉकड्रिल के उपरांत शासन को रिपोर्ट सौंपी जाएंगी। वर्तमान में गाजियाबाद में पांच सक्रिय मरीज हैं जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल कोरोना को लेकर जिले में स्थिति सामान्य है। कोविड मेडिसिन किट तैयार कराई जा रही हैं और कोविड हेल्प डेस्क की भी संख्या बढ़ाई जा रही है। संयुक्त अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल, संतोष अस्पताल, ईएसआईसी, डासना, मोदीनगर, मुरादनगर व लोनी सीएचसी पर भी मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता, सीएमएस डॉ विनोद चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

मॉकड्रिल के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आईं जिसने मॉकड्रिल की गंभीरता को लेकर सवाल खड़े कर दिए। लोनी सीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों ने पीपीई किट पहनकर ड्रिल की, लेकिन जिला संयुक्त अस्पताल में मॉकड्रिल में शामिल कर्मचारी बिना मास्क के नजर आए। जबकि यहां खुद ज्वॉइंट डायरेक्टर, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दवाओं की उपलब्धता में भी कुछ कमी दिखाई दी तो वहीं वार्ड में वेंटीलेंटर चलाने के लिए एक ही व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं दिखा। अन्य सीएचसी पर भी ऑक्सीजन प्लांट चलाकर तो देखे गए, लेकिन उनका प्रेशर जांच के कोई इंतजाम दिखाई नहीं दिए।

**होटल में हत्या करने वाले प्रेमी का कबूलनामा**

# पुलिस से बोला, दो बीवी छोड़कर चली गई अब ये भी जाने की लगातार कर रही थी जिद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के होटल में प्रेमिका की हत्या करने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में प्रेमी ने बताया कि दो बीवी उसे छोड़कर जा चुकी हैं। अब प्रेमिका भी जाने की जिद कर रही थी। उसको बहुत समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। गुस्से में गला दबाकर हत्या कर दी। रातभर लाश के पास बैठा रहा। कुछ समझ नहीं आ रहा था। सुबह होने पर पैसे निकालने के बहाने भाग गया।



गाजियाबाद के कस्बा मुरादनगर में कॉलेज के सामने होटल रीयल रेजिडेंसी है। इसके एक कमरे में सोमवार दोपहर एक बजे 44 साल की रचना का शव पड़ा मिला। रचना बागपत जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवाड़ा की रहने वाली थी। पता चला कि वो अपने 35 साल के प्रेमी गौतम सिंह के साथ रविवार रात 9 बजे इस होटल में आई थी। गौतम सिंह गाजियाबाद में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव अमराला का रहने वाला है। रविवार रात में ही गौतम ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। रुपए निकालकर लाने की बात कहकर होटल से फरार हो गया। मुरादनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने आरोपी गौतम सिंह को अरेस्ट कर इस पूरे केस का खुलासा कर दिया। मेरा नाम गौतम सिंह है। मैं कारपेंटर हूं। पहले दो शादियां कर चुका हूं, लेकिन दोनों बीवियां मुझसे झगड़ा कर छोड़कर चली गईं। दोनों में से कोई भी मेरे साथ अब नहीं रहती हैं। वो मुझसे बात भी नहीं करती हैं। 4 महीने पहले मैं वॉट्सएप ग्रुप के जरिए रचना से मिला। ये ग्रुप बागपत के स्वयं सहायता समूह का था। इसमें रचना काम करती थी। हम दोनों की बातचीत शुरू हो गई।

अक्सर मिलने.जुलने लगे। 24 दिसंबर को रचना अपने घर से ड्यूटी पर जाने के लिए कहकर निकली। लेकिन मैंने उसे फोन करके मेरठ बुला लिया। पहले हम एक परिचित के यहां रुके। इसके बाद 25 दिसंबर को हम दोनों कस्बा मुरादनगर आ गए। यहां होटल में कमरा लिया। गौतम सिंह ने बताया रचना के मोबाइल पर उसके घरवालों की लगातार कॉल आ रही थी। उसके घरवाले परेशान हो रहे थे। रात के करीब 3 बज रहे थे। रचना अपने घर जाने की जिद करने लगी, लेकिन मैं नहीं चाहता था कि रचना घर जाए।

# तेंदुआ देखे जाने के दावों से ग्रेनो की सोसाइटी में दहशत, वन विभाग ने शुरू की तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा की एक सोसाइटी में मंगलवार को तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ लोगों ने इलाके में एक तेंदुए को देखे जाने का दावा करते हुए लोगों को सतर्क किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वन विभाग ने तलाश शुरू कर दी है।

अधिकारी ने कहा, हालांकि तलाशी में अब तक कुछ नहीं मिला है और यह एक अफवाह प्रतीत होती है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें सुबह करीब 10 बजकर



10 मिनट पर ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में एक तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिली। सुबह साढ़े 10 बजे तक हमारी टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए की तलाश शुरू की। श्रीवास्तव ने कहा, हमारी अब तक की खोज और जांच के आधार पर यह एक अफवाह प्रतीत होती है। फिर भी, हमारी टीम काम में जुटी है। अजनारा ले गार्डन ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के सुरक्षा गार्डों ने इलाके में तेंदुए जैसे पशु के देखे जाने के बारे में निवासियों को सचेत किया और कहा कि क्षेत्र में कुछ लोगों ने तेंदुए जैसे पशु के देखे जाने का दावा किया है इसलिए निवासियों से आग्रह है कि वे बाहर निकलते समय सावधान रहें। सोसाइटी में दहशत का माहौल है। सोसाइटी के निवासी मुकेश गुप्ता ने बताया, अभी वन विभाग का तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा, हमें इस बारे में सोसाइटी के रखरखाव विभाग से एक नोटिस मिला। नोटिस में यह भी सुझाव दिया कि हम बाहर निकलते समय सावधानी बरतें।

## प्रोन्नति पाकर 232 दरोगा बने निरीक्षक

**गाजियाबाद।** शासन ने पुलिस महकमे में तैनात 232 उप-निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत कर दिया। सूत्रों के अनुसार इस संदर्भ में डीजीपी ने आदेश जारी कर दिये हैं।

गाजियाबाद कमिश्नरेट में जिन दरोगाओं का प्रमोशन निरीक्षक के पद पर हुआ है उनके नाम शिवशरण लाल त्रिवेदी, मनोज कुमार, महेश कुमार शर्मा, लोकेंद्र कुमार शर्मा, इशहाक अहमद और रामदास यादव आदि हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में तैनात आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने रैंक प्रतीक लगाकर शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।



पुलिस कमिश्नरेट में तैनात आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को रैंक प्रतीक लगाकर शुभकामनाएं देतीं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

## संक्षिप्त समाचार



लेबर चौक पर अवैध रूप से खड़े वाहन का कटा चालान।

### विधायक बोले, मांस खाने वाले को टिकट नहीं मिलेगा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में लोनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगर निकाय चुनाव में टिकट को लेकर अजीबो.गरीब बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मदिरापान करने वाले या मांस खाने वाले किसी व्यक्ति को लोनी नगर पंचायत से टिकट नहीं दिया जाएगा। संस्कृत वाटिका आवासीय कल्याण समिति की तरफ से वेदविहार लोनी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि विधायक नंदकिशोर गुर्जर शामिल हुए। विधायक ने कहा जनता के लोगों से मेरा निवेदन है कि वो नाराज न हों शराब को छोड़ दें, ये समाज का नाश करती है। लेकिन जनता पर प्रतिबंध नहीं है, क्योंकि जनता मालिक है।

### यूपी पुलिस का परचम फहराने वाली प्रियंका सम्मानित

**नोएडा।** ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में टेबल टेनिस में दो गोल्ड मेडल सहित 03 मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने वाली कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त महिला कांस्टेबल प्रियंका अरोड़ा को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उनको 25000 का इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने वाली महिला कांस्टेबल प्रियंका अरोड़ा को पुलिस मुख्यालय सूरजपुर पर सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर द्वारा उनकी प्रतिभा को सराहते हुए उन्हें 25000 के इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया एवं उन्हे भविष्य में और अधिक कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला चुनाव संपन्न

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद का जनपदीय निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जनपद हापुड़ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी सुबोध गुप्ता ने प्रात 10.00 बजे से 12.00 बजे तक नामांकन पत्र प्रविष्ट करने का समय निर्धारित किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शरद कुमार बाजपेयी, मंत्री पद पर रवीश कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर प्रधानाचार्य प्रेम सिंह के ही नामांकन पत्र प्राप्त हुए। तीनों पदों पर अन्य कोई नामांकन पत्र नहीं प्राप्त होने पर चुनाव अधिकारी ने उपस्थित जिला प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से उक्त पूर्व पदाधिकारियों को पुन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

### किसान नेता के घर में चोरी का प्रयास

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-3 पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये लोग घरों वा पीजी में घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। हाल ही में इन लोगों ने भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा के घर में घुसकर लूटपाट का प्रयास किया था। जिसके बाद किसानों ने थाना फेज.3 में मुकदमा दर्ज कराया था। एडीसीपी साद मिया खान ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान फरदीन, अरबाज व अब्दुल रहमान निवासी भजनपुरा दिल्ली हुई है। इन तीनों को सेक्टर.70 पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चोरी के 03 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एडीसीपी ने बताया कि ये तीनों चोरी करने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को सुखवीर खलीफा के घर में घुसे थे। पीछा करने पर ये लोग वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि ये बदमाश गाजियाबाद, नोएडा के पीजी एवं घरों में चोरी करते थे। इनमें से फरदीन मोटरसाइकिल को स्टार्ट कर पीजी या घरों के बाहर खड़ा रहता था। और अरबाज व अब्दुल रहमान पीजी या घरों में जाकर लैपटॉप, मोबाइल वगैरह सामान चोरी करता था। इन लोगों ने 12 दिसंबर को बहलोलपुर में पीजी से मोबाइल चोरी करना भी स्वीकार किया है। जिसके संबन्ध में थाना सेक्टर.63 में मुकदमा दर्ज है।

# जज की कार से हुई दुर्घटना के मामले में छात्र गिरफ्तार

- बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय की हुई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर जिले के सेक्टर 113 थाना क्षेत्र में न्यायाधीश स्टिकर वाली एक तेज रफ्तार कार से एक मोटरसाइकिल को टक्कर लगने से हुई एक डिलीवरी ब्वॉय की मौत के मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय एक विधि छात्र को गिरफ्तार किया है।

नोएडा पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के समय उस कार में दो और विधि विद्यार्थी सवार थे जो फरार हो गए। उनके अनुसार तीनों ही एक परिवार न्यायालय के न्यायाधीश के बेटे के मित्र थे और उन्होंने



गाजियाबाद जाने के लिए उससे कार ली थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद प्रजापति ने बताया कि पिछली रात करीब डेढ़ बजे जब जोमैटो का डिलीवरी ब्वॉय परविंदर परथला गोल चक्कर के पास था टोयोटो कोरोला कार ने उसे टक्कर मार दी। उनके अनुसार परमविंदर को बिसरख के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। नोएडा पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, कार के चालक सुयश मिश्रा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। लापरवाही से चलाई जा रही कार ने डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार सुयश मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले का निवासी है। पुलिस के अनुसार न्यायाधीश मंजीत सिंह श्योराण के बेटे वैभव श्योराण ने बिसरख थाना में मामला दर्ज करवाया था कि उसके दोस्त शिवाजी, रूबेल, शिवांग गुप्ता, सुयश मिश्रा आदि उसकी कार उससे बिना पूछे ले गए थे।

# नौकरानी को घर में किया कैद, बर्तन न धोने पर मैम साहब ने डंडों से पीटा

- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा** के एक हाईराइज सोसाइटी में 6 महीने से काम कर रही युवती से उसकी मालकिन ने मारपीट की है। मारपीट के वजह से लड़की के शरीर पर कई निशान बने हुए हैं।

लड़की ने मालकिन पर जबरदस्ती घर में बंधक बनाकर काम करवाने का आरोप लगाया है। नौकरानी ने कई बार घर से भागने की कोशिश की लेकिन हर बारी मालकिन उसको पकड़ लेती थी। नौकरानी और मालकिन का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें घर की मालकिन लड़की को जबरदस्ती खींच कर ले जा रही है।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला थाना फेस 3 के सेक्टर-120 क्लियो काउंटी सोसाइटी का है। जहां का वीडियो एक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोसाइटी के लिफ्ट का है।

## पुलिस ने वकील से हुई लूट का किया पर्दाफाश

**नोएडा।** अधिवक्ता से हुई लूट का ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल और 30600 की नकदी बरामद की है।

फिलहाल इनका एक साथी अभी भी फरार है। दरअसल, 10 दिसंबर को सूरजपुर थाना क्षेत्र की सोनिया विहार सोसाइटी के सामने एक वकील से अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान बदमाश अधिवक्ता से 90 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए थे।

# गौतमबुद्ध नगर में मिली बच्ची के सेहत में सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में झाड़ियों में मिली बच्ची की हालत अब पहले से बेहतर है। नवजात बच्ची का इलाज राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहा है। बच्चे के उपचार को लेकर जिम्स की तरफ से जानकारी दी।

गौरतलब है कि नवजात बच्ची को एसएचओ की पत्नी ने दूध पिलाकर बचाया था, जिसको लेकर उनकी जमकर प्रशंसा भी हो रही है। दरअसल, 20 दिसंबर को नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में शारदा हॉस्पिटल के पास एक नवजात बच्ची झाड़ियों में पड़ी हुई मिली थी। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार और उनकी पत्नी के द्वारा बच्ची की देखभाल की गई।

थाना प्रभारी की पत्नी प्रीति सिंह ने बच्ची को दूध पिलाया और फिर ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिम्स अस्पताल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान में नवजात बच्ची का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा पहले बच्ची को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की लाश मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- आरोप, दो पतियों को छोड़कर महिला तीसरे पति के साथ रह रही थी धर्म परिवर्तन कर की थी शादी

गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में घर में मृत मिली भव्या शर्मा की मौत का राज अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही खुलेगा। पता चला है कि 2 पतियों को छोड़ने के बाद भव्या तीसरे पति संग रह रही थी। पहले वो मुस्लिम थी, लेकिन हिन्दू से शादी करने की वजह से धर्म बदलना पड़ा। उनकी मौत किन हालात में हुई और कैसे हुई, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

विजयनगर इलाके की कांशीराम कॉलोनी के एक मकान में 36 वर्षीय भव्या शर्मा मृत मिली। भव्या आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई चेन से जुड़ी थी। इस सिलसिले में अक्सर दूसरे शहरों में उसका आना.जाना होता रहता था। पति विनोद शर्मा के अनुसार, भव्या ने रविवार रात शराब पी और फिर खाना खाकर सो गई। सोमवार सुबह वो बेड पर मृत अवस्था में पाई गई। घर पर पति विनोद शर्मा और बेटा आदिल मौजूद थे। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार है। पुलिस जांच में ये बात भी पता चली कि मृतका पहले मुस्लिम धर्म से थी। करीब 16 साल पहले उसने हिन्दू व्यक्ति से शादी की और नाम अंजलि रख लिया। इससे अंजलि उर्फ भव्या को 15 साल का बेटा है, जो पहले पति के पास रहता है। इसके बाद अंजलि ने अनीस नामक व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली। इससे उसको एक बेटा पैदा हुआ, जिसका नाम आदिल है। अनीस से भी अंजलि का तलाक हो गया। इसके बाद उसने तीसरी बार विनोद शर्मा से शादी की और अंजलि से नाम बदलकर भव्या शर्मा कर लिया।

# नोएडा के संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन की नजर

- पुलिस अधिकारियों ने संकरे रास्तों और डार्क स्पॉट का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नए साल के जश्न और आगामी त्योहारों को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त व आपराधिक गतिविधियों पर रोक के लिए ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है।

पुलिस पे ट्रोलिंग के साथ ड्रोन निगरानी से उन स्पॉट पर भी नजर रखी जा रही है जो काफी सकरें और डार्क स्पाट है। इस क्रम में नोएडा जोन के थाना फेस-1 क्षेत्र में हरौलाए थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में सेक्टर-37 व कंचनजंगा मार्केट आदि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखी गई।



इस दौरान पुलिस बल द्वारा कैमरे की सहायता से यातायात व्यवस्था व संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी की गई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी धार्मिक स्थलों, मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील जगहों पर पुलिस द्वारा लोगों की गतिविधियों की निगरानी रखी गई व संदिग्ध लोगों की तलाश की गई। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष व आगमी त्योहार मनाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने व संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने के लिए बताया गया।

# फ्लैट नहीं मिलने पर खरीदारों ने सुपरटेक के बाहर किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सपनों** का आशियाना पाने के इंतजार में 12 साल बीत गए। मगर, अभी तक न फ्लैट मिला और न ही बिल्डर, प्राधिकरण और सरकार की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया।

इससे आहत होकर आज सैकड़ों की संख्या में सुपरटेक अप कंट्री यमुना सेक्टर-17, के बायर्स ने सेक्टर-96 सुपरटेक के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान बिल्डर ग्रुप की ओर से आए प्रतिनिधियों के साथ बायर्स की बातचीत हुई। अपकंट्री बायर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सुपरटेक ने उनके साथ धोखा किया। 2011 में सुपरटेक ने अप कंट्री प्रोजेक्ट लॉन्च किया। उनको बताया कि दो से तीन साल यानी 2013, 2014 में बुनियादी सुविधाओं के साथ सभी को पजेशन मिलेगा। 2011 में करीब 5000 बायर्स ने फ्लैटों को बुक कराया।

वर्तमान में सभी बायर्स 90 प्रतिशत से ज्यादा की रकम बिल्डर को दे चुके है। यही बिल्डर ने अपने आप को बचाने के लिए जबरन लोगों को पजेशन देना शुरू किया। वर्तमान में करीब 200 परिवार ऐसे है जो फ्लैटों में रह रहे है। जिनको सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। बिजली के अस्थाई कनेक्शन दिया गया है। जिसके एवज में बिल्डर सात रुपए यूनिट के हिसाब से चार्ज वसूल रहा है। यही नहीं मेंटेनेंस भी वसूल रहा है। यहां न तो एसटीपी बना है और न बुनियादी सुविधाएं है। प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा है। कई बार बिल्डर और प्राधिकरण के दफ्तर जाकर अर्जी लगा चुके है यही नहीं प्रदेश सरकार को भी कई बार पत्र लिखा सोशल मीडिया पर भी मुहिम चलाई गई लेकिन अब हमारी समस्या का समाधान नहीं किया गया। सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। ऐसे में आज सुपरटेक के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे है।

# सर्दियों में रखें दिल को हैल्दी



**ठंड बढ़ने के साथ सिर्फ सांस संबंधी बीमारियां ही नहीं, हृदयरोग की समस्या भी चिंता का कारण बनती है ऐसे में जानिए क्या सलाह देते हैं ऐक्सपर्ट**

सर्दियों का मौसम यानी अच्छा खाना और कई सारे त्योहार, इसीलिए भारत में लोग सालभर सर्दियों की राह देखते हैं। गरम-गरम स्नैक्स और मिठाई का लुत्फ उठाने का यह मौसम सभी को प्यारा लगता है। सर्दियां अपने साथ ले कर आती हैं साल के बड़े त्योहार, मौजमस्ती, दोस्तों, परिवारजनों के साथ मनाए जाने वाले जश्न। यही मौसम होता है जब हमारे दिल की संवेदनशीलता बढ़ती है।

सर्दियों में तापमान में गिरावट का स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ सकता है खासकर दिल पर। इससे हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, फ्लू आदि का खतरा बढ़ता है। हृदय और सर्क्युलेटरी सिस्टम पर ठंडे मौसम का असर पड़ सकता है। इसके अलावा सर्दियों में लोगों की सक्रियता कम हो जाती है। आराम करने और शरीर को गरम रखने के लिए लोग घरों के भीतर ही रहना पसंद करते हैं। इस का असर यह होता है कि शरीर को जितनी कसरत की जरूरत होती है उतनी इस मौसम में नहीं हो पाती है।

तापमान में बदलाव की वजह से शरीर में फिजियोलौजिकल बदलाव होते हैं। इसीलिए सर्दियों में स्वास्थ्य के लिए सब से बड़ा जोखिम बायोलौजिकल होता है। सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम सक्रिय हो जाती है जिस की वजह से रक्तवाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। हृदय को खून की आपूर्ति कम हो जाती है, जिस से ब्लड प्रैशर बढ़ता है और हार्ट अटैक व स्ट्रोक का जोखिम भी बढ़ता है।

सर्दियों में कोरोनरी धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिस से कोरोनरी हृदय रोग के कारण सीने में होने वाला दर्द और ज्यादा बढ़ सकता है। एक तरफ शरीर के तापमान को स्थिर रखने के लिए हृदय को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है तो दूसरी ओर सर्द हवाएं हृदय की इस मेहनत को और भी कठिन बना सकती हैं क्योंकि सर्द हवाओं की वजह से शरीर की गरमी तेजी से कम होती है। यदि आप के शरीर का तापमान 95 डिग्री से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत में सर्दियां यानी कई सारे बड़े त्योहार, छुटियां, कई सारे जश्न मनाना, खूब सारा खाना और कम नींद लेना। इन सब का हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। छुट्टियां और त्योहार इमोशनल रिस्पौंसेज को बढ़ा सकते हैं। उन्हें अगर नियंत्रित नहीं किया जाए तो हृदय का तनाव बढ़ सकता है। सर्दियों के दौरान होने वाला भावनात्मक तनाव, जिसे सीजनल इफैक्टिव डिसऔर्डर भी कहते हैं स्ट्रैस हारमोंस के लैवल्स को बढ़ा सकता है। इससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

सर्दियों में लोग शरीर में गरमी बनाए रखने के लिए घरों के भीतर रहना पसंद करते हैं। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो शरीर में सर्कुलेशन कम न हो इस के लिए घर के भीतर होते हुए भी पर्याप्त ऐक्टिविटी करते रहें। सर्दियों में जुकाम, गले में खराश और खांसी जैसी हलकी बीमारियां भी होती रहती हैं। वैसे तो ये काफी मामूली बीमारियां है, लेकिन अगर आप का हृदय पहले से दूसरी कुछ वजह से तनाव में है तो आप के लिए ये बीमारियां भी खतरनाक साबित हो सकती हैं।

## जोखिम

**पहले** से मौजूद हृदय रोग सब से स्पष्ट जोखिम कारक है। यह दर्शाता है कि व्यक्ति एक चुनौती के साथ शुरुआत कर रहा है। इसलिए सवाल यह नहीं है कि क्या हो सकता है, लेकिन क्या होने की संभावना है। किसी भी वृद्ध व्यक्ति के लिए ठंड के मौसम में गरम रहना काफी ज्यादा कठिन होता है क्योंकि डिलेड मैटाबोलिक रिएक्शन से शरीर में गरमी का चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हृदय पर रक्त पंप करने के लिए अतिरिक्त दबाव पैदा होता है। साथ ही हाई ब्लड प्रैशर, धूम्रपान, बीमारियों का पारिवारिक इतिहास, हाई कोलैस्ट्रौल, मोटापा, शराब का ज्यादा सेवन जैसे कारक सर्दियों के दौरान हार्ट अटैक की संभावना को बढ़ा सकते हैं। ठंड के मौसम का हृदय की स्थिति पर प्रभाव कुछ कारकों की वजह से कम या ज्यादा हो सकता है। उदाहरण के तौर पर धूम्रपान और शराब जैसे जोखिम कारकों के चलते सर्दियों में हार्ट अटैक का कारण बनने की संभावना अधिक होती है क्योंकि वासोकंस्ट्रिक्शन पर उन का सीधा असर पड़ता है और उस की वजह से ब्लड प्रैशर बढ़ता है। पहले से किसी बीमारी का होना या शरीर का रिकवरी स्टेज में होना यह दर्शाता है कि शरीर जितना मजबूत और शक्तिशाली होना चाहिए उतना नहीं होता है। नतीजतन उस व्यक्ति को इन्फैक्शन होने का खतरा सब से अधिक होता है। कुछ बीमारियां हृदय पर और अधिक दबाव डाल सकती हैं।

सर्दियों में अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए इन उपायों को अपनाएं शरीर को गरम रखना सब से जरूरी है। गरम या एक के ऊपर एक ज्यादा कपड़े पहनें ताकि शरीर गरम रहें और शरीर से गरमी निकल जाने को रोका जा सके। इस तरह आप अपने हृदय को अतिरिक्त काम करने से बचा सकते हैं। अगर आप को बाहर जाना है तो बाहर की ठंड और गतिविधियों के हिसाब से सही कपड़े पहनें। जब आप एक के ऊपर एक कपड़े पहनते हैं तब अगर आप का ऐक्टिविटी लैवल बढ़ जाता है तो आप ऊपर के कुछ कपड़े निकाल सकते हैं। आप को अपने शरीर को गरम रखना है, ओवरहीट नहीं करना है। अगर पसीना आ रहा है तो ऊपर के 1-2 कपड़े निकाल कर आप शरीर को थोड़ा ठंडा भी कर सकते हैं।

अपने आप को शारीरिक रूप से सक्रिय बनाए रखें। हर समय घर के बाहर जा कर ही कसरत करना जरूरी नहीं है। तापमान अगर ठंडा है तो सुबह जल्दी घर से बाहर निकल कर ऐक्सरसाइज न करें। अगर बाहर निकल सकते हैं तो स्ट्रैचेस या दौड़ने जैसी हलकी ऐक्सरसाइज की जा सकती है। लाइट ऐरोबिक्स, योगा, होम वर्कआउट्स, नाचना या मैडिटेशन जैसी गतिविधियां आप घर पर भी कर सकते हैं।

## नियमित व्यायाम करें

**नियमित** कसरत से आप का शरीर गरम रहता है तो आप को फिट रहने में मदद मिलती है। कसरत करते समय अपने टारगेट हार्ट रेट तक पहुंचने का प्रयास करें। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हर दिन कम से कम 30 मिनट, हफ्ते में पांच दिन ऐरोबिक ऐक्सरसाइज करना जरूरी है।

सर्दियों में कंफर्ट फूड खाने के लिए जी ललचाना स्वाभाविक बात है, लेकिन खाने के मामले में संतुलन रखना सब से जरूरी होता है। सर्दियों में बनने वाले तरहतरह के व्यंजनों का स्वाद चखना चाहिए, लेकिन शरीर को स्वस्थ रखना है तो न्यूट्रिएंट्स आवश्यक होते हैं।

फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले विटामिन और मिनरल शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखते हैं। तला हुआ, फैटी, मीठा और हाई कोलस्ट्रौल वाला खाना खाने से बचें क्योंकि इस से हृदय की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। सर्दियों में अकसर हाई कोलस्ट्रौल वाला खाना खाया जाता है, जिस से हृदय के स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ सकता है, इसलिए संतुलित आहार लेना आवश्यक है।

## कड़ी निगरानी रखें

छोटे दिन और लंबी रातें, घर के भीतर ज्यादा समय बिताना इन की वजह से आप उदास या अशांत महसूस कर सकते हैं। सूरज की रोशनी न होने से कई लोगों को पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिल पाता है। इस से डिप्रेशन बढ़ सकता है। योगा और मैडिटेशन के साथसाथ सक्रिय रहना, दोस्तों और परिवार के संपर्क में रहना जरूरी है जिस से आप बेहतर महसूस कर सकते हैं।

तनाव बहुत ज्यादा बढ़ने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य में बाधा आ सकती है खासकर सर्दियों में तनाव प्रबंधन जरूरी होता है। स्ट्रैस हारमोंस ब्लड प्रैशर को बढ़ा कर प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं। ब्लड शुगर, ब्लड प्रैशर, किडनी और स्वास्थ्य की दूसरी समस्याओं पर कड़ी निगरानी रखें।

इन स्थितियों पर ध्यान नहीं रखा गया तो हृदय के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। बहुत ज्यादा थका देने वाले काम न करें और अगर आप पहले से हार्ट के मरीज हैं तो कोई भी वजनदार और कठोर काम न करें। काम करते हुए बीच में छोटे ब्रेक लें। अचानक कोल्ड स्ट्रोक्स को टालने के लिए हार्ट के मरीजों को सर्दियों में घर के भीतर ही रहना चाहिए। बहुत ज्यादा शराब पीना, स्मोकिंग और किसी भी तरीके से तंबाकू के सेवन से बचें क्योंकि इस से हृदय की स्थिति और ज्यादा बिगड़ सकती है।

## पर्याप्त आराम जरूरी

**अच्छे** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त आराम करना जरूरी होता है। हृदय की बीमारियां, हाई ब्लड प्रैशर, डायबिटीज और स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं नींद पूरी न होने के कारण पैदा होती हैं। किसी भी वयस्क व्यक्ति के लिए हर रात को सात से नौ घंटे सोना आवश्यक होता है।

अगर आप का नाइट रूटीन नियमित है तो आप को बेहतर नींद आ सकती है। नाइट रूटीन बैठाने के लिए आप को कुछ छोटी एड्जस्टमैंट्स करनी पड़ सकती हैं, जिस से आप शांत नींद की आदत डाल सकते हैं।

## सेहत का खास खयाल

**कार्डिएक** समस्याओं के लक्षणों को समझना सर्दियों में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। कई बार हार्ट अटैक वार्निंग इंडिकेटर अचानक पैदा होते हैं, सीने में बहुत ज्यादा जलन, परेशानी, बहुत ज्यादा पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ, जबड़े, बांहों या कंधों में लंबे समय तक दर्द आदि हार्ट अटैक के वार्निंग इंडिकेटर हैं।

हालांकि पुरुषों और महिलाओं में ये लक्षण अलगअलग हो सकते हैं। पुरुषों को कभी-कभी बेचैनी या चक्क र आने की शिकायत हो सकती है, लेकिन महिलाओं में असामान्य लक्षण पैदा होने की संभावना काफी अधिक होती है, जिस के कारण वे कभी-कभी चेतावनियों को अनदेखा कर सकती हैं।

ठंड का मौसम शरीर और मन दोनों के लिए काफी मुसीबत भरा हो सकता है। अगले कुछ महीनों में अपनी सेहत का खास ध्यान रखें। ठंडा तापमान हृदय के लिए कठिन हो सकता है, लेकिन स्वस्थ जीवनशैली अपना कर आप इस मौसम का लुत्फ उठा सकते हैं।

किसी भी लक्षण को अनदेखा न करें बल्कि तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। कार्डियक लक्षणों को सम ?ाने और उन के इलाज में थोड़ी सी भी देरी न केवल समस्या की जटिलता को बढ़ा सकती है वरन जानलेवा भी हो सकती है।

**-डॉ. नीलेश गौतम**
कंसल्टैंट, इंटरवेंशनल कार्डियोलौजी, पीडी हिंदुजा हॉस्पिटल ऐंड रिसर्च सैंटर, खार।

---

# इस ठंड बचें जानलेवा बीमारियों से

**सर्दी में होने वाली बीमारियों के लगातार बढ़ने और पनपने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है सही समय पर सही इलाज**

**दिसंबर** का महीना आते ही पूरे उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। इसके साथ ही आ गई हैं कई तरह की बीमारियां भी। सर्दियां आते ही जुकाम, खांसी और बुखार के अलावा अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर और ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की तादाद भी बढ़ने लगी हैं। खासकर दिल के मरीजों की संख्या में तो करीब 25 फीसदी तक इजाफा हुआ है।

डॉक्टर्स का कहना है कि सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी की जरूरत है। डॉक्टर्स की मानें तो सर्दी में स्वस्थ बने रहने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि सर्दी में होने वाली बीमारियों के लगातार बढ़ने और पनपने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है सही समय पर सही इलाज। सर्दी के मौसम में शरीर को जितना बचकर चलेंगी, उतना ही आप बिमारियों से दूर रहेंगी।



## सर्दियों में होने वाली बीमारियां

**इस** मौसम में लकवे की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि सर्दी में खून की नलियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे खून का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। इससे हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों में लकवे का खतरा बढ़ जाता है।

## ऐसे रखें अपना ध्यान

**हृदय** रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ। राकेश वर्मा ने बताया दिल और ब्लड प्रेशर के मरीज सुबह एकदम से ठंड में बाहर न जाएं। बिस्तर से उठने से पहले गर्म कपड़े पहनें और थोड़ा एक्सरसाइज करते हुए उठें। सर्दी के मौसम में सिर, हाथ पैर को पूरी तरह से ढंक कर चलें, ताकि सर्द हवाएं आपके शरीर के भीतर न जा सकें।

इससे बचने के लिए समय-समय पर ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहना जरूरी है। अस्थमा के मरीजों को भी विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ठंड के चलते अस्थमा के मरीजों में दौरे पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे मरीज अपनी दवाएं और इन्हेलर हमेशा अपने साथ रखें। ठंड के चलते धमनियां के सिकुड़ने से हार्ट अटैक का भी खतरा बना रहता है।

इन छोटे-छोटे उपायों को अपनाकर आप दिल की बीमारियों, अस्थमा और हाई ब्लड प्रेशर से होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं।

---

# जाने मेनोपॉज के दौरान कैसे अपनी त्वचा का बचाव कर सकते हैं आप ?

**मेनोपॉज** बढ़ती उम्र में जीवन का एक हिस्सा है। यह महिलाओं के शारीरिक, जातीय और सामाजिक पहलुओं को जोड़ता है। दुनिया में हर जगह जब महिलाओं की उम्र आधी हो जाती है तो वे अनियमित पीरियड्स या मेनोपॉज का अनुभव करती हैं। इन सब चीजों में डॉक्टरी मदद से कुछ राहत मिल जाती है। ईस बारे में बता रहे हैं-एलाइव वेलनेस क्लीनिक के मुख्य त्वचा रोग विशेषज्ञ और डायरेक्टर डॉ चिरंजीव छाबरा।

मेनोपॉज प्राकृतिक रूप से होने वाली एक 'बायोलॉजिकल' प्रक्रिया है। मेनोपॉज तब होता है जब ओवरीज (अंडाशय) हार्मोन का उत्पादन ज्यादा मात्रा में करना बंद कर देती हैं। ओवरीज टेस्टोस्टेरोन के अलावा वे फीमेल हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का उत्पादन करते हैं। जब पीरियड्स आते हैं तो एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन उसमे मुख्य भूमिका निभाते हैं। जिस तरह से आपका शरीर कैल्शियम का इस्तेमाल करता है या ब्लड कोलेस्ट्राल लेवल को संतुलित करता है उसी के हिसाब से एस्ट्रोजन का उत्पादन भी प्रभावित होता है।

जब मेनोपॉज होता है तो ओवरी से फेलोपियन ट्यूब में अंडे रिलीज होना बंद हो जाते हैं और महिला तब अपने आखिरी मासिक चक्र में होती है।

**मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को होने वाली समस्याएं**

मेनोपॉज के दौरान अनियमित रूप से पीरियड्स आते हैं, उम्र से सम्बंधित त्वचा पर लक्षण दिखते हैं, धूप से त्वचा के डैमेज हो जाती है, स्किन ड्राई हो जाती है, चेहरे के बाल नज़र आते हैं, बालों का झड़ना, झुर्रियाँ, फुंसियाँ, हार्ट तेज होना, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और दर्द, सेक्स न करने की भावना होना, एकाग्रता में और याददाश्त सम्बन्धी परेशानी, वजन बढ़ना और कई तरह के मुँहासे होते हैं।



## समस्याएं

- गर्माहट का झोंका लगना (गर्मी का अचानक अहसास जो पूरे शरीर में हो)।
- रात में पसीना आना और/या ठंड लगना।
- सर्विक्स में सूखापन; सेक्स के दौरान बेचैनी होना
- पेशाब करने की बार-बार जरूरत महसूस होना
- नींद न आने की समस्या (अनिद्रा)।
- भावनात्मक बदलाव (चिड़चिड़ापन, मिजाज, हल्का डिप्रेशन)।
- मुंह, आँख और स्किन का ड्राई होना

**मेनोपॉज आने पर स्किन से सम्बंधित सावधानी**

- विटामिन D और कैल्शियम से भरपूर चीजें खाएं।
- मेनोपॉज संबंधी हार्मोनल बदलाव हड्डियों को कमजोर बना देते हैं। जिससे ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा बढ़ सकता है क्योंकि कैल्शियम और विटामिन ष्ठ की कमी हो जाती है। इसलिए अपनी डाइट में उन चीजों को शामिल करें जिसमे कैल्शियम और विटामिन डी प्रचुर मात्रा में हो।

## ट्रिगर खाद्य पदार्थ खाने से बचें

कुछ खाद्य पदार्थों से गर्म झोंके आने, रात को पसीना आने और मूड स्विंग से जोड़ कर देखा जाता है। जब रात में इसका सेवन किया जाता है, तो उनके ट्रिगर होने की संभावना और भी ज्यादा हो सकती है। कैफीन, शराब और मसालेदार भोजन से बचें।

## हयालूरोनिक एसिड

जब उम्र बढ़ती है तो शरीर में हयालूरोनिक एसिड कम हो जाता है, जिस वजह यह एसिड त्वचा और ऊतकों की सुरक्षा नहीं कर पाता है। इसलिए हयालूरोनिक जैल और सीरम लगाने की जरूरत होती है। प्रोफिलो भी ऐसा ही एक इंजेक्टेबल स्किन रीमॉडेलिंग ट्रीटमेंट है। इस इलाज को तब अमल में लाया जाता है जब त्वचा को हाइड्रेटेड, जवान और स्वस्थ रखने के लिए हयालूरोनिक एसिड को सीधे त्वचा की परतों में इंजेक्ट किया जाता है। यह थेरेपी कई रूपों में आती है। इन थेरेपी में बायो रीमॉडेलर, स्किन बूस्टर, फ्रैक्शनल मेसोथेरेपी और लिप फिलर्स शामिल हैं।

## फल और सब्जियों का भरपूर सेवन करें

फलों और सब्जियों से भरपूर डाइट का सेवन करने से मेनोपॉज के कई लक्षणों को रोकने में मदद मिल सकती है। फल और सब्जियों में कम कैलोरी होती हैं। इनसे आप अपने वजन को भी संतुलित रख सकते हैं।

## रिफाइन शुगर और प्रोसेस्स्ड फूड का सेवन कम करें

रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और शुगर से ब्लड शुगर के स्पाइक्स और ड्रॉप्स बन सकते हैं। इससे व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ा महसूस कर सकता है। यह मेनोपॉज के शारीरिक और मानसिक लक्षणों को बढ़ा सकता है। हाई-रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट डाइट पोस्टमेनोपॉज़ल महिलाओं में डिप्रेशन के ख़तरे को बढ़ा सकते हैं।

## अन्य तरीके

महिलाएं इलाज के रूप में प्रोफिलो के माध्यम से हाइलूरोनिक एसिड का भी उपयोग कर सकती हैं। प्रोफिलो एक ऐसा तरीका है जिससे उम्र बढ़ने से सम्बंधित संकेतो और लक्षणों को मिटाया जा सकता है। कई महिलाएं जीवन के इस फेज में काफी खुश होती है क्योंकि उन्हें बच्चे पैदा होने की चिंता नहीं रह जाती है। इससे वे नई चीजें अपनाने में लग जाती हैं।

---

# नए साल में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें नए तरीके से, कुछ ऐसे

**कोविड-19 के बाद हर व्यक्ति के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है, आज कोई भी 10 साल पहले से किसी प्रकार की प्लानिंग नहीं कर रहा है**

**कोविड**-19 के बाद हर व्यक्ति के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है, आज कोई भी 10 साल पहले से किसी प्रकार की प्लानिंग नहीं कर रहा है, क्योंकि जिंदगी बहुत अनप्रेडिक्टेबल है, जहां पैसे और शक्ति रहने के बाद भी लोग अपने प्रियजनों को खो दिए, ऐसे में हर उम्र के लोग आज स्वास्थ्य और उसकी देखभाल को लेकर जागरूक हो चुके है। इस बारें में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूबाई अम्बानी हॉस्पिटल कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ प्रवीण कहाले कहते है कि कोविड की वजह से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ी है और ये अच्छी बात है, लेकिन कुछ बातें हर व्यक्ति को नए साल में समझने की जरूरत है, जो निम्न है।

- अपना वजन नियंत्रण में रखें, ध्यान रखें कि आपका वजन जो सही होना चाहिए वही है। इसके लिए
- आपको अतिरिक्त कैलरीज से बचना होगा और नियमित रूप से कसरत करनी होगी। लिफ्ट के बजाय
- सीढ़ियों का इस्तेमाल करने जैसे आसान उपाय आप हर दिन कर सकते हैं। बैठे रहना आपके लिए
- उतना ही हानिकारक है जितना, पैसिव स्मोकिंग है, लगातार लंबे समय तक बैठे रहने से हृदय की
- बिमारियों का खतरा बढ़ता है। जब आप बैठे रहते हैं तब आप अपने शरीर को उतना ही नुकसान
- पहुंचाते हैं जितना लकड़ी के धुएं में रहने से होता है। इसीलिए, कसरत न करने या बैठे रहने को पैसिव स्मोकिंग माना जाता है।
- पैक्ड फूड्स खाना कम या बंद करें और स्वस्थ आहार को चुनें। रोज के खाने में बहुत सारी सब्जियां होनी चाहिए, नमक और चीनी की मात्रा कम करें।
- आहार पर नियंत्रण रखने के साथ-साथ, कसरत पर भी नियंत्रण रखना जरूरी है। बहुत ज्यादा कसरत की वजह से कई बार समस्याएं खड़ी हो जाती हैं, कई बार लोग बॉडी बनाने के लिए स्टेरॉइड्स और इस तरह की दूसरी दवाइयां लेते हैं, जिससे कार्डिओवस्क्युलर यानी हृदय की बिमारियों का खतरा बढ़ता है।
- बच्चों को डिजिटल दुनिया से दूर रखिए, उन्हें खेलने, कसरत करने के लिए बढ़ावा दें। बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट और फुटबॉल जैसे आउटडोर खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे बच्चों में सहनशीलता बढ़ती है और हृदय की बिमारियों का खतरा कम होता है।
- जीवनशैली में इन महत्वपूर्ण बदलावों को लाने के अलावा अच्छी गहरी नींद लेना बेहद जरूरी है। कितनी नींद ले रहे हैं, उसके साथ-साथ नींद की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है। सोने से पहले मोबाइल उपकरणों और टेलीविजन से दूर रहें, क्योंकि यह आपके सर्केडियन रिदम को तोड़ता है या परेशान करता है, जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य अच्छा रख पाने के लिए नींद एक महत्वपूर्ण पहलू है। दोपहर के समय में छोटी झपकी ले सकते हैं, लेकिन दिन में लंबे समय तक सोने से निश्चित रूप से आपके हृदय संबंधी जोखिम बढ़ेगी। ये कुछ निवारक उपाय और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर आप अपना हृदय स्वस्थ रख सकते हैं।
- अलग-अलग उम्र के लोगों के लिए कसरत भी अलग-अलग तरह की होती हैं, जिन लोगों को जोड़ों का दर्द या अन्य समस्या होती है, वे जॉगिंग और ट्रेडमिल के बजाय तैरने और साइकिल चलाने जैसे स्थिर व्यायाम कर सकते हैं, इस तरह के उपकरण जिम और घर में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं।
- यह जरूरी नहीं है कि हाई स्पीड वाला व्यायाम करें। मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम नियमित रूप से, लगातार करके आप तनाव को दूर रख सकते हैं, ध्यान रखें कि कभी-कभी व्यायाम हानिकारक हो सकता है।
- विटामिन डी, विटामिन बी12 जैसे पोषक तत्वों की कमी की जांच कराते रहें और आयरन की कमी मानकर उसकी पूर्ति करते रहें, युवा महिलाओं के साथ-साथ वयस्क महिलाओं में भी विटामिन, आयरन की कमी बेहद आम समस्या है। कुल स्वास्थ्य को अच्छा रख पाने और विशेष रूप से हृदय के स्वास्थ्य को अच्छा रख पाने के लिए पोषण की दृष्टी से यह एक महत्वपूर्ण पहलु है।
- किसी व्यक्ति को डायबिटीज, रक्तचाप या कोलेस्ट्रॉल न हो तो भी, मोटापे और वजन ज्यादा होने से हृदय की बीमारी का खतरा 25 प्रतिशत तक बढ़ता है। डायबिटीज और मोटापा एक जानलेवा कॉम्बिनेशन है, क्योंकि मोटापे के कारण डायबिटीज की संभावना बढ़ती है और एक बार अगर मरीज को हाई शुगर हो जाता है, तो हार्ट अटैक की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान हार्ट अटैक की बहुत महत्वपूर्ण वजह होती है। सिगरेट के धुएं में जो केमिकल्स होते हैं उनसे शरीर में खून गाढ़ा हो जाता है, वाहिकाओं और शिराओं धमनियों में क्लॉट्स जमा होने लगते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है प्रोसेस्ड फूड कम खाना और नमक, चीनी की मात्रा कम रखना। उम्र बढ़ने पर कार्डियोवेस्क्युलर रिस्क को कम करने के लिए बचपन से ही कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए। शरीर को नमक और चीनी की आवश्यकता नहीं होती, यह दो चीजें आपके शरीर को नहीं, बल्कि सिर्फ जीभ को खुश रखने के लिए होती हैं। अब आपको सोचना होगा कि नए साल में आप सिर्फ जीभ को खुश रखना चाहते हैं या पूरे शरीर को?



# वॉर्नर के शतक से ऑस्ट्रेलिया को मिली बड़ी बढ़त

## दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 386 रन बनाए

### द. अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए थे



**एजेंसी। मेलबर्न**

**पिछले** कुछ समय से लचर प्रदर्शन के कारण आलोचकों के निशाने पर रहे डेविड वॉर्नर ने अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाते हुए दोहरा शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल की।

वॉर्नर ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 200 रन बनाए जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 386 रन बनाए हैं। उसकी कुल बढ़त 197 रन की हो गई है। खबर लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाए थे। स्टंप उखड़ने के समय ट्रेविस हेड 48 और एलेक्स केरी नौ रन पर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की पारी का आकर्षण वॉर्नर का दोहरा शतक रहा। उन्होंने इस बीच स्टीव स्मिथ (85) के साथ तीसरे विकेट के लिए 239 रन की साझेदारी की। स्मिथ के आउट होने के 15 मिनट बाद वॉर्नर भी पांव में ऐंठन के कारण मैदान छोड़कर चले गए। वह अपने 100वें टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले इंग्लैंड के जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले वह दुनिया के 10वें और ऑस्ट्रेलिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उनसे पहले रिकी पोंटिंग ने यह कारनामा किया था। ऑस्ट्रेलिया भले ही मजबूत स्थिति में पहुंच गया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी से पहले उसके दो तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन चोटिल हो गए हैं। ग्रीन जब छह रन पर खेल रहे थे तब एनरिक नोर्किया की गेंद उनकी उंगली पर लगी और उन्हें क्रीज छोड़नी पड़ी। बाएं हाथ के बल्लेबाज वॉर्नर ने मैदान छोड़ने से पहले अपनी पारी में 254 गेंद खेलीं तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। यह उनका कुल 25वां और जनवरी 2020 के बाद पहला शतक है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें क्रिकेटर बने वॉर्नर ने शतक जड़कर फॉर्म में भी वापसी की।

वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्रिसबेन में खेले गए पहले मैच में भी शून्य और तीन रन ही बना पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह एक विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। वॉर्नर जब 47 रन पर थे तब तेज गेंदबाज नोर्किया का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा और उन्हें चिकित्सकों की मदद लेनी पड़ी। इससे काफी समय तक खेल रुका रहा। खेल शुरू होने के दो गेंद बाद ही मार्नस लाबुशेन (14) रन आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 75 रन हो गया जिसके बाद वॉर्नर और स्मिथ ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। वॉर्नर ने 81वां रन पूरा करते ही टेस्ट क्रिकेट में 8000 रन भी पूरे किए।

### आठ हजार रन बनाने वाले 8वें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं वार्नर

**वार्नर** ने 8,000 रन पूरे कर लिए हैं। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 8वें बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सिर्फ सात ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने यह मुकाम हासिल किया है। वे घरेलू मैदानों पर पांच हजार रन बनाने वाले 5वें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने पोंटिंग, बॉर्डर और वॉ ब्रदर्स के बाद 5वें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने हैं। वे मेलबर्न में अपना 100वां टेस्ट खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ब्रायन लारा और सौरव गांगुली ने मेलबर्न में अपना 100वां टेस्ट खेला था।

# कुलदीप की जगह लेने का कोई दबाव नहीं था : उनादकट

## बोले, घरेलू क्रिकेट खेलने से मदद मिली

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**बारह** बरस में पहली बार भारत के लिए टेस्ट खेल रहे जयदेव उनादकट ने शानदार प्रदर्शन करके अपना वादा निभाया। टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए वह किस कदर तरस रहे हैं, इसकी बानगी जनवरी में देखने को मिली जब उनका एक ट्वीट वायरल हो गया था।

उन्होंने लिखा था, डियर रेड बॉल, मुझे एक मौका और दे दो प्लीज। तुम्हें फख्र होगा, ए मेरा वादा है। उनादकट ने बांग्लादेश से लौटने के बाद कहा, हर किसी को लगा कि मैं राष्ट्रीय टीम में वापसी की बात कर रहा हूं। मुझे लाल गेंद से क्रिकेट खेलने की उत्कंठा थी क्योंकि कोरोना के कारण रणजी ट्रॉफी फिर स्थगित हो गई थी। उनादकट ने आखिरी बार 2010 में टेस्ट खेला था जिस टीम में सचिन तेंदुलकर और मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी थे। उन्होंने दूसरा टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ अब खेला चूंकि मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट नहीं थे। वीजा मिलने में देरी के कारण वह पहला टेस्ट शुरू होने के बाद ही बांग्लादेश पहुंचे लेकिन दूसरे टेस्ट में उन्हें कुलदीप यादव की जगह उतारा गया। पहले टेस्ट में आठ विकेट लेने वाले कुलदीप को बाहर करने से काफी विवाद खड़ा हुआ। उन्होंने जाकिर हसन के रूप में पहला टेस्ट विकेट लिया। उन्होंने कहा, यह मेरे कैरियर की सबसे सुनहरी यादों में से एक होगा। टेस्ट विकेट लेने की कल्पना मैं हजार बार कर चुका था।

### बृजेश दमानी ने राष्ट्रीय बिलियडर्स चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता बृजेश दमानी ने इंदौर में पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के अपने साथी खिलाड़ी ध्रुव सितवाला को हराकर पहली बार राष्ट्रीय बिलियडर्स चैंपियनशिप जीती। फाइनल मैच चार गेम के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद बृजेश ने शानदार खेल दिखाया और 4-3 से बढ़त हासिल की। उन्होंने आखिर में आठवें गेम में भी दबदबा बनाए रखा और 5-3 से खिताब अपने नाम किया।

# गार्डनर महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला बनीं

## तीन स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची

**एजेंसी। दुबई**



**ऑस्ट्रेलिया** महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला एशले गार्डनर ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज, भारत की दीप्ति शर्मा और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन को पछाड़कर मंगलवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑलराउंडरों की सूची में करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग हासिल की।

भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली गार्डनर ने आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 32 गेंद में नाबाद 66 रन बनाने के बाद 20 रन देकर दो विकेट चटकाए थे। वह तीन स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची। गार्डनर (417 अंक) के बाद इस तालिका में डिवाइन (389) और दीप्ति (387) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मैथ्यूज (381) दो स्थान नीचे चौथे पायदान पर खिसक गई हैं। पच्चीस साल की यह खिलाड़ी नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रही। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ सातवें और गेंदबाजों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गई। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज दीप्ति गेंदबाजों की रैंकिंग में भी इसी स्थान (387 अंक) पर है।

पांचवें टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 34 गेंद में 53 रन की पारी खेलने वाली दीप्ति बल्लेबाजों की रैंकिंग में 29वें स्थान पर है।

### धापोला के आठ विकेट से उत्तराखंड ने हिमाचल को 49 रन पर समेटा

**देहरादून।** तेज गेंदबाज दीपक धापोला के आठ विकेट की मदद से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन हिमाचल प्रदेश को 49 रन पर समेट दिया। 32 वर्ष के धापोला ने 8.3 ओवर में 35 रन देकर आठ विकेट लिए। हिमाचल की पारी 17 ओवर में ही सिमट गई। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर उत्तराखंड ने छह विकेट पर 295 रन बना लिए थे और अब उसके पास 246 रन की बढ़त हो गई है। आदित्य तारे 91 और अभय नेगी 48 रन बनाकर खेल रहे हैं।

बागेश्वर में जन्में धापोला की गेंदबाजी पहले दिन के खेल का आकर्षण रही। चार साल पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले इस गेंदबाज का यह 15वां मैच ही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 50 रन देकर सात विकेट था। इस पर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने उनके प्रदर्शन की तारीफ करते हुए ट्वीट किया , रणजी ट्रॉफी ने समय समय पर हमारे घरेलू क्रिकेटरों को मंच देने में मदद की है। इस बार दीपक धापोला की बारी है। हिमाचल के खिलाफ आठ विकेट लेने वाले धापोला का प्रदर्शन टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन में से है।

# करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचे प्रणय

## 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**भारत** के स्टार शटलर एचएस प्रणय मंगलवार को जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। केरल का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस साल शानदार फॉर्म में रहा। उन्होंने इससे पहले 2018 मं भी आठवीं रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद वह 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे।

प्रणय ने इस साल यादगार प्रदर्शन किया। वह सात टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, दो टूर्नामेंट मे वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे जबकि स्विस ओपन में उपविजेता रहे थे। उन्होंने कोई एकल खिताब नहीं जीता लेकिन भारत की थॉमस कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए हैं।। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोटिल होने के कारण किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाने वाली पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गई है। पुरुष युगल रैंकिंग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती जोड़ी तीन पायदान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई है। महिला युगल रैंकिंग में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की जोड़ी एक पायदान आगे 17वें स्थान पर पहुंच गई है।

## संक्षिप्त-समाचार

### आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बढ़त मजबूत की



**लंदन।** आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के सबसे व्यस्ततम दिनों में से एक बॉक्सिंग डे पर दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट हैम को 3-1 से पराजित करके शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।न्यू कास्टल ने एक अन्य मैच में लीस्टर को 3-0 से हराकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है लेकिन वह आर्सेनल से सात अंक पीछे है। आर्सेनल के 15 मैचों में 40 जबकि न्यू कास्टल के 16 मैचों में 33 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर खिसक गया है। सैद बैनरहम के 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर के गोल से वेस्ट हैम ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन आर्सेनल वापसी करने में सफल रहा। उसकी तरफ से दूसरे हाफ में बुकायो साका, गेब्रियल मार्टिनेली और एडी एनकेतिया ने गोल दागे। विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में फ्रांस से हार के दौरान इंग्लैंड की तरफ से पेनल्टी चूकने वाले हैरी केन ने प्रीमियर लीग में वापसी की तथा गोल दागा। उनके इस गोल की मदद से चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहैम ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। एक अन्य मैच में लिवरपूल ने एस्टन विला को 3-1 से पराजित किया।


### 438 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की शानदार शुरुआत

**कराची।** डेवोन कोंवे और टॉम लाथम के नाबाद अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के पहली पारी के 438 रन के जवाब में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बिना किसी नुकसान के 165 रन बना लिए। खबर लिखे जाने तक कोंवे 82 और लाथम 78 रन बनाकर खेल रहे थे। बीस साल बाद पाकिस्तान का दौरा कर रही न्यूजीलैंड टीम पहली पारी में अभी भी मेजबान से 273 रन पीछे है। कोंवे ने 19 पारियों में 1000 टेस्ट रन पूरे करके जॉन एफ रीड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 57 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब पाकिस्तान ने विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर डीआरएस नहीं लिया। टीवी रिप्ले से जाहिर था कि कोंवे का बल्ला नोमान अली की गेंद पर लगा था। इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट में 17 विकेट लेने वाले अबरार अहमद की गेंदों को दोनों बल्लेबाजों ने सहजता से खेला। कोंवे ने 89 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अर्धशतक पूरा किया। लाथम ने 96 गेंद में 50 रन पूरे किए जिसमें छह चौके शामिल थे। चोटिल शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान का तेज आक्रमण बेहद कमजोर था जिसका न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने फायदा उठाया।

### द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम ने बढ़त बनाई

**प्रिटोरिया।** भारतीय महिला अंडर 19 क्रिकेट टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहले टी-20 मैच में 54 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में बढ़त बना ली। यह श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर 19 महिला टी-20 विश्व कप के लिए अहम मानी जा रही है। सलामी बल्लेबाज श्वेता सहरावत और सौम्या तिवारी ने 39 और 46 गेंदों में 40-40 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत ने पांच विकेट पर 137 रन बनाए। कप्तान शेफाली वर्मा हालांकि पहली ही गेंद पर आउट हो गई थी जिसके बाद सहरावत और तिवारी ने 74 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। सहरावत ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए जबकि तिवारी ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा। इन दोनों के अलावा विकेटकीपर रिचा घोष ने 15 और तितास संधू ने नाबाद 13 रन बनाए। कायला रेनेके और अयांडा एच ने मेजबान टीम के लिए दो-दो विकेट लिए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 83 रन ही बना सकी। मध्यम तेज गेंदबाज शबनम शकील ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका ने तीन ओवर के भीतर 10 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे और इस सदमे से टीम उबर ही नहीं सकी।

# साइना एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में शामिल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

**राष्ट्रमंडल** खेलों में दो बार की चैंपियन साइना नेहवाल को 14 से 19 फरवरी के बीच दुबई में होने वाली एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के सीनियर चयन समिति की 25 दिसंबर को वर्चुअल बैठक हुई जिसमें एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन करने के लिए ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को चुना गया।

समिति ने विश्व रैंकिंग के आधार पर एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को सीधे प्रवेश देने का फैसला किया। चौदह सदस्यीय टीम के बाकी सदस्यों का चयन नई दिल्ली में दो और तीन जनवरी को होने वाले चयन ट्रायल्स से किया जाएगा। महिला एकल में साइना के अलावा मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप को ट्रायल के लिए बुलाया गया है, जबकि पुरुष युगल में एमआर अर्जुन-ध्रुव कपिला, कृष्ण प्रसाद गर्ग-विष्णुवर्धन गौड़ पी और ईशान भटनागर-साई पाथेक के नाम शामिल हैं।

महिला युगल में दो स्थानों के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री पी गोपीचंद, सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम तथा हरिता मंझिल और आशना रॉय को ट्रायल्स के लिए चुना गया है। मिश्रित युगल में एक टीम का चयन किया जाएगा जिसके लिए ईशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो, वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन और रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को ट्रायल्स में बुलाया गया है।

### इंग्लैंड की टीम मार्च में बांग्लादेश का दौरा करेगी

**लंदन।** इंग्लैंड की पुरुष टीम 2016 के बाद पहली बार सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मार्च (2023) में बांग्लादेश का दौरा करेगी। टीम इस दौरे पर तीन एकदिवसीय मैचों और इतने ही मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी। दौरे की शुरुआत एक मार्च को एकदिवसीय श्रृंखला से होगी। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला नौ मार्च को शुरू होगी।

इसके दो अन्य मुकाबले 12 और 14 मार्च को खेले जाएंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, यह रोमांचक है कि इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम 2016 के बाद पहली बार बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। इस बहुप्रतीक्षित दौरे के लिए ढाका और चटगांव में शानदार माहौल होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के सीमित ओवरों के विशेषज्ञ बेहरडीन ने संन्यास की घोषणा की

### फैसले की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की

**एजेंसी। केपटाउन**



**दक्षिण** अफ्रीका के सीमित ओवरों के विशेषज्ञ और पूर्व टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान फरहान बेहरडीन ने मंगलवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने 59 एकदिवसीय और 38 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी की थी। बेहरडीन ने संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की।

इस हरफनमौला ने कहा कि 18 साल से अधिक समय तक खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट छोड़ने का फैसला कठिन था। इस फैसले के बारे में सोचते हुए पिछले कुछ सप्ताह उनके लिए विशेष रूप से कठिन थे। उन्होंने एकदिवसीय में 1074 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 518 रन बनाए है। घरेलू क्रिकेट में हालांकि उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। बेहरडीन ने 2004 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और 125 मैचों में 7,000 से अधिक रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 150 रन था। राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करने के लिए उन्हें आठ साल का इंतजार करना पड़ा। वह 2012, 2014 और 2016 में टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य थे। इसके साथ ही वह 2015 में एकदिवसीय विश्व कप का हिस्सा थे। बेहरडीन ने लिखा, 18 साल आए और चले गए। मैंने देश के लिए 97 मैच खेले।

# इस साल भारतीय भारोत्तोलन में मीराबाई का दबदबा रहा बरकरार

## 49 किग्रा में पहला स्थान हासिल करके भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




**मीराबाई** चानू ने विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक जीतकर वर्ष 2022 में भारतीय भारोत्तोलन में अपना दबदबा बरकरार रखा जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी। मणिपुर की रहने वाली मीराबाई ने राष्ट्रमंडल खेलों में 49 किग्रा में पहला स्थान हासिल करके भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। यहां राष्ट्रमंडल खेलों में उनका तीसरा पदक और लगातार दूसरा स्वर्ण पदक था।

उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर साल का शानदार अंत किया। इससे पहले उन्होंने 2017 में इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कुल 200 किग्रा भार उठाया। मीराबाई ने स्नैच में 87 और क्लीन एवं जर्क में 113 किग्रा भार उठाया था। क्लीन एवं जर्क वर्ग में भी उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। स्नैच में हालांकि वह इस वर्ष भी 90 किग्रा वजन नहीं उठा पाई जिसके लिए वह 2020 से ही प्रयास कर रही हैं। भारतीय भारोत्तोलकों ने इस साल जुलाई-अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी तथा कुछ रिकॉर्ड भी बनाएं। जेरेमी लालरिनुंगा ने 300 किग्रा (140 किग्रा और 160 किग्रा) भार उठाकर स्नैच और कुल वजन में राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। अचिंता श्युली ने भी 313 किग्रा (143 किग्रा और 170 किग्रा) के प्रयास से स्नैच और कुल वजन में खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलकों ने कुल 10 पदक जीते जिनमें तीन स्वर्ण, इतने ही रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। मीराबाई (49 किग्रा), जेरेमी (73 किग्रा) और अचिंता (77 किग्रा) ने जहां स्वर्ण पदक जीते, वहीं संकेत सागर (55 किग्रा), विकास ठाकुर (96 किग्रा), एस बिंदरानी (55 किग्रा) ने रजत पदक जबकि पी गुरुराजा (61 किग्रा), लवप्रीत सिंह (109 किग्रा), गुरदीप सिंह (109 किग्रा से अधिक) और हरजिंदर कौर (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

भारत राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा था लेकिन मीराबाई को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी इस लय को आगे बरकरार नहीं रख पाया। इनमें से अधिकतर ने एशियाई और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया। वर्ष 2022 में भारत को हर्षदा गरुड़ के रूप में खेल में अपना पहला जूनियर विश्व चैंपियन मिला।

### 45 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

19 वर्षीय खिलाड़ी ने वह कारनामा किया जो मीराबाई भी अपने जूनियर करियर के दौरान नहीं कर पाई थी। उन्होंने 45 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हर्षदा ने इसके बाद एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पिछले कुछ समय से डोपिंग और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मसलों से जूझ रहे भारोत्तोलन को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं किया गया है। लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने कुछ कदम उठाए हैं जिससे कि इस खेल को लॉस एंजिल्स खेलों में शामिल करने की संभावना बढ़ गई है।